Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

**डेविस कप: सिनर ने इटली को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया**

**आईपीएस रश्मि शुक्ला की महाराष्ट्र के डीजीपी पर पर वापसी, चुनाव से पहले हुआ था...**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 27 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 346 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 77,240 | ₹89,500 |

## आज का इतिहास

- **1907 :** भारत के प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद शहर में जन्म हुआ।
- **2011 :** प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय संगीतकार सुल्तान खान का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### दिसंबर में बिहार की यात्रा पर निकलेंगे तेजस्वी

**पटना (नि.सं.)।** उपचुनाव में चार सीटों पर करारी हार के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एक बार फिर बिहार की यात्रा पर निकल रहे हैं। सोमवार को विधायक दल की बैठक में उन्होंने पार्टी के विधायकों को टास्क दिया है। विधानसभा चुनाव-2025 के लिए अभी से ही पूरी तरह से एक्टिव होने को कहा है। तेजस्वी ने अपने विधायकों से कहा है कि शीतकालीन सत्र खत्म होने के बाद दिसंबर माह में फिर से यात्रा पर निकलेंगे।

प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित करते हुए संविधान की महत्ता पर दिया विशेष जोर

# संविधान के मार्गदर्शन में हो रहा है विकसित भारत का निर्माण : पीएम

**एजेंसी | नई दिल्ली**

संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित समारोह में देश को संबोधित करते हुए संविधान की महत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान और भविष्य की ओर बढ़ते भारत के लिए संविधान एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रहा है और उनकी सरकार इसी मूल भावना का पालन करते हुए विकसित भारत के निर्माण में जुटी है। इस अवसर पर उन्होंने अपने शासनकाल की प्रमुख उपलब्धियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण करना है, जो न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध हो, बल्कि हर नागरिक के जीवन में बेहतरी और सम्मान का प्रतीक भी हो। उन्होंने कहा, 'संविधान के अनुसार ही हमारे सभी प्रयास हैं



और सरकार लगातार इसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने संविधान की धारा को एक 'जीवंत धारा' बताते हुए इसे केवल कानून की किताब नहीं, बल्कि एक प्रवाहमान व्यवस्था कहा, जो देश की बदलती जरूरतों और चुनौतियों के अनुसार खुद को ढालती रहती है।

उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में चार करोड़ लोगों को पक्के मकान दिए गए हैं, जो पहले खुले आसमान के नीचे या कच्चे मकानों में जीवन बिता रहे थे। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 10 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए हैं। इसका उद्देश्य न केवल महिलाओं को धुएं से बचाना है, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करना है।

### बैंकिंग और वित्तीय समावेशन में ऐतिहासिक कदम

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में वित्तीय समावेशन की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा करते हुए बताया कि अब तक ऐसे 53 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिन्हें आजादी के बाद से बैंकिंग सुविधाओं से वंचित रखा गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता का ही नतीजा है कि हर नागरिक को आर्थिक व्यवस्था में शामिल किया गया है।

### पेयजल और स्वच्छता की दिशा में सुधार

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले पांच-छह वर्षों में 12 करोड़ से अधिक लोगों को नल से जल पहुंचाने की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद से अब तक केवल तीन करोड़ लोगों को ही नल से जल की सुविधा प्राप्त थी। इस दिशा में सरकार ने एक नई और व्यापक पहल की है ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंच सके। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने दिव्यांगों और उभयलिंगी लोगों के लिए भी विशेष प्रयास किए हैं। उन्होंने बताया कि 1.5 करोड़ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है, और 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है।

# संविधान दिवस पर रेलवे बोर्ड में भव्य आयोजन
## समर्पण और जागरूकता का संदेश

**एजेंसी | नई दिल्ली**



भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंगलवार को भारतीय रेलवे के मुख्यालय, रेलवे बोर्ड में एक भव्य संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सतीश कुमार ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया, जो देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और न्याय की प्रतीक है। इस विशेष कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के उच्चाधिकारी, रुपा श्रीनिवासन (वित्त सदस्य), रविंद्र गोयल (सदस्य, परिचालन एवं व्यवसाय विकास), नवीन गुलाटी (सदस्य, इंफ्रा), और अरुणा नायर (सचिव) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में शामिल सभी ने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और प्रतिबद्धता व्यक्त की। संविधान दिवस का उद्देश्य भारतीय नागरिकों को संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और उसके सिद्धांतों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर, सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा, "संविधान हमारे लोकतंत्र की पवित्र नींव है, जो समाज में समावेशिता, समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह हम सभी को एकजुट करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान के मूल्यों को कार्यस्थल पर भी अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे संविधान के सिद्धांतों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम के दौरान संविधान के बुनियादी सिद्धांत जैसे समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व, और सामाजिक न्याय पर गहन चर्चा की गई। संविधान दिवस के इस आयोजन के माध्यम से रेलवे बोर्ड ने अपने कर्मचारियों को संविधान के महत्व और उसकी भावना को समझने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन के साथ-साथ रेलवे मंत्रालय के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और इकाइयों में भी संविधान दिवस के अवसर पर विविध शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि हर स्तर पर संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ सके। रेलवे बोर्ड ने इस आयोजन को एक प्रमुख कदम के रूप में देखा, जो न केवल कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों से अवगत कराता है, बल्कि उन्हें एक समृद्ध और न्यायपूर्ण समाज की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है।

# बीपीएससी 69वीं का फाइनल रिजल्ट जारी, 470 कैंडिडेट पास

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग ने 69वीं संयुक्त परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में 470 कैंडिडेट पास हुए हैं। जिसमें उज्जवल कुमार ने टॉप किया है। सर्वेश कुमार सेकेंड और शिवम तिवारी थर्ड टॉपर हैं। 69वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा के लिए इंटरव्यू का 15 से 30 अक्टूबर तक 2 शिफ्ट में हुआ था। कुल 475 पदों पर वैकेंसी निकली थी। बीपीएससी 69वीं के लिए 27 जून 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था। 15 जुलाई से आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। 9 अगस्त तक प्रीलिम्स परीक्षा के लिए आवेदन लिया गया था। 30 सितंबर 2023 को परीक्षा का आयोजन हुआ था। जिसमें 2 लाख 70 हजार 412 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। 10 नवंबर 2023 को इसका रिजल्ट जारी किया गया था। इसमें से 5299 अभ्यर्थी सफल हुए थे। मुख्य परीक्षा का आयोजन 3 से 6 जनवरी तक किया गया था। इसका रिजल्ट 31 अगस्त को जारी किया गया है। इसमें कुल 1295 अभ्यर्थी सफल हुए है। 4480 अभ्यर्थी ने परीक्षा दी थी। शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण में क्लास 9 से 12 का रिजल्ट आयोग इसी हफ्ते जारी करेगा। इसको लेकर आरक्षण रोस्टर क्लीयरेंस अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा। इसके बाद रिजल्ट जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति की हुई बैठक

# आपदा न्यूनीकरण परियोजनाओं के लिए 1115 करोड़ मंजूर

**एजेंसी | नयी दिल्ली**

केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्यों के लिए आपदा न्यूनीकरण और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए 1115.67 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में इस राशि को मंजूरी दी गयी। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा शमन निधि से 15 राज्यों में भूस्खलन के जोखिम को कम करने के प्रस्ताव के वित्त पोषण और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के फंडिंग विंडो से तैयारी और क्षमता निर्माण के तहत सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के प्रस्ताव पर विचार किया।

उच्चस्तरीय समिति ने 15 राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 1000 करोड़ रुपये की कुल लागत से राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण परियोजना को मंजूरी दी है। समिति ने उत्तराखंड के लिए 139 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 139 करोड़ रुपये, पूर्वोत्तर के 8 राज्यों के लिए 378 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र के लिए 100 करोड़ रुपये, कर्नाटक के लिए 72 करोड़ रुपये, केरल के लिए 72 करोड़ रुपए, तमिलनाडु के लिए 50 करोड़ और पश्चिम बंगाल के लिए 50 करोड़ रुपए को मंजूरी दी।




### बिहार विधानसभा : शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आरक्षण पर हंगामा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही चल रही है। विधानसभा में आरक्षण के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ है। इस हंगामे के बीच विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया है। सदन से बाहर तेजस्वी से आरक्षण को लेकर नीतीश के स्टैंड पर सवाल किया गया। उन्होंने जवाब में कहा कि सब संगत का असर है। हम लोग उन्हें ठीक करते हैं वो वापस वैसे ही हो जाते हैं। सदन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने 65 फीसदी आरक्षण का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार में 65 फीसदी आरक्षण दिया गया था।

### ई-शिक्षा एप से 95 फीसदी हाजिरी सही तरीके से बन रही है : मंत्री



**पटना (नि.सं.)।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि ई-शिक्षा एप पर 95 फीसदी हाजिरी सही तरीके से बन रही है। पांच फीसदी की ही गड़बड़ी है। एप के गड़बड़ होने पर भौतिक रूप से भी शिक्षकों की हाजिरी बनाई जा रही है। हाजिरी के कारण शिक्षकों का वेतन बंद नहीं किया जा रहा है। मंगलवार को मुकेश यादव के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में एप को शत-प्रतिशत दुरुस्त कर लिया जाएगा।

### सीएम ने देशवासियों को संविधान दिवस की दी शुभकामनाएं



**पटना(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशवासियों को संविधान दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस संबंध में पोस्ट भी किया। इसमें उन्होंने लिखा-सभी देशवासियों को संविधान दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े महान स्वतंत्रता सेनानियों और विद्वानों को सादर नमन।






## संक्षिप्त समाचार

### लक्ष्य से 13784 अधिक बच्चों को दी गई पोलियो रोधी दवा

**गया।** जिले में पल्स पोलियो अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी राजीव अंबष्ट ने बताया कि नवंबर महीने में संचालित पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले में 747216 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। हालांकि अभियान के दौरान 761000 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। यह संख्या निर्धारित लक्ष्य से 13784 अधिक है।

### एआई और मशीनी शिक्षण पर पांच दिवसीय इंटर्नशिप शुरू

**राजगीर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, राजगीर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीनी शिक्षण पर पांच दिवसीय इंटर्नशिप का आयोजन किया गया है। सोमवार को इंटर्नशिप की शुरुआत की गई। प्रशिक्षक शिवांग शेखर ने छात्रों से कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक सशक्त माध्यम बन कर आया है और इसकी चुनौतियों को स्वीकार कर सही दिशा में सार्थक उपयोग से संबंधित जानकारियों को जानना बहुत ही आवश्यक है। प्राचार्य विवेक किशोर ने छात्रों को इसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जिन्हें इस तरह के कार्यशाला में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों को शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ इस इंटर्नशिप प्रोग्राम में भाग लेना चाहिए और इसके उद्देश्यों को प्राप्त करने में अपना योगदान देना चाहिए। इस इंटर्नशिप प्रोग्राम में कक्षा आठवीं के छात्र भाग ले रहे हैं और उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीनी शिक्षण के क्षेत्र में कौशल प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम प्रभारी रोहित वर्मा ने बताया कि यह इंटर्नशिप प्रोग्राम 30 नवंबर तक चलेगा ।

### हथियार के साथ सोशल मीडिया पर डाला फोटो



**मानपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के युवाओं में अवैध हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने का शगल बन गया है। ऐसा ही अवैध हथियार के साथ एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल फोटो थाना क्षेत्र के लखनपुर का बताया जा रहा है।नाम नहीं छापने के शर्त पर ग्रामीणों कहा कि लोगो पर रौब गालिब के लिए युवक सोशल मीडिया पर अक्सर इस तरह की फोटो को वायरल करता है। इस संबंध में एसडीपीओ सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं आया है।

### आर्म्स सप्लाई करने वाला सप्लायर हुआ गिरफ्तार



**टिकारी।** अलीपुर थाना की पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि विगत 22 नवम्बर को अलीपुर थानाक्षेत्र के डिहुरा बाजार से खुटवर निवासी जितेन्द्र कुमार को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किये गये व्यक्ति ने पूछताछ में आर्म्स सप्लाई करने वाले सप्लायर की जानकारी दी थी। सूचना का सत्यापन करा व तकनीकी माध्यम से जानकारी जुटा पुलिस ने मउ ग्राम निवासी बलिराम शर्मा के पुत्र रामदीप शर्मा उर्फ डीपी शर्मा को गिरफ्तार किया गया। रामदीप ने पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने ही जितेंद्र को मउ अपने घर बुलाकर हथियार दिया गया था।

# अपराधियों ने की 25 लाख के लहसुन और आटे की लूट

**15 से अधिक अपराधी ट्रक लेकर गोदाम में घुसे, कर्मियों को बंधक बनाकर डेढ़ घंटे में लूटपाट की**

निज संवाददाता। गया




गया जिले के आमस थाना क्षेत्र में करीब 2 बजे अपराधियों ने अकौना मोड़ स्थित एक गोदाम में 25 लाख रुपए के लहसुन और आटे की लूट की है। अपराधी किसी बाइक या फिर कार से नहीं, बल्कि सीधे ट्रक लेकर पहुंचे थे। गोदाम मालिक शेख अब्दुल्ला के अनुसार, करीब 15-20 हथियारबंद अपराधी ट्रक से आए थे। उन्होंने पहले गोदाम में मौजूद तीन कर्मचारियों को बंधक बनाया। इसके बाद मुख्य गेट खोल कर ट्रक को गोदाम के अंदर ले गए। डेढ़ घंटे के अंदर 150 पैकेट लहसुन और लगभग इतनी ही मात्रा में आटे के पैकेट डकैतों ने लोड कर लिए। डकैत इतने शातिर थे कि जाते समय वहां लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी अपने साथ ले गए। बंधकों ने किसी तरह रस्सी खोलकर गोदाम मालिक को सूचना दी। शेख अब्दुल्ला ने तत्काल पुलिस को मामले की जानकारी दी।

**डॉग स्क्वायड की मदद से सुराग जुटाए जा रहे:** मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। आमस थाना प्रभारी प्रियनन्दन आलोक ने बताया कि डॉग स्क्वायड की मदद से सुराग जुटाए जा रहे हैं। मामले की तकनीकी जांच भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों ने घटना को पूरी प्लानिंग के साथ अंजाम दिया है। जल्द ही उनकी पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा। इलाके में इस डकैती से खौफ का माहौल है। लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी वारदात से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अपराधियों का गोदाम तक ट्रक लेकर पहुंचना और इतनी बड़ी मात्रा में सामान लूटकर फरार होना साफ तौर पर बताता है कि स्थानीय स्तर पर किसी की मदद से ही यह घटना को अंजाम दिया गया है। अब पुलिस की कार्रवाई पर सबकी नजर है कि वे इस मामले को कितनी तेजी से सुलझाते हैं।

# इस्लामपुर तक चलेगी मगध एक्सप्रेस

निज संवाददाता। नालंदा



♦ **5 जनवरी तक पटना जंक्शन से किया जाना था परिचालन, यात्रियों की असुविधा को देख रेलवे ने बदला निर्णय**

रेल यात्रियों के लिए राहत की खबर है। रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली-इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस (20802/20801) का परिचालन फिर से इस्लामपुर तक बहाल कर दिया है। यह निर्णय रेल प्रशासन ने जन हित में लिया है। पिछले सप्ताह रेलवे की ओर से जारी एक आदेश में 22 नवंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक मगध एक्सप्रेस का परिचालन पटना जंक्शन तक सीमित करने की घोषणा की गई थी। इस निर्णय से इस्लामपुर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि "यात्रियों से मिले फीडबैक और उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए रेल प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से ट्रेन सेवा को पहले जैसा कर दिया है। अब मगध एक्सप्रेस पहले की तरह इस्लामपुर और नई दिल्ली के बीच चलेगी।

**दिल्ली का यात्रा होगी सुगमः** इस निर्णय से न केवल इस्लामपुर के यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि आसपास के जिलों के लोगों को भी दिल्ली की यात्रा में सुविधा होगी। स्थानीय व्यापारी संघ ने भी रेल प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है। मगध एक्सप्रेस बिहार की सबसे महत्वपूर्ण ट्रेनों में से एक है, जो प्रतिदिन हजारों यात्रियों को सेवा प्रदान करती है। यह ट्रेन व्यापारियों, छात्रों और आम यात्रियों के लिए राजधानी दिल्ली तक की यात्रा का एक प्रमुख साधन है।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य चुनी गई नालंदा की निधि

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा की युवा राजनीतिक कार्यकर्ता निधि कुमारी ने अपने संघर्ष और समर्पण का एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। गोरखपुर में संपन्न हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद(ABVP) के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया है। निधि कुमारी की राजनीतिक यात्रा काफी प्रेरणादायक रही है। साल 2018 में नालंदा महिला कॉलेज से छात्र संघ की उपाध्यक्ष के रूप में उनका चुनाव, उनकी राजनीतिक क्षमता का पहला संकेत था। राष्ट्रीय सेवा योजना और NCC में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भी उन्हें विशेष पहचान दिलाई।

**अधिवेशन की विशेषताएंः** गोरखपुर में आयोजित इस चार दिवसीय अधिवेशन में देशभर से लगभग 1300 प्रतिनिधि शामिल हुए। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण मंच था, जहां युवा राजनीतिक कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

**निधि का संकल्पः** अपने नए दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए निधि कुमारी ने कहा कि "विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हितों के लिए काम करती रही है। मैं भी अपने इस नए कार्यभार में छात्र हित और संगठन के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दूंगी।"

**सहयोगियों द्वारा अभिनंदनः** डॉक्टर विनीत लाल देव, डॉ.अनुज, सज्जन कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने निधि कुमारी को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उनके सहयोगियों का मानना है कि निधि संगठन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# नालंदा जिला जूनियर लीग में ए और सी की जीत, युवा क्रिकेट प्रतिभाओं का उदय, महिला खिलाड़ियों को भी दिया जा रहा मौका

निज संवाददाता। नालंदा




क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ नालंदा की ओर से आयोजित नालंदा जिला जूनियर लीग (NDJL-2024) में दो रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एकंगरसराय थाना क्षेत्र के मैदान में खेले गए इन मैचों में युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दिन का पहला मैच नालंदा ए और नालंदा एच के बीच खेला गया, जिसमें नालंदा ए ने एकतरफा जीत दर्ज की। नालंदा एच की टीम महज 30 रनों पर सिमट गई, जिसमें मनीष के 13 रन ही उल्लेखनीय रहे। नालंदा ए के गेंदबाज आशुतोष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके और मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। दूसरे मैच में नालंदा सी और नालंदा एफ के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। नालंदा एफ के रोहित ने शानदार 49 रनों की पारी खेली, लेकिन युग सिन्हा के ऑलराउंड प्रदर्शन (45 नाबाद रन और 2 विकेट) की बदौलत नालंदा सी ने 8 विकेट से जीत हासिल की।

**महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए महिला खिलाड़ियों को भी मौकाः** इस टूर्नामेंट की एक विशेष बात यह है कि महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए महिला खिलाड़ियों को भी मौका दिया जा रहा है। नालंदा एफ की ममता रॉय ने 12 रनों का योगदान देकर इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया। मैचों का संचालन अनुभवी अंपायर परवेज़ मुस्तफा और मो सब्बीर ने किया, जबकि क्षितिज प्रियदर्शी ने स्कोरर की भूमिका निभाई। थर्ड अंपायर बिक्रम सोलंकी और ओब्जर्वर सिकंदर यादव की उपस्थिति ने मैचों की गरिमा को और बढ़ाया।

# सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**बोधगया।** बोधगया सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जनमानस और विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से मगध विवि के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग ने विश्व धरोहर सप्ताह मनाया, जिसका समापन सोमवार को हुआ। समापन समारोह में विश्वविद्यालय परिसर में धरोहर जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विवि के कई विभागों के शिक्षकों व छात्रों ने हिस्सा लिया। धरोहर सप्ताह में विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत व्याख्यानमाला, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, छाया-चित्र प्रदर्शनी शामिल हैं। इन सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता में जीनत कौसर को प्रथम पुरस्कार, नेहा कुमारी को द्वितीय और अमित कुमार को तृतीय पुरस्कार दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सौरभ कुमार, द्वितीय पुरस्कार देवेश देव चौधरी और तृतीय पुरस्कार अमित कुमार को दिया गया। निबंध प्रतियोगिता में पहले, दूसरे और तृतीय स्थान पर क्रमश विवेक कुमार, धीरज कुमार और सोनल वर्मा को पुरस्कृत किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नेहा कुमारी को, द्वितीय पुरस्कार आरती कुमारी और तृतीय पुरस्कार मनतशा खानम को दिया गया। सभी कार्यक्रम वरीय प्राध्यापक डॉ सुशील कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन तथा विभागाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ विनोद कुमार यादवेन्दु, डॉ अनूप कुमार भारद्वाज, डॉ जन्मेजय सिंह, डॉ अलका मिश्रा, आलोक रंजन, शंकर शर्मा, डॉ विजयकांत यादव एवं डॉ चन्द्र प्रकाश का भरपूर सहयोग रहा। साथ ही विभागीय कर्मी जनार्दन सिंह, राहुल, बबलू ने सक्रियतापूर्वक कार्य किया ।

# प्रो. सिंह के निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति

**गया।** गया कॉलेज गया में सोमवार को शोक सभा का आयोजन कर यहां लंबे समय तक समाजशास्त्र के प्राध्यापक रहे प्रो. अनिरुद्ध प्रसाद सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय सिंह समाजशास्त्र के सर्वोच्च संस्थान, इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के सम्मानित सदस्य व भारत सरकार के विभिन्न बोर्ड के सदस्य के रूप में भी कार्यरत रहे हैं। प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इनके निधन से समाज व शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

### पैक्स चुनाव, नालंदा में पहले चरण का मतदान

**नालंदा** । नालंदा जिले में पैक्स चुनाव के पहले चरण का मतदान आज सुबह 7 बजे से है। जिले के चार प्रखंडों में कुल 92 मतदान केंद्रों पर शाम 4:30 बजे तक मतदान होगा। इस चुनाव में बिहारशरीफ, रहुई, अस्थावां और सरमेरा प्रखंडों के लगभग 40,000 से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। मतगणना केंद्र से लेकर बज्रगृह तक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

# अतिक्रमणकारियों से 3 दिन में वसूला जुर्माना



निज संवाददाता। बिहारशरीफ

शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बनाए जा रहे रोड में अतिक्रमण की समस्या बढ़ गई है। स्थानीय लोगों द्वारा नाला के उपर दुकान और सीढ़ी बनाकर अतिक्रमण किया गया है, जिससे आवागमन और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया है। उपनगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इस दौरान दर्जनों दुकान और मकान से करीब 50 हजार से अधिक जुर्माना वसूली की गई है। उपनगर आयुक्त ने बताया कि जिनका भी बालु, गिट्टी रोड पर रखा है, वह 8 बजे सुबह तक उठा लें। अन्यथा निगम द्वारा उठाव की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिन लोगों द्वारा नाले के उपर अतिक्रमण किया हुआ है, वे स्वेच्छा से हटा लें अन्यथा संरचना को तोड़ने के साथ-साथ जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ओएएच/3/निविदा, दिनांकः 25.11.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधीन। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. : 266_ 2024-25, कार्य का विवरण :** एईएन/केडब्ल्यूएई के अधीन केडब्ल्यूएई (04 अदद) और एसएएलई (01 अदद) तथा एईएन/एजेड के अधीन एजेड (01 अदद) और एईएन/एनडीएई के अधीन एनडीएई (01 अदद) एवं टीबीएई (01 अदद) में पाइप लाइन एवं अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली। **अनुमानित मूल्य :** रु. 13,15,53,499.14, **बयाना राशि :** रु.8,07,800/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. : 278_ 2024-25, कार्य का विवरण :** एबीएसएस के अधीन केडब्ल्यूएई में मेन बिल्डिंग, फसाड, पॉर्च का विकास, इंटीरियर कार्य, बुकिंग ऑफिस, टॉयलेट, प्रतीक्षालय का विकास। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,13,34,596.18, **बयाना राशि :** रु.3,56,700/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. : 279_ 2024-25, कार्य का विवरण :** एबीएसएस के अधीन एनडीएई स्टेशन में फसाड और पॉर्च का विकास, बुकिंग ऑफिस के इंटीरियर, टॉयलेट, प्रतीक्षालय का विकास एवं अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,99,24,541.29, **बयाना राशि :** रु.2,99,600/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 4, ई-निविदा सं. : 280_ 2024-25, कार्य का विवरण :** एबीएसएस के अधीन केजीएलई में वर्तमान बिल्डिंग, पॉर्च, टॉयलेट, बुकिंग ऑफिस के इंटीरियर, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग, पार्किंग एरिया का विकास। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,85,37,255.49, **बयाना राशि :** रु.2,92,700/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 5, ई-निविदा सं. : 281_ 2024-25, कार्य का विवरण :** एबीएसएस के अधीन एजेड में द्वितीय एंट्री एसबी, फसाड, पॉर्च, बुकिंग ऑफिस, टॉयलेट, प्रतीक्षालय का विकास। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,85,28,635.63, **बयाना राशि :** रु.2,92,700/- **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 6, ई-निविदा सं. : 282_ 2024-25, कार्य का विवरण :** एबीएसएस के अधीन एबीकेए में मेन बिल्डिंग एवं द्वितीय एंट्री बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर, फसाड, पॉर्च, अंदरूनी कार्य, सर्कुलेटिंग एवं पार्किंग एरिया का विकास। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,73,40,306.72, **बयाना राशि :** रु.3,86,700/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 7, ई-निविदा सं. : 283_ 2024-25, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में बीडीसी-एजेड शाखा में एलसी नं. 2/ए, 9/स्पे, 15/ई, 17/टी, 26/टी, 27/ई, 26/ए, 26/बी, 24/ए, 24/टी एवं 20/स्पे में सड़क की वाइंडिंग। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,80,99,762.40, **बयाना राशि :** रु.2,40,500/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 8, ई-निविदा सं. : 284_ 2024-25, कार्य का विवरण :** एडीईएन/एजेड के कार्यक्षेत्र में केएनएसएन से किमी. 181/0 तक दोनों सिरे पर वाटर स्टोरेज रिजर्वायर ड्रेनेज व्यवस्था के साथ दोनों एप्रोचों के सम्प की रूफ कवरिंग की व्यवस्था द्वारा वर्तमान एलएचएस के उन्नयन के साथ सुधार कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,23,79,520.53, **बयाना राशि :** रु.2,61,900/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 16.12.2024 को 14.00 बजे।। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-** बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान ई-निविदा प्रणाली के मामले में, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-445/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएनजीजी-06/24-25 (खुली) दिनांक 22.11.2024 ,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से पर्याप्त अनुभव और वित्तीय क्षमता वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिन्होंने पूर्व में विशेष रूप से रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई या कोई अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में समप्रकृति के कार्य का निष्पादन किया है: **क्रम सं.1, निविदा सं.: डब्ल्यूटी-15-24-25, कार्यों का विवरणः** केपीएडब्ल्यू मेंः एस/29बी/ऐप-। में गैंट्री रेल के लोड वहन क्षमता के सुधार एवं लोको एवं कैरिज में एस/29 और विभिन्न शॉप में गैंट्री रेल का नवीनीकरण। **निविदा मूल्यः** रु. 3,53,54,525.07, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.3,26,800/-, **निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय):** शून्य । **एलओए जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि** : 12 माह। **क्रम सं.2, निविदा सं.: डब्ल्यूटी-16-24-25, कार्यों का विवरणः** केपीएडब्ल्यू मेंः कैरिज कॉम्प्लेक्स में शॉप नं. 18 और 25 के लिए हेवी ड्यूटी फ्लोर। **निविदा मूल्यः** रु. 8,19,89,583.10, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.5,60,000/-, **निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय):** शून्य । **एलओए जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि** : 18 माह। **निविदा खोलने की तिथि और समय :** दिनांक 16.12.2024, *रेलवे बोर्ड ने पत्र सं.-2020/सीई-1/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी, दिनांक 30.12.2020 के माध्यम से दिनांक 31.12.2021 तक किसी भी कार्य निविदा के लिए कोई ईएमडी (बयाना राशि) नहीं लेने का निर्देश दिया था। पर, चूंकि आगे के लिए अभी तक ऐसा कोई निर्देश नहीं है, इसलिए, ईएमडी प्रणाली वापस ली जाती है। कार्य का दायरा संकेत मात्र है। हालांकि, विवरण भारतीय रेलवे की ई-निविदा साइट (आईआरईपीएस) अर्थात **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **विज्ञापन अवधिः** समय जिस दौरान निविदा से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी, परंतु प्रस्ताव जमा नहीं किया जा सकता है। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** निविदा खुलने के पंद्रह दिन पहले, जिस दौरान निविदाकार अपना प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। निविदा **दिनांक 16.12.2024 को 14.00 बजे** बंद कर दी जाएगी और निविदा उसी तिथि को 14.30 बजे के बाद किसी भी समय खोले जाने वाले कर्मियों के उपस्थित रहने एवं नेट उपलब्ध होने के अधीन खोली जाएगी।

MISC-246/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली **निविदा सूचना संख्याः 49-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांकः 25.11.2024** के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम/स्थानः** "आसनसोल मंडल - सिग्नलिंग गियर्स की विश्वसनीयता में सुधार।" **निविदा मूल्यः** रु.1,04,30,161.40; **बयाना राशिः** रु.2,02,200.00; **कार्य पूर्णता की अवधिः** एलओए जारी होने की तिथि से 90 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 20.12.2024 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps.gov.in**

(ASN-243/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**ई-निविदा सूचना संख्या डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-08-24-25, दिनांकः 21.11.2024, जिसे पहले उप सीपीएम/जीएसयू/ईएनजी**जी/सियालदह द्वारा सियालदह मंडल - गति शक्ति इकाई - नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स (एनसीसी) सियालदह में एलएचबी स्टोर बिल्डिंग (जी+1) के निर्माण कार्य के लिए प्रकाशित किया गया था, इसमें संशोधन किया जाता है। अनुसूची-A में समग्र जीएसटी राशि को रु. 23,90,965.91/- पढ़ा जाना चाहिए। अन्य नियम और शर्तें यथावत रहेंगी।

(SDAH-251/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**ई-निविदा सूचना संख्या ईएल-एचडब्ल्यूएच-सीओएन-टीआरडी-160-2024-एनआईटी दिनांक 25.11.2024,** जिसे उप मुख्य विद्युत अभियंता/सीओएन, हावड़ा 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा पहले प्रकाशित किया गया था, इसमें संशोधन किया जाता है। **क्रम संख्या (1) निविदा सूचना के स्तंभ संख्याः 3; विज्ञापित मूल्यः** रु. 93,52,219.90 के स्थान पर रु. 83,14,046.50 पढ़ा जाना चाहिए। **क्रम संख्या (2) निविदा सूचना के स्तंभ संख्याः 5; बयाना राशिः** रु 1,87,100.00 के स्थान पर रु. 1,66,300.00 पढ़ा जाना चाहिए। अन्य नियम और शर्तें यथावत रहेंगी।

(CON-75/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या 222-एस/1/डब्लू-II, दिनांक 25.11.2024।** वरिष्ठ मंडल अभियंता /III, पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता- 700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैंः **(1) निविदा संख्याः टीएन-186-24-25। कार्य का नामः** सारगाछि स्टेशन पर माल शेड का विकास जिसमें घाट का नवीनीकरण, रोशनी में सुधार, एसएसई/वर्क्स/बरहामपुर कोर्ट के तहत एईएन/बरहामपुर कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में श्रमिक शौचालय का प्रावधान और सियालदह मंडल में विभिन्न माल शेड जैसे केबीजीबी, बीएनजे, एसजीवी, केएनजे, एनएच और सीएसजेड में सीसीटीवी कैमरे लगाना शामिल है। **निविदा मूल्यः** रु. 3,70,89,636.19। **बयाना राशिः** रु. 3,35,500.00 । **(2) निविदा सं.: टीएन-187-24-25। कार्य का नामः** काशिमबाजारः एईएन/बरहामपुर कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/वर्क्स/बरहामपुर कोर्ट के अधीन काशिमबाजार में 22 मीटर लंबाई व 6 मीटर चौड़ाई का एफओबी। **निविदा मूल्यः** रु 1,56,47,244.85 । **बयाना राशिः** रु. 2,28,200.00 । **निविदा बंद होने की तिथि व समयः** 20.12.2024 को 15.00 बजे, क्रम संख्या 1 और 2 के लिए। **कार्य की पूर्णता अवधिः** 08 (आठ) माह, क्रम संख्या 1 और 2 के लिए। **निविदा खोलने की तिथि और समयः** 20.12.2024 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। मैन्युअल प्रस्ताव सरसरी तौर पर खारिज कर दिए जाएंगे।

(SDAH-249/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या एमसी-24-एसवाईजेएस-ईटीपी- एएमसी-24 दिनांक 22.11.2024।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरिज और वैगन), पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 **निविदा संख्या एमसी-24-एसवाईजेएस-ईटीपी- एएमसी-24** के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित करता है। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल निविदा बंद होने की तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे के सॉर्टिंग यार्ड और झील साइडिंग कोचिंग डिपो के डिस्चार्ज वाटर फिल्ट्रेशन सह रिसाइकिलिंग प्लांट सहित एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) का संचालन और रखरखाव। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 68,77.410.65। **बयाना राशिः** रु. 1,37,600.00। **निविदा दस्तावेज लागतः** शून्य। **निविदा अपलोड करने की तिथि/समयः** 22.11.2024 को 17.58 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **कार्य पूरा होने की अवधिः** 36 महीने। **बोली शुरू होने की तिथिः** 29.11.2024। **अनुबंध का प्रकारः** कार्य। **बोलियों का क्रमः** निम्नतम से उच्चतम। **व्यय का प्रकारः** राजस्व। **निविदा बंद होने की तिथिः** 13.12.2024 को 14.00 बजे।

(HWH-444/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### फांसी के फंदे में लटका मिला शिक्षक का शव

**नौहट्टा/रोहतास (सासाराम) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी के शीर्ष पर स्थित पीपरडीह स्कूल में कार्यरक्त शिक्षक घनश्याम जयसवाल उम्र 30 वर्ष की संदेहास्पद स्थिति मे मौत हो गयी। घटना के बारे में बताया गया की डबुआ मोड़ के ठीक सामने पहाड़ के उपर एक पेड़ मे शव माफलर से टंगा हुआ मंगलवार को करीब एक बजे देखा गया। वही घटना की सूचना बीईओ के द्वारा थाना को दी गयी। सूचना पर थानाध्यक्ष कलामुद्दीन दल बल के साथ शव को कब्जे में लेने के लिए पीपरडीह के लिए निकल गए बताया गया की शिक्षक बनारस यूपी के रहने वाला हैं। 2022 से ही पीपरडीह स्कूल मे पढा रहे थे। स्कूल मे सात शिक्षक है जिसमे दो शिक्षक पैक्स चुनाव के ड्युटी मे मंगलवार को गये थे। पीपरडीह मे किसी कंपनी का मोबाईल नेटवर्क नहीं मिलने के स्कूल के शिक्षक पहाड़ के चोटी पर आनलाइन उपस्थिति बनाने गये थे। सभी शिक्षक लौट गये लेकिन घनश्याम जयसवाल नही लौटे। देर तक नहीं लौटने के कारण स्कूल के शिक्षक करीब साढ़े ग्यारह बजे जंगल मे खोजने लगे। शिक्षक की लाश पेड़ से लटका हुआ देखा गया।बीइओ सच्चिदानंद साह ने बताया की उक्त शिक्षक से रविवार को ही बातचीत मोबाइल पर हुई थी। शिक्षक व्यवहारिक थे। बात चीत ऐसा नही लगा की आत्म हत्या कर सकता है। प्रभारी थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षक की हत्या है या आत्महत्या यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। खबर लिखे तक पुलिस लाश तक पहुंच भी नही पाई थी।

### संविधान दिवस पर अंबेडकर चेतना मंच का भव्य आयोजन

**तिलौथू (रोहतास) (नि.सं.)।** तिलौथू न्यू एरिया स्थित विद्या निकेतन स्कूल परिसर में मंगलवार को अंबेडकर चेतना मंच तिलौथू के द्वारा संविधान दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी व भोजपुरी कवि डॉ. बैजनाथ सिंह बटोही ने की, जबकि मंच का संचालन अनिल कुमार कौशल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसमें शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अतिथियों ने भाग लिया। डॉ. बैजनाथ सिंह बटोही ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम 75वें संविधान दिवस के अवसर पर एकत्र हुए हैं। यह दिन हमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान की याद दिलाता है, जिन्होंने संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई आतंकी हमलों का भी जिक्र किया और शहीद हुए सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।समाजसेवी शेषनाथ चौधरी ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा है। बाबा साहेब के नेतृत्व में बनाया गया। यह संविधान पिछले 75 वर्षों से देश को एकता और प्रगति की राह पर अग्रसर कर रहा है। उन्होंने संविधान की विशेषताओं और इसकी सार्वभौमिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान के महत्व और बाबा साहेब के आदर्शों पर चर्चा की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी अपनी भागीदारी निभाई और संविधान के प्रति अपने विचार प्रस्तुत किए। पूरा आयोजन उत्साह और प्रेरणा से भरा हुआ था। मौके पर शिक्षक सुखदेव कुमार मेहता, जियाउर रहमान, प्राचार्य प्रियेश कुमार, सुशील कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश, विकाश कुमार चौधरी, नेहा कुमारी, रीमा कुमारी, रोशनी कुमारी और स्नेहा कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं लोग उपस्थित थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पटना से गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के निवासी ने एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने पटना से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध मे लड़की के परिजन ने थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चौधरी चौक निवासी मुहल्ला हरिजन कालोनी के निवासी स्वर्गीय भोला सिंह चंद्रवंशी के पुत्र रंजित कुमार पूर्व मे विधायक का गाडी चलाता था। दो माह पूर्व गाडी छोड़ दिया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के अधार पर पटना से आरोपी रंजित कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने नाबालिग लड़की को मेडिकल जांच करा

# रैगिंग निषेध सेमिनार का आयोजन, रैगिंग से दूर रहे छात्र लड़का उप समाहर्ता

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**




गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में चिकित्सा शिक्षा हेतु आए नवागंतुक छात्रों एवं उनके सीनियर बैच के छात्रों की उपस्थिति के बीच रैगिंग निषेध सेमिनार का आयोजन कल शाम किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुश्री वंदना एवं डेहरी के भूमि सुधार उप समाहर्ता अभिषेक कुमार ने छात्रों को रैगिंग जैसी किसी भी प्रकार के व्यवहार से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने सीनियर छात्रों को यह बात याद रखने के लिए कहा कि आपके द्वारा की गई किसी भी प्रकार की गलती आपके कैरियर को बर्बाद कर सकती है। उन्होंने सीनियर छात्रों को अपने जूनियर छात्रों के प्रति स्नेह का व्यवहार रखने हेतु प्रेरित किया तथा कानून संबंधी प्रावधानों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह ने नवागंतुक छात्रों को कहा कि आप लोग भी अगली वर्ष सीनियर होंगे और आपके नीचे भी नए छात्र आएंगे इसलिए आप अभी से ही इस मानसिकता को अपना लें कि किसी भी जूनियर के प्रति आपका व्यवहार सदैव अच्छा रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता ददन जी पांडे ने छात्रों को रैगिंग जैसी कुरीति को त्यागने की अपील की तथा बताया कि किस प्रकार से देश में कई घटनाएं घट रही हैं जो की चिंता का विषय है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप लोग आपस में प्रेमवत आचरण अपनायें तथा संस्थान में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना ना मिले ऐसा कार्य करें। कार्यक्रम की शुरुआत में नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों को रैगिंग फ्री परिसर बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रैगिंग की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो कि छात्रों के हित में नहीं है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में औषधि रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, शिशु रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ मणिकांत कुमार, एनाटॉमी विभाग के अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद, शल्य चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर आर के अजय, छात्रावास अधीक्षक डॉक्टर महेंद्र प्रताप, डॉ विकास कुमार, सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे ।इस अवसर पर प्राचार्य कार्यालय के अमित कुमार, प्रवीण कुमार, पुष्कल रंजन, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन नारायण मेडिकल कॉलेज के छात्र शाखा प्रभारी डॉक्टर विनोद शंकर ने किया।

## तीसरे चरण के पैक्स मतदान के लिए बूथ कर्मी हुए रवाना



**» पैक्स चुनाव की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सभी बूथों पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है।**

**निज संवाददाता | संझौली (रोहतास)**

तीसरे चरण के पैक्स चुनाव के लिए संझौली प्रखंड से मंगलवार को मतदान कर्मियों को मतपेटी, बैलेट पेपर वोटर लिस्ट समेत अन्य चुनाव सामग्री देकर आवंटित बूथों के लिये रवाना कर दिया गया है। संझौली प्रखंड अंतर्गत पांच पैक्सो में आज बुधवार को मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदान के लिए 19 बूथ बनाए गए हैं, जो 11 हजार 107 मतदाता, अपने-अपने मतदान केंद्र पर मतदान करेंगे। पैक्स चुनाव की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सभी बूथों पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। बूथों पर बेसिक सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया है, ताकि मतदान कर्मियों से लेकर मतदाताओं को कोई दिक्कत न हो। मतदान सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा जो संध्या 4.30 बजे तक चलेगा। बूथों पर पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है। विशेषकर संवेदनशील बूथों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है।

## पैक्स चुनाव में उम्मीदवारों की भीड़ मतदाताओं को लुभाने की कोशिशें तेज

**निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)**

क्षेत्र के पैक्स अध्यक्ष और सदस्य पद के चुनाव के लिए नामांकन कर चुके उम्मीदवार मंगलवार को प्रखंड निर्वाचन कार्यालय में प्रतीक चिन्ह प्राप्त करने के लिए जुटे रहे। इसके कारण प्रखंड कार्यालय परिसर में शाम चार बजे तक भीड़ काफी बढ़ गई। पैक्स अध्यक्ष और सदस्य पद के उम्मीदवारों के नाम वापसी की अंतिम तिथि भी मंगलवार ही थी। हालांकि, देर शाम तक नाम वापसी के पश्चात उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन नहीं हो सका। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ रविराज के नेतृत्व में निर्वाचन कर्मी देर शाम तक सूची को अंतिम रूप देने में लगे रहे। समाचार लिखे जाने तक यह साफ नहीं हो पाया था कि प्रखंड के छह पंचायतों में होने वाले पैक्स पदाधिकारियों के चुनाव में कितने प्रत्याशी मैदान में बने हुए हैं और कितने नामांकन वापस ले चुके हैं। इन छह पंचायतों में चुनाव के लिए तीन दिसम्बर को मतदान होना है, और उम्मीदवार अपने पक्ष में अधिक से अधिक समर्थन जुटाने के लिए पूरे जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए कई तरह के लुभावने प्रयास किए जा रहे हैं। युवा मतदाताओं को महंगे रिजॉर्ट में भोज, शिमला-मनाली-गोवा जैसे पर्यटन स्थलों की टूर पैकेज, महंगे एंड्रॉइड मोबाइल, और अन्य सुविधाएं देने की कोशिशें हो रही हैं। पडरिया, राजपुर, और रोतवां पंचायतों में मतदाताओं के बीच जोर-शोर से 'मोलईया' (लुभाने) का माहौल बना हुआ है।

## सत्संग की जीवन का आधार : ओमेश्वर देशमुख

**निज संवाददाता | रोहतास (सासाराम)**



नगर पंचायत के गायत्री मंदिर परिसर में चार दिवस चौबीस कुडिय शक्ति संवर्धन महायज्ञ की ओर से आयोजित संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा सोमवार की शाम हुई। हरिद्वार अखिल भारतीय गायत्री शक्ति पीठ से आए कथा वाचक ओमेश्वर देशमुख ने मनुष्य जीवन की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान ने मनुष्य को धरती पर दो उद्देश्य के लिए भर्ती धरती पर भेजा है। आत्म कल्याण और लोक मंगल लेकिन इस संसार में आकर हम अपना जीवन का लक्ष्य भूल जाते हैं मनुष्य जीवन प्राप्त करना अति कठिन है 83 लाख 99 हजार 900 सौ 99 योनियों में भड़काने के पश्चात मानव रूपी जीवन प्राप्त होता है इस वासना में नहीं उपासना में लगे सत्संग के माध्यम से अपने जीवन को निखारे, वाल्मीकि, तुलसीदास अंगुलिमाल डाकू ने सत्संग से ही अपना जीवन चक्र बदला था सत्संग से सुबुद्धि में विकास होता है वाणी में सत्य का संचार होता है समाज में व्यक्ति का मान सम्मान बढ़ता है पाप कर्मों से व्यक्ति बच जाता है चित में प्रसन्नता का संचार होता है दसों दिशाओं में यश फैलता है। सत्संगति मनुष्य का क्या हित नहीं करती अर्थात इस प्रकार के लाभप्रद है गायत्री और यज्ञ भारतीय संस्कृत के माता-पिता है इन्हें अपना कर व्यक्ति का जीवन सुखी और समाज में खुशहाली हो सकता है, मौके पर उदय कुमार गुप्ता, आलोक सोनी, सुनील शर्मा आला, संतोष कुमार भोला, तोराब नियाजी, शिक्षा पदाधिकारी कन्हाई कुमार, डॉ पारसनाथ सिंह, श्याम नारायण दुबे, मुनेश्वर विश्वकर्मा, रामाशीष सिंह, सुभाष सिंह, सहित कई मौजूद रहे।

## पैक्स चुनाव के लिए प्रत्याशियों की बढ़ी सक्रियता, प्रचार में जुटे उम्मीदवार

**निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)**

क्षेत्र के पैक्स अध्यक्ष और सदस्य पद के चुनाव के लिए नामांकन कर चुके उम्मीदवार मंगलवार को प्रखंड निर्वाचन कार्यालय में प्रतीक चिन्ह प्राप्त करने के लिए पहुंचे। इस दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में दोपहर चार बजे तक काफी भीड़ जमा हो गई। पैक्स अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए उम्मीदवारों के नाम वापस करने की अंतिम तिथि मंगलवार थी, लेकिन देर शाम तक नाम वापसी के बाद भी उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित नहीं हो पाई। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ रविराज के नेतृत्व में निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी देर शाम तक सूची को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि प्रखंड के छह पंचायतों में होने वाले पैक्स पदाधिकारियों के चुनाव में कौन से उम्मीदवार चुनावी मैदान में बने हुए हैं और किन्होंने नामांकन वापस लिया है। इन छह पंचायतों में होने वाले पैक्स पदाधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान तीन दिसम्बर को निर्धारित है। नामांकन करने वाले उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए कई तरह के प्रलोभन दिए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, युवा मतदाताओं को महंगे रिजॉर्ट में खाने-पीने, गोवा, शिमला, मुम्बई, मनाली जैसे पर्यटन स्थलों पर घूमने, महंगे एंड्रॉइड मोबाइल देने जैसे लुभावने ऑफर दिए जा रहे हैं। पडरिया, राजपुर और रोतवां पंचायतों में इस समय सबसे अधिक मोल-भाव (लुभाने) की गतिविधियां हो रही हैं।

## संविधान दिवस का भव्य आयोजन

**निज संवाददाता | तिलौथू (रोहतास)**




न्यू एरिया स्थित विद्या निकेतन स्कूल में अंबेडकर चेतना मंच द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी और भोजपुरी कवि डॉ. बैजनाथ सिंह बटोही ने की, जबकि मंच संचालन अनिल कुमार कौशल ने किया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। डॉ. बैजनाथ सिंह बटोही ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया। समाजसेवी शेषनाथ चौधरी ने भारतीय संविधान को देश की आत्मा बताया और इसकी सार्वभौमिकता पर चर्चा की। छात्रों ने भी संविधान के प्रति अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** दिनारा प्रखंड अंतर्गत गुप्त सुचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। जाँच दल द्वारा पाया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर से पहले तार मे कटिंग करके, एक अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर ग्राम-बिलासपुर के राम नागेश्वर सिंह पर 49505 तथा सरना में सरोज कुमार सिंह पर 19024 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताते चलें की बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर सरना के हीं लालबाबू सिंह पर 39980 रुपये जुर्माना लगायी गयी है। उक्त परिसर मे मीटर भी नहीं लगे हुए थे एवं बिजली सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात भी प्रस्तुत नहीं की गयी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## महाप्रबंधक सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**



भारतीय संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2024 को पूर्व मध्य रेल में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यालय, हाजीपुर स्थित प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना ''हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संकल्प लेते हैं'' पढ़ी गयी। उन्होंने कर्मचारियों को संविधान के सिद्धांतों को अपने कार्य और जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। संविधान दिवस के अवसर पर इसी प्रकार के समारोह दानापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, धनबाद, सोनपुर एवं समस्तीपुर सहित पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलो, यूनिटों, कारखानों, आदि में भी आयोजित किये गये जिनमें संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी।

## संविधान दिवस और नशा मुक्ति पर आयोजित कार्यक्रम

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**



ग्राम कचहरी में मंगलवार को संविधान सभा को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता सरपंच प्रवेश रविदास ने की। इस दौरान लोगों ने संविधान निर्माता बाबा भीम राव अम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा की। सरपंच ने कहा 26 नवम्बर 1949 को नया संविधान बना। बाबा भीमराव को आजादी के बाद भारत का कानून मंत्री बनाया गया था। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर चर्चा की गई। कहा गया बेटी को अवश्य पढ़ाओ, उसे शिक्षित करें।बेटा बेटी में कोई फर्क नहीं है। बेटी को बचाओ। वह जब पढ़ लिख जाएगी तो दो कुल का नाम रोशन करेगी। धर्म करो, घृणा मत करो, अपने विचार को बदलो। तभी समाज का विकास होगा। आप सभी बेटी को बचाइये। वह घर आंगन की शोभा है। बेटी को बचाने की अपील की है। मौके पर राधा देवी, मनोज रविदास, मीना देवी, मंती देवी, कारी देवी समेत अन्य रहे। इधर, पेंशनर भवन नारदीगंज में संविधान दिवस पर परिचर्चा हुई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने संविधान में वर्णित अधिकारों व कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का अनुठा संविधान है। इस संविधान के निर्माण में दो वर्ष 11 महीने 18 दिन लगा था। यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो नागरिकों को अपने अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी देता है। इसका निर्माण 26 नवम्बर 1949 को और 26 जनवरी 1950 को लागू प्रथम गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुआ। इस संविधान निर्माण हेतु प्रारूप समिति बनाया गया। जिसके अध्यक्ष डा0 भीम राव अम्बेडकर हुए। उन्होंने विश्व के सभी संविधानों को बारीकी से अध्ययन कर संविधान को तैयार किया। और 26 नवम्बर 1949 को संविधान को प्रस्तुत किया। इसे पारित कर 26 जनवरी 1950 को प्रथम भारतीय गणतंत्र दिवस को लागू कर दिया गया। यह 73 वां संविधान सभा है। भारतीय संविधान की कुल प्रस्तावना को संविधान का हृदय कहा जाता है। इस प्रस्तावना में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 42 वां संशोधन कर के इसमें समाजवादी, धर्म निरपेक्षता, अखण्डता को जोड़ा है। कहा गया भारतीय नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी जानकारी होना चाहिये। भारतीय संविधान में अबतक 106 वां संशोधन 2023 में किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में 105वां संशोधन में सामाजिक, आर्थिक रूप से पिछड़े समुदाय हेतु राज्यों को आरक्षण देने हेतु अधिकार प्रदान किया है। वही 106 वां संविधान संशोधन में संसद व विधान सभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देने का प्रावधान किया है। मौके पर, कामता प्रसाद सिंह, रामधीन सिंह, परमेश्वर राम, यमुना सिंह, नरेश कुमार समेत अन्य लोगों ने विचार रखे। वही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नारदीगंज में संचालक विपिन कुमार विमल की अगुवाई में नशा मुक्ति व संविधान सभा पर प्रभात फेरी निकाली गई। मौके पर वार्डेन रूबी कुमारी समेत अन्य रहे। वही राजकीय मध्य विद्यालय हंडिया में प्राचार्य मनोज कुमार झा के नेतृत्व में नशा मुक्ति व संविधान सभा पर रैली निकाली गई। मौके पर शिक्षक नेहा कुमारी समेत अन्य रहे। इसके अलावा अन्य विद्यालय में भी कार्यक्रम हुआ।

### दस वर्षीय बालक लापता अपहरण की आशंका व्यक्त

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 के 10 वर्षीय बालक सुशांत कुमार की लपता होने की प्राथमिक की दर्ज की गई है। इसको लेकर के अपहरण का संभावना व्यक्त की गई है। नोखा थाना में आवेदन देकर अमृत राज ने कहा है कि सोमवार के 7 बजे रात्रि में पेंसिल लेने के लिए गया था। जो काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं लौटा तो मंगलवार की सुबह में थाने में जाकर के आवेदन दी गई। मुख्य बाजार में कैमरे की जांच की गई।

**पूर्व मध्य रेल**

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा वर्तमान समय एवं ठहराव के अनुसार निम्नलिखित ट्रेनों के फेरों में वृद्धि की गई है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | कहाँ से – कहाँ तक | परिचालन के दिन | विस्तारित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 03309 | धनबाद–जम्मू तवी | मंगलवार, शनिवार | 03.12.2024 से 31.12.2024 तक | 09 |
| 2. | 03310 | जम्मू तवी–धनबाद | बुधवार, रविवार | 04.12.2024 से 01.01.2025 तक | 09 |

संरचनाः एसी 3 टीयर–20

विस्तृत जानकारी के लिए–www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP

पीआर/01599/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/24–25/40 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर

**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली- 110003**

सं.01/01/2022-पी.III

**विज्ञापन-वापसी**

विज्ञापन संख्या 01/01/2022-पी.III दिनांक 24.12.2024 जिसके द्वारा भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में वैज्ञानिक 'सी' के तीन (03) पदों (पद संख्या 15-17/सी/जेडएसआई) और भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण में वैज्ञानिक 'सी' के एक (01) पद (पद संख्या 27/सी/बीएसआई) को सीधी भर्ती के आधार पर भरे जाने के लिए दिनांक 24.12.2024 के रोजगार समाचार में प्रकाशित किया गया था, को विज्ञापन संख्या 01/01/2022-पी.III में यथा-उल्लेखित सामान्य निर्देश, आवश्यक सूचना और स्पष्टीकरण के खंड 19 (क) के प्रावधानों के अनुसार वापस लिया गया समझा जाए। यह सभी संबंधितों की जानकारी के लिए है।

हस्ता/–
(सत्य प्रकाश)
अवर सचिव (पी.III)

CBC - 13101/11/0011/2425

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

खुली निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 39/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./24–25.
मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा संख्या : टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./39/24–25.
1. कार्य का नाम एवं स्थान : किऊल आर.आर.आई. के संबंध में शेष कार्य का विस्तृत प्राक्कलन। 2. कार्य की अनुमानित लागत (मूल्य टी.आई.एन) : ₹1,09,14,989.58, 3. अग्रधन राशि : ₹2,04,600/–, 4. निविदा खुलने एवं जमा करने कि तारिख और समय : निविदा 12.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। खुलने की तारीख यानी 16.12.2024 को और उसी दिन 12.30 बजे खोला जाएगा। 5. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदि : विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस बेवसाईट : https://www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते है और नोटिस का पूरा विवरण सीनियर डी.ई.ई. (टी.आर.डी)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धि पत्र बेवसाईट पर अपलोड किए जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/
पूमरे/दानापुर

पीआर/01591/डीएनआर/ईटीआरडी/टी/24–25/40

## संक्षिप्त समाचार

### मनाया गया संविधान दिवस



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में मंगलवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाकर संविधान के रक्षा का संकल्प लिया गया। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के सरौनी गांव में नेहरू युवा केन्द्र, नवादा के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी ईशा गुप्ता के निर्देशन में माय भारत मेरा युवा भारत कार्यक्रम के तहत संविधान दिवस के मौके पर विद्यार्थियों को तथा युवा साथी को संविधान के बारे में जानकारी देकर रक्षा करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रभात फेरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर स्वयंसेवक पंकज विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### शांतिपूर्ण पैक्स चुनाव मतदान



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। पैक्स चुनाव 2024 के तहत पहले चरण में जिले के नक्सल प्रभावित कौआकोल प्रखण्ड में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सम्पन्न हो गया। प्रखण्ड के खड़सारी पंचायत को छोड़कर सभी चौदह पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष एवं छह पंचायतों में कार्यकारिणी सदस्य पद के लिये 34 बूथों पर मंगलवार को मतदान कराए गए। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा के मुकम्मल व्यवस्था किये गए थे। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने को लेकर मतदानकर्मियों के अलावे 15 पीसीसीपी एवं 5 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैक्स चुनाव को लेकर तीन बजे तक प्रखण्ड के तीन पंचायतों को छोड़कर 62 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अपने मतों का प्रयोग किया। जबकि समाचार प्रेषण तक प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट, दरावां एवं मंझिला पंचायत में मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई थी।

### नशा मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन




**नवादा (नि.सं.)**। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्त बिहार बनाने के संकल्प के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम सुबह 8:00 बजे आधा दर्जन से अधिक स्कूलों के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी समाहरणालय परिसर से लेकर डायट भवन तक मुख्य मार्ग होते हुए निकाला गया। बच्चों ने तख्ती, बैनर और नारों के जरिए समाज को यह संदेश देने की कोशिश की कि नशा का दुष्परिणाम घातक है। स्वस्थ और समृद्ध समाज बनाने के लिए नशा का परित्याग किया जाना आवश्यक है। प्रभात फेरी को अधीक्षक मद्य निषेध श्री अरूण प्रकाश एवं डीपीओ साक्षरता प्रियंका रानी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। नगर भवन में विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की बुराईयों का त्याग करने के लिए सूचना जन सम्पर्क विभाग के विशिष्ट कलाकारों के द्वारा 10:00 बजे पूर्वा0 से कई नशामुक्त संबन्धी कार्यक्रम पेश किए गए। गीत-संगीत के माध्यम से उपस्थित नागरिकों को नशापान नहीं करने का संदेश दिया गया। उत्पाद अधीक्षक ने मद्य निषेध दिवस पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नशामुक्ति अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। मद्य निषेध लागू होने से जिला में सकारात्मक परिवर्तन आया है। अब अविभावक मादक पदार्थों का सेवन नहीं कर अपने बच्चों को पढ़ाने- लिखाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।अधिवेशन भवन, पटना में मद्य निषेध उत्पाद और निबंधन विभाग द्वारा नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय मंत्री मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग श्री रत्नेश सदा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग 11:00 बजे नगर भवन में बड़े एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, जीविका दीदियां और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर उच्च विद्यालयों में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा नशा मुक्ति के थीम पर स्कूली बच्चों में निबंध लेखन, वाद विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे छात्रों को नगर भवन में अधीक्षक मद्य निषेध, डीपीएम जीविका और निरीक्षक मद्य निषेध के द्वारा ज्ञानवर्धक पुस्तक देकर पुरस्कृत किया गया। ज्ञानवर्धक पुस्तक की व्यवस्था उत्पाद विभाग के द्वारा की गई थी। शराब व नशा के सेवन के दुष्परिणाम के संबंध में स्कूली छात्र एवं जीविका दीदियों ने भी अपना अनुभव मंच से आम जनों के बीच साझा किया। पटना में आयोजित कार्यक्रम का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग प्रखंड मुख्यालयों में प्रदर्शित कर आम जनों को जागरूक किया गया।

### मतगणना के लिए निषेधाज्ञा लागू

**नवादा (नि.सं.)**। पैक्स निर्वाचन 2024 प्रखण्ड कौआकोल हेतु पैक्सों के प्रबंधकारिणी समिति के मतगणना दिनांक 27.11.2024 को किया जाना है। जिला दण्डाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश का संयुक्तादेश के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी, नवादा अखिलेश कुमार द्वारा मतगणना कार्य स्वच्छ निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतगणना केन्द्र के बाहर 200 मीटर की परिधि में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत दिनांक 27.11.2024 को प्रातः 06:00 बजे से निषेधाज्ञा लागू की गयी है। मतगणना हेतु वज्रगृह के०एल०एस० कॉलेज, नवादा में स्थापित किया गया है। मतगणना कार्य प्रातः 08:00 बजे से प्रारंभ होगी एवं यह मतगणना की समाप्ति एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा तक चलेगी। सदर अनुमंडल अन्तर्गत कन्हाई लाल साहु महाविद्यालय नवादा स्थित मतगणना केन्द्र की चारो ओर 200 मीटर की परिधि सहित नवादा नगर परिषद् के सम्पूर्ण क्षेत्र में दिनांक 27.11.2024 के प्रातः 06:00 बजे से मतगणना की समाप्ति एवं सम्पूर्ण परिणाम की घोषणा के चार घंटे बाद तक शाति एवं विधि-व्यवस्था संधारित करने हेतु प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करते हुए निम्नांकित निषेधाज्ञा जारी किया गया है:-1. कन्हाई लाल साहु महाविद्यालय नवादा स्थित मतगणना केन्द्र की चारो ओर 200 मीटर की परिधि सहित नवादा नगर परिषद् के सम्पूर्ण क्षेत्र में दिनांक 27.11.2024 को प्रातः 06:00 बजे से मतगणना की समाप्ति एवं सम्पूर्ण परिणाम की घोषणा के चार घंटे बाद तक 5 (पांच) से अधिक व्यक्ति जमा होकर सभा, प्रचार-प्रसार, धरणा-प्रर्दशन नहीं करेंगे। 2. मतगणना केन्द्र में किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, हथियार, लाठी, गड़ासा, बरछा, फरसा, चाकु छुरा, विस्फोटक पदार्थ एवं आग्नेयास्त्र, विडियो संचार वाहन, मिडिया प्रसार वाहन आदि के साथ प्रवेश नहीं करेंगे एवं किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करेंगे। 3. मतगणना केन्द्र में किसी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता/मतगणना अभिकर्ता माचिस/सिगरेट/लाईटर/घातक हथियार/मोबाईल फोन या संदिग्ध एवं आपत्ति जनक समाग्रियों के साथ प्रवेश करना पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है।4. मतगणना के दिन एवं परिणाम घोषणा के बाद किसी प्रकार का विजय जुलूस, आतिशबाजी एवं नारेबाजी पूर्णतः निषिद्य किया जाता है। 5. शासकीय कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा धारित आग्नेयास्त्र एवं मतगणना आदेश के द्वारा अनुमति प्राप्त मोबाईल फोन/वायरलेस सेट इत्यादि का उपयोग इस निषेधाज्ञा की परिधिसे बाहर रहेगा।

# 37 मतदान केन्द्रों पर 58.72% हुआ मतदान

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र में मंगलवार को पैक्स चुनाव के पहले चरण का मतदान निष्पक्ष एक शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। इस बार जोगियामारण पंचायत को छोड़कर नगर पंचायत एवं 14 ग्राम पंचायतों के पैक्स चुनाव में कुल 58.72% मतदान हुआ। चुनाव के दौरान हो रहे मतदान का निरीक्षण एडीएम नवादा चंद्रशेखर आजाद, एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, एसडीपीओ रजौली गुलशन कुमार एवं नवादा एसडीपीओ के अलावे बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने किया। पैक्स चुनाव को लेकर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था में मतदाताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से सुबह 7 बजे से ही कतार में खड़े होकर अपने बारी का इन्तेजार करते दिखाई दिए। वहीं बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के मतदान केन्द्र पर पहुंचने के बाद मतदानकर्मियों द्वारा विशेष सहयोग किया जा रहा था। एडीएम नवादा ने बताया कि रजौली अनुमण्डल क्षेत्र के रजौली के अलावे सिरदला, मेसकौर व गोविंदपुर प्रखण्ड में पैक्स चुनाव को लेकर मतदान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किया जा रहा है। वहीं एसडीओ रजौली ने कहा कि मतदान के शुरुआती दौर में छोटी-मोटी समस्याएं सुनने को मिली थी, जिसका निपटारा अतिशीघ्र किया गया। उन्होंने कहा कि रजौली में सभी 37 मतदान केन्द्रों पर किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। रजौली में नगर पंचायत एवं 15 ग्राम पंचायतों के लिए 52 पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी समेत 177 सदस्यों ने नामांकन करवाया था। किंतु जोगियामारण पंचायत में पैक्स अध्यक्ष के तीन प्रत्याशियों में दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया और जोगियामारण पंचायत के निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र प्रसाद सिंह निर्विरोध रूप से पुनः पैक्स अध्यक्ष चुने गए। वहीं मंगलवार को नगर पंचायत एवं 14 ग्राम पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्यों के लिए 37 मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। वहीं 49 पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशियों में नगर पंचयात से 5, लेंगुरा से 3, अंधरबारी से 3, अमावां पश्चिमी से 6, रजौली पश्चिमी से 3, मुरहेना से 2, अमावां पूर्वी से 2, सवैयाटांड़ से 2, फरका बुजुर्ग से 2, बहादुरपुर से 4, रजौली पूर्वी से 3, चितरकोली से 4, सिरोडाबर से 3, हरदिया से 3 एवं धमनी से 4 लोगों के भाग्य का फैसला बुधवार को रजौली इंटर स्कूल में होने वाले मतगणना के बाद तय हो पायेगा।

## निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ प्रथम चरण का चुनाव

निज संवाददाता | नवादा

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा संयुक्त रूप से पैक्स निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सिरदला एवं मेसकौर प्रखंड के पैक्स बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रेजाईडिंग पदाधिकारी को निर्देश दिया कि 03:00 अप0 तक पहुंचने वाले मतदाताओं को मतदान केन्द्र में प्रवेश करायें एवं सभी मतदाताओं से शत्-प्रतिशत् मतदान करवाना सुनिश्चित करेंगे। आज जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेसकौर प्रखंड के पैक्स गोदाम मेसकौर में बूथ नम्बर-05 'क' 'ख' एवं 'ग', केशोराम इंटर विद्यालय बिजू विगहा बूथ नं0-03 'क' 'ख' एवं 'ग', पैक्स गोदाम अकौना सिरदला में बूथ नं0-05 'क' 'ख' 'ग' 'घ' एवं 'ड़', मध्य विद्यालय सिरदला में बूथ नं0-12 'क' 'ख' 'ग' एवं 'घ', का निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन के द्वारा सभी बूथों पर मतदाताओं के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी थी। गोविंदपुर, कौआकोल, मेसकौर, रजौली और सिरदला प्रखंडों में पैक्स चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। चुनाव के पहले चरण में कुल 05 प्रखंडों में कुल 01 लाख 14 हजार 54 वोटर्स के द्वारा मतदान किया जाना था जिसमें दोपहर 01:00 बजे तक 45.164 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में हो चुका था। सुबह 07:00 बजे से ही मतदान केन्द्रों पर वोटर्स की काफी भीड़ दिख रही थी। मतदान सुबह से ही शुरू हो गया और बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे थे।

## हंडिया पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण व्यवस्था की मांग

» एसपी को आवेदन पत्र देकर चुनाव में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने की मांग की है।

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड के हंडिया पंचायत में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न हो। इस पंचायत के मुखिया अजय पंडित ने एसपी को आवेदन पत्र देकर आगामी 29 नवम्बर को होने वाले पैक्स चुनाव में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने की मांग की है। कहा है कि इस पैक्स में पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रीता देवी के पति संतोष कुमार व उनके श्वसुर कृष्णदेव सिंह पैक्स मतदाताओं को डराते है।

## संविधान दिवस पर छात्र-छात्राओं के बीच संविधान पर चर्चा

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)



संविधान दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय जमुआवा के बच्चों एवं अभिभावकों के साथ उप विकास आयुक्त नवादा के द्वारा संविधान दिवस मनाकर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। शिक्षक अरविन्द कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन अपसढ पंचायत के मुखिया राजकुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी वारिसलीगंज, जेइ मनरेगा, राजेश कुमार सिंहा प्रखंड साधन सेवी (समावेशी शिक्षा), सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मो. फैय्याज अहमद, दीपक सिंह, डब्लू सिंह सहित सैकड़ो बच्चे एवं अभिभावक के साथ साथ विद्यालय के शिक्षिका दीपिका मोहंती, शोभा कुमारी, नेहा कुमारी, श्यामली सिंहा, मोहम्मद आफताब आलम आदि उपस्थित थे। विद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## नशा आर्थिक-स्वास्थ्य दोनों ही रूप में हानिकारक : प्रधानाध्यपक

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




प्रखण्ड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत स्थित रामलाल इंटर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति दिवस एवं संविधान दिवस को लेकर मंगलवार की प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद के अलावे शिक्षक व शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि नशा करने से आर्थिक नुकसान के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही कहा कि प्रभात फेरी के दौरान लोगों से अपील किया गया कि नशा से दूरी बनाएं रखें, अपने और परिवार के जीवन को खुशहाल बनाएं। लोगों को नशा से दूरी बनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने ज्ञान हमें फैलाना है, नशा को दूर भगाना है, जब जागेगी यह आत्मा तब होगा नशे का खात्मा, नशा जो करता है इंसान कभी ना हो उसका कल्याण जैसे स्लोगन लगाए गए। इस मौके पर बाल संसद के प्रधानमंत्री निशु, शिक्षामंत्री पूनम, खेलमंत्री अंसु, सजग सुहानी, गणित क्लब सलोनी, विज्ञान सोनाली, ज्योति, रचना स्वास्थ्यमंत्री, अर्चिता प्रार्थनामंत्री, सोभा, रिमझिम, सोन, आरजू परवीन, विद्यालय प्रहरी मुस्कान परवीन, वाजिद युथ क्लब, ब्रजेश, अरविंद, विकाश, संदीप, नाजिया तबस्सुम, सुरेंद्र, शमसुन निशा, सोनी, रूही गजाला,मयंक सागर, रवि शंकर, शशि, संगीता और गुलशन के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संविधान दिवस पर छात्र-छात्राओं के बीच संविधान पर चर्चा

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

संविधान दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय जमुआवा के बच्चों एवं अभिभावकों के साथ उप विकास आयुक्त नवादा के द्वारा संविधान दिवस मनाकर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। शिक्षक अरविन्द कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन अपसढ पंचायत के मुखिया राजकुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी वारिसलीगंज, जेइ मनरेगा, राजेश कुमार सिंहा प्रखंड साधन सेवी (समावेशी शिक्षा), सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मो. फैय्याज अहमद, दीपक सिंह, डब्लू सिंह सहित सैकड़ो बच्चे एवं अभिभावक के साथ साथ विद्यालय के शिक्षिका दीपिका मोहंती, शोभा कुमारी, नेहा कुमारी, श्यामली सिंहा, मोहम्मद आफताब आलम आदि उपस्थित थे। जिसे आगंतुक अतिथियों व अभिभावकों ने बच्चों की कला को जमकर सराहा और इसी प्रकार अपने भविष्य को कलात्मक ढंग से संवारने का संदेश भी दिया।

## संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के प्रस्तावना को दुहराया

निज संवाददाता | नवादा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा एवं सुस्मिता कुमारी प्र0 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संविधान के प्रस्तावना को सभी न्यायिक पदाधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा सस्वर दुहराया गया एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अवर न्यायाधीश सह प्र0 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार सुस्मिता कुमारी ने की। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारीगण, व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारीगण एवं तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारीगण उपस्थित हुए एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहायक, स्थायी लोक अदालत कार्यक्रममें शामिल हुए।

## नशा मुक्त दिवस पर स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल किया जागरूक

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



नशा मुक्त दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रखण्ड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चैनपुरा, उर्दू मध्य विद्यालय शेखपुरा, उत्क्रमित उच्य माध्यमिक विद्यालय दाय बिगहा आदि स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी एवं मानव श्रृंखला बना कर लोगों को नशा मुक्त के लिए जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान में स्कूली छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शेखपुरा में बीईओ के देख रेख में स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया। चैनपुरा स्कूल में प्रधान शिक्षिका मुन्नी कुमारी के देख रेख में स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर नशा मुक्त के लिए लोगों को जागरूक किया। स्कूली बच्चों ने हाथ में तख्ती लिए हुए नारा बुलंद करते हुए हम सबने यह ठाना है बिहार को नशा मुक्त बनाना है नारा बुलंद कर लोगों को जागरूक किया। बीईओ ने कहा कि नशा मुक्त के अवसर पर बिहार के लोगों से यह अपील करेंगे कि नशा से दूरी बनाएं रखें, अपने और परिवार के जीवन को खुशहाल बनाये। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति दिवस के लिए अवसर पर प्रभात फेरी निकाल कर नशा से दूरी बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान है। नशा आर्थिक और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है।

## सर्वोदयी नेता व खादी पुरुष त्रिपुरारी शरण की जयंती मनाई गई

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



प्रखंड के सोखोदेवरा गांव अवस्थित जेपी आश्रम में मंगलवार को जेपी आंदोलनकारी व प्रखर सर्वोदयी नेता खादी पुरुष त्रिपुरारी शरण की 98 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की चर्चा की गई। जयंती को लेकर जेपी आश्रम परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। जयंती समारोह में दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया। जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों ने कहा कि त्रिपुरारी बाबू ग्राम निर्माण मंडल के मार्गदर्शक रहने के साथ साथ एक अच्छे समाजसेवी,बेहतर इंसान और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। बिहार में खादी के विकास में उनका अमूल्य योगदान रहा। सामरोह में मौजूद वक्ताओं ने त्रिपुरारी शरण जी के अनुकरणीय प्रसंगों को याद कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की एवं उन्हें राज्य के एक महान विभूति बताया। वक्ताओं ने कहा कि खादी एवं कृषि के क्षेत्र में उनका अमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर केवीके के वैज्ञानिक ग्राम निर्माण मण्डल के डॉ० भारत भूषण शर्मा, दिनेश मण्डल, धीरेंद्र कुमार मन्नू, केवीके के पिंटू पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक आगामी सम्मेलन को लेकर चर्चा

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को नारदीगंज बाजार स्थित निजी भवन में हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा ने की।इस बैठक में जदयू जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य राजीव रंजन, प्रदेश सचिव सह विधानसभा प्रभारी महमूद बक्की समेत अन्य की मौजूदगी में हुआ। जदयू जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य ने कहा आगामी एक दिसम्बर 2024 को नवादा में गांधी इंटर विद्यालय के मैदान में जदयू कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित होगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सभी का सहभागिता जरूरी है। इस सम्मेलन में अधिक से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे, और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी चटटानी एकता का परिचय अवश्य दें। मशविरा लेकर सुझाव दिया गया। मौके पर मीडिया प्रभारी विनोद चौधरी, विक्की कुमार, सुरेश राजबंशी समेत अन्य रहे।

## मनरेगाकर्मी एवं जनप्रतिनिधियोने मनाई संविधान दिवस

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

मंगलवार को पकरी बरमा प्रखंड के कई पंचायतों में मनरेगा के पदाधिकारी, कर्मी और मुखिया जनप्रतिनिधियों द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, कौशल किशोर सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के ग्राम पंचायत गुलनी, एरूरी, और पोक्सी में अमृत सरोवर तालाब के किनारे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मनरेगा पीआरएस, ग्राम पंचायत मुखिया, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की उपस्थिति में संविधान दिवस मनाया गया, और साथ ही सफाई अभियान भी चलाया गया। कौशल किशोर सिंह ने बताया कि संविधान दिवस के इस कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई और संविधान में नागरिकों, महिलाओं, और आम जनमानस को दी गई शक्तियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि संविधान ने लोकतंत्र को मजबूत करने, महिलाओं और नागरिकों को न्याय और समानता का अधिकार दिया है। साथ ही अवसर और राजनीतिक समानता पर भी जोर दिया गया। उन्होंने सभी से यह संकल्प लेने की अपील की कि संविधान की शक्तियों का सम्मान करते हुए हम सभी पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान संविधान की महत्ता और उसके अधिकारों पर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर कौशल किशोर सिंह, अभियंता मनरेगा लालनी रंजन, पीटीए भारत कुमार, अजय कुमार, कर्मी दीपक कुमार, मजदूर और आम नागरिक भी उपस्थित थे।

## सामाजिक बुराई बाल विवाह के विरूद्ध दिलाई जायेगी शपथ

निज संवाददाता | नवादा



बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27.11.2024 से शुभारंभ किया जायेगा। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, नवादा अमरनाथ कुमार ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत के अन्तर्गत बाल विवाह को समाप्त करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता अभियान के तहत बाल विवाह के विरूद्ध 27.11.2024 को शपथ दिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन है जो सीधे तौर पर लड़कियों और लड़कों के जीवन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को खतरे में डालकर उनके भविष्य की संभावनाओं को सीमित करता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 देश भर में लागू है, जिसके तहत् 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों की शादी निषेध है और इनका उल्लंघन करने पर दो साल की जेल या एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का प्रारंभ दिनांक 27.11.2024 से किया जा रहा है, जिसके तहत देश भर में बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर जागरूकता के माध्यम से अंकुश लगाने का कार्य किया जायेगा। इसके सफल कार्यान्वयन हेतु सभी विभागों के पदाधिकारियों, कर्मियों, स्कूल, कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं, अस्पतालों के शिक्षकों एवं चिकित्सा कर्मियों/अधिवक्ताओं एवं पुलिस कर्मियों सभी को बाल विवाह मुक्त भारत संबंधी शपथ दिलायी जायेगी। प्रभारी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा डॉ0 राजकुमार सिंहा द्वारा बताया गया कि बाल विवाह मुक्त अभियान को लेकर जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर सभी कार्यालयों में शपथ दिलायी जायेगी एवं अधिकारीगण, कार्मिको एवं स्थानीय महिलाओं के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है, तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इसलिए, मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि ...

1. मैं बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास करूँगा/करूँगी।
2. मैं सुनिश्चित करूँगा/करूँगी कि मेरे परिवार, पड़ोस और समुदाय में किसी बालिका का बाल विवाह न हो।
3. मैं बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना पंचायत और सरकार को दूँगा/दूँगी।
4. मैं सभी बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए भी अपनी आवाज बुलंद करूँगा/करूँगी और बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माणकरूँगा/करूँगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय जागरण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 15 दिसंबर को

**आरा**| भारतीय जागरण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का सत्र 2024-29 का चुनाव 15 दिसंबर को किला मैदान,बक्सर में होगा। जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की कुल संख्या 64 और सेन्ट्रल स्टैंडिंग कमिटी के सदस्यों की संख्या 53 है। कुल वोटर्स 1197 है। पार्टी के उप निर्वाचन पदाधिकारी देवा नन्द ओझा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष, पूर्व व नव निर्वाचित अध्यक्ष इसके वोटर्स रहेंगे। इसमें दिल्ली, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, बंगाल, उतर प्रदेश आदि के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल होगें। नामांकन दाखिल चुनाव के दिन ही किया जाएगा। चुनाव के बाद राष्ट्रीय परिषद की बैठक भी होगी, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता आगे की रणनीति पर भी विचार करेंगे। चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश्वर मिश्रा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी कमिटी को भंग कर दिया है। ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सके।

### वाहन चेकिंग के दौरान दो गिरफ्तार, कट्टा जब्त

**आरा**। गजराजगंज थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग के क्रम में थाना क्षेत्र के मौलनाचक से आगे चौरसनी गांव जाने वाली सड़क पर रविवार की देर रात एक कट्टा से और तीन मोबाइल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गजराजगंज थाना के थानाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि रविवार की देर रात थाना के पुअनि शैलेश कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के मौलनाचक से आगे चौरसनी जाने वाली सड़क पर वाहन चेकिंग लगाया था।उसी क्रम में एक अपाचे बाइक पर सवार दो लोगों ने पुलिस को देख कर भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने खदेड़कर दोनों लोगों का तलाशी लिया। जिसके बाद पुलिस ने एक कट्टा और तीन मोबाइल फोन बरामद किया। गिरफ्तार लोगों में अभिषेक कुमार पासवान उर्फ़ उद्दू पिता अजय पासवान, समीर कुमार उर्फ सोनू कुमार पासवान पिता ईश्वर दयाल पासवान है। उदवंतनगर थाना के चौकीपुर गांव के निवासी है। तलाशी के क्रम में समीर कुमार उर्फ सोनू कुमार पासवान के कमर से कट्टा और अभिषेक कुमार पासवान उर्फ़ उद्दू के पास से तीन मोबाइल फोन जब्त किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### आज सुबह 10 से शाम 3 बजे तक बिजली बंद

**गड़हनी**| मेंटेनेंस कार्य को ले गड़हनी पावर सब स्टेशन क्षेत्र में मंगलवार के सुबह 10 बजे से साम 3 बजे तक बिजली नही रहेगी। उक्त जानकारी कार्यपालक सहायक मधुरेंद्र दुबे ने दिया। बताया कि जगदीशपुर पावर ग्रिड में 33 हजार केवी में मेंटेनेंस कार्य होना है। जिसके कारण गड़हनी के सभी फीडरों में बिजली नही रहेगी। मेंटेनेंस कार्य पहले भी समाप्त होने पर बिजली बहाल कर दिया जाएगा। सभी क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील है कि पानी सहित सभी जरूरी कार्य सुबह 10 बजे के पहले कर लें। जिससे कोई परेशानी नहीं हो।

### साढ़े तीन घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**आरा**। आनंद नगर फीडर से सोमवार को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक आनंदनगर फीडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जिसके कारण आनंदनगर, बस स्टैंड, श्री टोला, जवाहर टोला, सपना सिनेमा, सपना सिनेमा मोड़, नेहरू नगर, मवेशी हॉस्पिटल, शिवपुर, रीगल होटल एवं उसके आस पास के क्षेत्र की बिजली उक्त अवधि में प्रभावित रहेगी। मोम फैक्ट्री फीडर से सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जिसके कारण धनुपरा, बायपास रोड, डीएवी स्कूल के आस पास, ब्ल्यू हेवेन, रिलायंस जियो पेट्रोल पंप, आईटीआई कॉलेज एवं उसके आस पास के क्षेत्र की बिजली साढ़े तीन घंटे प्रभावित रहेगी। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य में आ रहे पोल एवं पेड़ों को छटाई एवं पोल गाड़ने का कार्य किया जायेगा।

### बक्सर में अवैध हथियार सप्लाई का भंडाफोड़

**बक्सर**। बक्सर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को अवैध हथियार सप्लाई करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बक्सर डीएसपी धीरज कुमार ने घटना की पुष्टि की है। फिलहाल, दोनों अपराधियों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। अपराधियों के पास से एक राइफल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चक्रहंसी गांव के रहने वाले मंटू सिंह और प्रकाश कुमार सिंह अपने घरों में अवैध हथियार और कारतूस रखे हुए हैं। ये भी जानकारी मिली थी कि प्रकाश कुमार सिंह अवैध हथियारों की सप्लाई में भी संलिप्त है। जानकारी की पुष्टि को लेकर टीम गठित की गई और दोनों व्यक्तियों के घरों पर छापेमारी कर और तलाशी ली गई।

**एक आरोपी के घर से दो नाली बंदूक, 10 जिंदा कारतूस बरामदः** तलाशी के दौरान मंटू सिंह के घर से एक दो नाली बंदूक, 10 जिंदा कारतूस और 3 खाली खोखे बरामद किए गए। पूछताछ में मंटू सिंह संतोषजनक जवाब देने में असमर्थ रहे और न ही किसी प्रकार के वैध कागजात प्रस्तुत कर सके। मंटू सिंह को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

**पुलिस को देख भागने लगा दूसरा आरोपी, पुलिस ने दबोचाः** डीएसपी के मुताबिक, दूसरे आरोपी प्रकाश कुमार सिंह के घर जब छापा मारा गया, तो एक व्यक्ति भागने की कोशिश करता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया गया। उसकी पहचान प्रकाश कुमार सिंह के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल और मैगजीन में 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी संतोषजनक जवाब देने में असमर्थ रहा। दोनों आरोपियों को मुफस्सिल थाना लाया गया और उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा जख्मी

**आरा**। आरा-बड़हरा-एकवना पथ पर रविवार की देर शाम छोटका लौहर गांव के पास बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना में एक युवक जख्मी हो गया है। सड़क दुर्घटना में मृत युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी गुप्तेश्वर पासवान (20 वर्ष) था। वह कामेश्वर पासवान का पुत्र था। जख्मी युवक रोहतास जिला के डेहरी-ऑन-सोन निवासी नीरज प्रसाद बिंद है। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष संतोष कुमार पुलिस-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव का पहचान व पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा। सड़क दुर्घटना में युवक के मौत की खबर सुन मृतक के घर कोहराम मच गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया की गांव में द्वारिका बिंद के घर छठीयार का कार्यक्रम था। इसी दौरान खाना बनाने ने दौरान किराना का कुछ सामान घट गया था। जिसे लेने के लिए मृतक और जख्मी युवक दोनों बाइक से फरना बाजार एक दुकान पर गए हुए थे। देर शाम लगभग नौ बजे सामान लेकर लौटने के दौरान विपरीत दिशा से तेज गति से अज्ञात पिकअप वाहन के आमने सामने की टक्कर में युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई। पुत्र के मौत की खबर सुनते ही माता फुलेश्वरी देवी सहित तीन बहनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।

### रतनपुर में शिविर लगाकर 150 लोगों का स्वास्थ्य जांच

**गड़हनी**| चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर अमृत मठ के बैनर तले गड़हनी मेडिकल टीम के द्वारा गड़हनी प्रखण्ड के रतनपुर दलित टोला में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जांच शिविर में स्वास्थ्य प्रभारी चिकित्सक सुनील महेंद्र कपूर, चिकित्सक विवेक कुमार सिंह, मनन भगत के नेतृत्व में करीब 150 महिला-पुरूष व बच्चों का जांच किया गया। डायबिटीज़, बीपी, ब्लड टेस्ट सहित कई जांच लैब टेक्नीशियन मोहन सिंह के द्वारा की गई। जांच के बाद सभी लोगों को निःशुल्क दवा दिया गया। साथ ही जो भी गंभीर रोग से ग्रसित मरीज से उनको सीएचसी में बेहतर इलाज को ले बुलाया गया है। इस मौके पर फार्मासिस्ट आशुतोष मिश्रा, परिचार द्वारिका ठाकुर, अजय कुमार, सुशीला कुमारी सहित कई कर्मी मौजूद थे।

# पैक्स चुनाव के दौरान मारपीट, जमकर बवाल

**निज संवाददाता | बक्सर**

बक्सर के सगरा में पैक्स चुनाव के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, वर्तमान पैक्स अध्यक्ष आशीष राय ने अपने घर में ही पोलिंग बूथ बना लिया। रामपुर कला से प्रत्याशी नवीन राय ने इसका विरोध किया। नवीन राय के समर्थकों का कहना है कि विरोध पर आशीष राय के समर्थकों ने उनसे मारपीट की। मारपीट की घटना के बाद नवीन राय के समर्थकों ने मंगलवार को मोहनिया-बक्सर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। साथ वोट बहिष्कार की भी बात कही गई। हालांकि, सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारी और पुलिस ने समझा बुझाकर सड़क जाम हटा दिया। फिलहाल, रामपुर पंचायत के सागर बूथ पर कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान जारी है।



**सड़क जाम कर बैठे नवीन राय के समर्थक ने क्या कहाः** सड़क जाम कर बैठे विनोद राय ने बताया कि रामपुर कला से नवीन राय प्रत्याशी हैं। सोमवार शाम में नवीन राय के साथ हमलोग डोर-टू-डोर कैंपेन के लिए सगरा गए थे। वर्तमान पैक्स अध्यक्ष आशीष राय का घर सगरा में है। जब हम लोग कैंपेनिंग के लिए पहुंचे, तो आशीष राय, उनके पिता और भाई ने करीब 10-12 लोगों के साथ हम लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। हम लोग किसी तरह वहां से जान बचाकर भागे। विनोद राय ने कहा कि चुनाव प्राधिकार से निर्देश आया था कि 24 घंटे के अंदर सरकारी विद्यालय पर बूथ बना मतदान कराया जाए, लेकिन इस निर्देश को अनदेखा करते हुए आशीष राय के अपने घर पर ही पोलिंग बूथ बनवा लिया। लिहाजा, रामपुर गांव के सारे मतदाता ने वोट बहिष्कार किया है।

**जहां मारपीट का आरोप, वहां के लोगों ने क्या कहाः** नवीन राय के समर्थक विनोद राय ने जहां जानलेवा हमले का आरोप लगाया, वहां के लोगों से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि नवीन राय वोटिंग से पहले दलित बस्ती में शराब और पैसा बांटने आए थे। आशीष राय के समर्थक आलोक राय ने बताया कि नवीन राय और विनोद राय दलित बस्ती में शराब और पैसा बांट रहे थे, वे जिन्हें पैसा दे रहे थे, उन लोगों ने ही नवीन राय और उनके समर्थकों को भगाया है। मारपीट का गलत आरोप लगाया जा रहा है। वही इस संबंध में मौके पर पहुंचे प्रखंड कृषि पदाधिकारी की ओर से बताया गया कि कुछ कारण से ये लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम लोग प्रदर्शनकारियों की शिकायतों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे।

## पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी पर जानलेवा हमला, सिर पर चोट

**निज संवाददाता | बक्सर**



बक्सर के चौसा प्रखंड के सगरा गांव में रामपुर पैक्स के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नवीन राय पर जानलेवा किया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पीड़ित प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने विरोध में चुनाव का बहिष्कार और चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। नवीन राय ने इसकी जानकारी देर रात वीडियो जारी कर दी है। नवीन राय ने बताया कि मैं सगरा गांव में जनसंपर्क अभियान के लिए गया था। इस दौरान वर्तमान पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी आशीष राय और उनके लगभग 20 समर्थकों ने घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में मेरा सिर फट गया। स्थानीय अनुसूचित बस्ती के लोगों के हस्तक्षेप के बाद हमलावर भाग गए। इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं होने पर सड़क जाम और चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी गई है।

**दोषियों पर कार्रवाई करने की मांगः** भाजपा नेता और पैक्स सदस्य प्रतिनिधि राजा राय ने घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र पर सीधा हमला है। जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन प्राधिकरण के आदेशों का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तो चुनाव का बहिष्कार और सड़क पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। इस घटना ने चुनावी प्रक्रिया और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र के लोगों में भी घटना को लेकर आक्रोश है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी अशोक सिंह ने कहा कि हल्की झड़प की सूचना मिली थी। जिसके बाद राजपुर थाना प्रभारी को सूचना दी गई थी।

## प्रभात फेरी के दौरान ऑटो ने छात्र को मारी टक्कर

**निज संवाददाता | बक्सर**

बक्सर में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जागरूकता फैलाने के लिए मंगलवार को आयोजित प्रभात फेरी के दौरान एक अनियंत्रित ऑटो ने लेन में चल रहे छात्र को टक्कर मार दी। जिसमें 12 वर्षीय छात्र घायल हो गया। घटना पीपरपांती रोड पर घटी। घायल बच्चे को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। उमेश राय गजाधर गंज निवासी प्रदीप कुमार राय का पुत्र है। इस हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस तरह की घटनाओं को रोकने और सुरक्षा प्रबंधों को सुदृढ़ करने की मांग की है। प्रभात फेरी का आयोजन जिला प्रशासन, शिक्षक समूहों और छात्रों की भागीदारी से किया गया था। इसका उद्देश्य नशीले पदार्थों और जहरीली शराब के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह रैली सुबह किला



मैदान से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए फिर किला मैदान पर समाप्त हुई।

**कड़ी कार्रवाई की मांगः** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सौरभ आलोक ने बताया कि प्रभात फेरी के लिए पहले से ही रूट निर्धारित किया गया था। लेकिन ऑटो चालक का प्रवेश कैसे हुआ, यह जांच का विषय है।घायल छात्र के परिजनों ने प्रशासन से दोषी ऑटो चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने प्रशासनिक सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े किए हैं। इस तरह के आयोजनों में सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है।

# बक्सर में किसानों का निकाली चेतावनी रैली

**निज संवाददाता | बक्सर**

◆ लंबित मांगों को पूरी करने के लिए 3 महीने का अल्टीमेटम, किसान नेता के हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग

बक्सर के किला मैदान से किसानों के अधिकारों और लंबित मांगों को लेकर चेतावनी मार्च निकाला गया। जो पुलिस चौकी, ज्योति चौक और अंबेडकर चौक होते हुए कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर पहुंच सभा में तब्दील हो गया। जहां किसानों ने घंटो गेट जामकर नारेबाजी की। इस दौरान हाथ में झंडा और बैनर पोस्टर लिए हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहे। मार्च का नेतृत्व बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक सिंह कर रहे थे। जिन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से किसानों ने केंद्र सरकार को वादाखिलाफी के खिलाफ तीन महीने का अल्टीमेटम देने का काम किया है। साथ ही बनारपुर के किसान अशोक तिवारी को




हत्यारे को जल्द जल्द गिरफ्तार कर किसान परिवार को न्याय देने की मांग की गई है। आगे बताया कि चौसा थर्मल पावर प्रभावित किसान हो या बक्सर निवासी वैसे किसान जिनकी एनएच में जा रही जमीन का सही भुगतान करने की मांग की गई है।सरकार से किसानों ने मांग की है कि जमीन के दाम में हर साल 10% वृद्धि मानकर मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

**तीन महीने का अल्टीमेटनः** किसान रामप्रवेश यादव ने 20 मार्च को बक्सर जिले के बनारपुर, कोचाढी और मोहनपुरवा में हुए पुलिसिया अत्याचार के दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी सभी लंबित मांगों को पूरा करे।इसको लेकर चेतावनी रैली के माध्यम से तीन महीने का अल्टीमेटन दिया गया है।

**किसानों की अन्य प्रमुख मांगेंः** किसानों से बिना सहमति के भूमि अधिग्रहण पर रोक। बाजार दर से चार गुणा मुआवजे का भुगतान। चौसा, कैमूर, बिहटा सहित अन्य इलाकों में जमीन की कीमत नए सिरे से निर्धारित करना। दोषी अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई।

# सम्मानित होने वाले 145 टॉपरों की सूची की जारी

**निज संवाददाता | आरा**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने छठे दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले टॉपरों की सूची जारी कर दिया है। 145 टॉपर छात्र-छात्राओं की सूची जारी की गई है। विश्वविद्यालय ने सूची में आपत्ति के लिए 27 नवंबर तक का समय दिया है। अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन 28 नवंबर को होगा। उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधि/मेडल प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की तिथि 28 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवारुल हक अंसारी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में पीएचडी, पीजी, एमबीए, एमसीए और एमएड के छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल मिलेगा। विश्वविद्यालय के पोर्टल पर दीक्षांत समारोह से जुड़ी सारी जानकारी अपलोड कर दी गई है। इस बार दीक्षांत में सत्र 2016 से 2023 तक के पीजी टॉपर और पीएचडी डिग्री वाले शोधार्थी जो 31 अक्टूबर 2024 तक पीएचडी किए है, उन्हें डिग्री मिलेगी। हालांकि दीक्षांत समारोह की तिथि, स्थल और समय की सूचना अभी पूर्णत निर्धारित नहीं किया गया है। कमेटी के सदस्य डॉ नरेंद्र



पालित ने बताया कि एमएड सत्र, 2017-19 में टॉपर रही दीक्षा तिवारी, सत्र, 2018-2020 की टॉपर ज्योति कुमारी , सत्र, 2019-21 के छात्र चंदन कुमार एवं सत्र 2020-22 की टॉपर कुमारी सोनम को गोल्ड मेडल मिलेगा। एमबीए सत्र, 2016-18, 2017-19, 2018-20, 2019-21, 2020-22 और 2021-23 के टॉपरों को गोल्ड मेडल मिलेगा। एमसीए सत्र, 2015-18, 2016-19, 2017-20, 2018-21, 2019-22 और 2020-23 के टॉपरों को गोल्ड मेडल मिलेगा। पीजी सत्र, 2016-18, 2017-19, 2018-20, 2019-21, 2020-2022 और 2021-23 के टॉपरों को गोल्ड मेडल मिलेगा। इसकी सूची जारी कर दी गई है। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति और शिक्षा मंत्री शामिल होंगे। अंतिम बार वर्ष 2019 में हुआ था दीक्षांत समारोह इसके पहले वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में अंतिम बार वर्ष 2019 में पांचवां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ था। उस वक्त तत्कालीन कुलाधिपति शामिल हुए थे। उसके बाद वर्ष 2020 के अंत और वर्ष 2021 की शुरुआत में दीक्षांत समारोह होना था, लेकिन नहीं हो पाया। विद्यार्थियों से दीक्षांत के नाम पर राशि भी ली गयी। उस वक्त होने वाले दीक्षांत समारोह में पीजी सत्र 2016-18 और 2017-19, एमएड सत्र 2017-19, एमसीए सत्र 2015-18 व 2016-19 एवं एमबीए सत्र 2016-18 व 2017-19 के टॉपर छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया जाना था। पीएचडी डिग्री वाले शोधार्थी जो एक जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2020 के बीच पीएचडी किए है, उन्हें डिग्री मिलनी थी। उपरोक्त सत्र में जिन छात्र-छात्राओं ने पहले शुल्क जमा किया था उनको समारोह में शामिल होने के लिए दुबारा राशि नहीं जमा करना पड़ेगा।

## आयुष्मान वंदन से मिलेंगे अतिरिक्त

**निज संवाददाता | आरा**



अब 70 प्लस आयु वर्ग के जिन लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बन रहा है, उनका भी आयुष्मान वंदन कार्ड बनाया जा रहा है। ऐसे में 70 उम्र से अधिक बुजुर्ग लाभुक दोहरा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आयुष्मान के जला समन्वयक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि पहले से 70 प्लस के आयुष्मान कार्डधारी भी आयुष्मान वंदन कार्ड बनवा सकते हैं। पहले से 5 लाख रुपए तक का इलाज का लाभ प्राप्त करने वाले लाभुक भी आयुष्मान वंदन कार्ड बनवा अतिरिक्त 5 लाख का इलाज से संबंधित लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए जिले में जोर-शोर से जागरुकता अभियान व विशेष शिविर भी लगाया जा रहा है। 70 प्लस के अलावे भी जिन लाभुकों ने अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाए है, वैसे लाभुक भी केंद्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। जागरूकता के लिए डीएम तनय सुल्तानिया ने रविवार को 70 प्लस आयु के वृद्ध आयुष्मान वंदन कार्ड के ज्यादा से ज्यादा लाभुक बने, इसके लिए प्रचार वाहन को रवाना किया। डीएम ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रचार के लिए 10 प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवना किया है। इस दौरान सिविल सर्जन शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, राज्य शिकायत निवारण पदाधिकारी सह कार्यक्रम के नोडल पंकज कुमार, डीएपीएम रविरंजन व आयुष्मान जिला समन्वय मृत्युंजय कुमार उपस्थित थे। 70 उम्र से अधिक के लाभुक आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं : डीएम डीएम तनय सुल्तानिया ने कहा कि आयुष्मान कार्ड व 70 प्लस आयु वर्ग के लोग आयुष्मान वंदन कार्ड जिन लोगों ने अब तक नहीं बनवाया है, जल्द से जल्द बनवा लें।

# पैक्स चुनाव के फर्स्ट फेज की वोटिंग कल



◆ बक्सर में मतदान कर्मी मतपेटी लेकर हुए रवाना, 188 बूथ पर कुल 1 लाख 2 हजार 666 मतदाता डालेंगे वोट

**निज संवाददाता | बक्सर**

बक्सर में पैक्स चुनाव के फर्स्ट फेज की वोटिंग को लेकर चुनाव प्रचार थम गया है। सोमवार शाम को वोटिंग के लिए मतदान कर्मी प्रखंड मुख्यालय से मत पेटी लेकर रवाना हो गए। मतदान सामग्री लेने के कारण चौसा, सिमरी, चौगाई, राजपुर, चक्की और ब्रम्हपुर ब्लॉक कैंपस में दिनभर गहमागहमी रही। अब मंगलवार को इन प्रखंडों में सुबह सात से शाम तीन बजे तक वोट डाले जाएंगे। अगर देर शाम तक मतदान कार्य जारी रहा, तो मतगणना अगले दिन बुधवार को कराई जाएगी।

**188 बूथ पर वोटर्स करेंगे मतदानः** बक्सर में पैक्स चुनाव के फर्स्ट फेज की वोटिंग के लिए कुल 188 बूथ बनाए गए हैं, जहां कुल 1 लाख 02 हजार 666 मतदाता वोट डालेंगे। कल यानी मंगलवार को चौसा,सिमरी,चौगाई,राजपुर,चक्की और ब्रम्हपुर प्रखंड में वोटिंग होगी। जिला प्रशासन ने भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली है। चौसा प्रखंड के बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि चौसा के कुल 7 पैक्स में चुनाव कराए जाएंगे। मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान कार्य को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को ले पूरी तैयारी की गई है। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि वोटिंग के लिए तीन मतदान केन्द्र पर एक PCCP बनाया गया है। 8 मतदान संेटर पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। अध्यक्ष पद के लिए लाल रंग का मतपत्र रहेगा।

# सैन्य सम्मान के साथ सूबेदार को अंतिम विदाई




◆ बक्सर के श्रीकृष्ण राम की जम्मू में हार्ट अटैक से गई थी जान, सैनिकों ने 15 राउंड हवाई फायरिंग कर दी अंतिम विदाई

**निज संवाददाता | बक्सर**

बक्सर के मझरिया गांव के रहने वाले सूबेदार 65 साल के श्रीकृष्ण राम की सोमवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। वे असम राइफल्स में तैनात थे। रविवार को जम्मू में ड्यूटी के दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिससे बाद उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए एडमिट कराया गया था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर सोमवार को बक्सर के मझरिया गांव लाया गया,जहां उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिवार के लोग जुटे। इस दौरान लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और भारत माता की जय के नारे भी लगाए।

**1976 में असम राइफल्स में हुए थे शामिलः** सूबेदार श्रीकृष्ण राम 1976 में असम राइफल्स में भर्ती हुए थे। करीब तीन महीने पहले उनका तबादला दीमापुर से जम्मू-कश्मीर में हुआ था। देश सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले श्रीकृष्ण राम के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके पार्थिव शरीर को मझरिया गांव से बक्सर के श्मशान घाट लाया गया। यहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेना के जवानों ने 15 राउंड फायरिंग कर उन्हें सलामी दी।

**परिवार में तीन बेटेः** श्रीकृष्ण राम अपने पीछे तीन पुत्र छोड़ गए हैं। इनमें से एक की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटे अविवाहित हैं। तीनों बेटे गांव में ही रहकर पढ़ाई कर रहे हैं और नौकरी की तलाश में हैं। परिवार का कहना है कि श्रीकृष्ण राम अपने जीवनभर देश सेवा के लिए समर्पित रहे और उनका सपना था कि उनके बेटे भी सफलता की ऊंचाइयों को छुएं। उनके अंतिम संस्कार में स्थानीय लोग, सेना के अधिकारी और जवान शामिल हुए। सभी ने उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के प्रति उनके समर्पण को याद किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में लगी आग, कई डॉक्यूमेंट जले

**भागलपुर**। मेडिकल कॉलेज की नौलखा बिल्डिंग स्थित माइक्रोबायोलॉजी विभाग में सोमवार की सुबह आग लग गई। आग मामूली थी जिसका किसी को पता नहीं चला। जब बिजली के केबल में आग की लपटें दिखीं तो सुरक्षा गार्ड शोर मचाने लगे। या। आग पांच बजे लगी थी और अग्निशमन विभाग की टीम 8.30 बजे पहुंची। इसके बाद आग पर काबू पाया गया।इसमें लगभग दो घंटे लगे। इस दौरान विभाग की एसी, फ्रीज व टेबल पर रखे कई जरुरी डाक्यूमेंट जल गए। आग बुझाने में और देर होती तो लपटें प्राचार्य चेंबर तक पहुंच सकती थीं। अग्निशमन विभाग के अनुमंडल पदाधिकारी नागेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मेडिकल कॉलेज का ऑडिट किया जाएगा। जहां कमियां होंगी उसे ठीक करने को पत्र दिया जाएगा। इधर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. केके सिन्हा ने बताया कि आग लगने से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। कोई महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट नहीं जला है। बिजली के केबल में ढीली वायरिंग थी जिसमें आग लग गई थी। वायरिंग ठीक कराई जाएगी।

### 47 सदस्यों ने एमईसी अध्यक्ष को दिया है अधिकार, 24 को हुई सभा असंवैधानिक : डॉ. फारूक

**भागलपुर**। मुस्लिम एजुकेशन कमेटी में विवादों का दौर थम नहीं रहा है। जहां एक ओर सोमवार की दोपहर एमईसी हॉल में प्रेसवार्ता कर डॉ. फारूक अली व इंजीनियर मोहम्मद इस्लाम खुद को अब भी महासचिव और अध्यक्ष होने का दावा कर रहे हैं। डॉ. फारूक अली ने कहा कि 12 नवंबर 2023 को एमईसी के 47 सदस्यों ने चुनाव कराने को लेकर सारा अधिक एमईसी के अध्यक्ष इंजीनियर इस्लाम को दे दिया था। इसके बाद अविश्वास प्रस्ताव पारित कर सभा में नए महासिचव और अध्यक्ष का चयन कैसे कर लिया गया? दरअसल, अविश्वास प्रस्ताव के लिए जो सभा 24 नवंबर को एमएम डिग्री कॉलेज में हुई है वह असंवैधानिक तरीके से हुई। सभा में लिए गए सभी निर्णय भी सही नहीं है। यह बुलडोजर सरकार बनी है। इसमें गैंगस्टर शामिल हैं। एमईसी के उपाध्यक्ष व संयुक्त सचिव को कोई अधिकार नहीं हैं कि वे सभा बुलाये। जब हम अब भी महासचिव के पद पर कायम हैं तो प्रभार क्यों देंगे। प्रभार लेने वाले यह कौन होते हैं? एमईसी के 38 साल में 14 साल महासचिव के पद पर रहे हैं लेकिन आज तक मेरे उपर कोई आरोप नहीं लगा है। फारूक अली ने कहा कि एमईसी का चुनाव होने तक महासचिव के पद पर बने रहेंगे। चुनाव में कोई भी जीत कर आयेगा, उसके बाद उन्हें प्रभार दे दिया जाएगा। हमें कोई लालच नहीं है। इंजीनियर इस्लाम ने कहा कि गलत तरीके से नए महासचिव और नए अध्यक्ष का चयन किया गया है। इसे हम मानने को तैयार नहीं हैं।

### बूढ़ानाथ पार्क में लगे डिज्नीलैंड मेले से लोगों को परेशानीः कांग्रेस

**भागलपुर**। कांग्रेस की जिला इकाई के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. अभय आनंद ने बताया कि निविदा शर्तों के अनुरूप टेंडर विजयश्री प्रेस को मिला था, जो कि निविदा को पूरा नहीं करता है। निविदा की शर्तें पूरी नहीं थी। इसके बाद एजेंसी से ठेका वापस ले लिया गया। शर्तों को सुधारने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाना चाहिए। सवाल किया कि आगे जो भी एजेंसी सैंडिस की कार्यप्रणाली का टेंडर लेगी वो इसे चला पाएगी। बताया कि जय प्रकाश उद्यान में दो तालाब है, जहां असामाजिक तत्वों का जमावाड़ा रहता है। जिला प्रशासन ने इसे जल जीवन हरियाली मिशन से इसके जीर्णोद्धार की बात की थी। सैंडिस कंपाउंड के बाहर ग्रीन जोन विकसित किया जा सकता है। बूढ़ानाथ पार्क में लगे डिज्नीलैंड मेले से लोगों को परेशानी हो रही है।


### स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**मुंगेर**। लायंस क्लब ऑफ मुंगेर सिटी द्वारा डायबिटीज जागरूकता जांच और रक्तचाप जांच के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 45 लोगों की जांच की गई और चिकित्सकीय परीक्षण कर जरूरी दवा लिखी गई। स्वस्थ जीवन के लिए परामर्श दिया गया।

# भागलपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज में रैगिंग के बाद बवाल

## पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप, प्राचार्य की गाड़ी का शीशा भो तोड़ डाला

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज में रैगिंग को लेकर विवाद बढ़ गया। फर्स्ट सेमेस्टर के छात्राओं की रैगिंग शाम 5 बजे ही सीनियर ने शुरू कर दी थी। दो गुटों में विवाद हो गया। मामले की सूचना पर विवाद सुलझाने के लिए प्राचार्य पहुंचे। मौके पर उनकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने छात्रों को समझाने की कोशिश की। इसके बाद छात्रों ने पुलिस वाहन पर हमला कर दिया। जिसमें दो-चार पुलिसकर्मी घायल हुए।

**पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोपः** मामला उग्र होते देख जिले के वरीय अधिकारियों ने कई थाने की पुलिस को घटना स्थल पर भेज कॉलेज को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप है। घायल छात्र सौरभ कुमार को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा गया है। कुछ और भी छात्र के जख्मी होने की सूचना है। जिनको सदर अस्पताल भी भेजा गया है। सिटी एसपी डॉ के.रामदास, डीएसपी सहित कई पुलिस पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे।

**एक-दूसरे पर लगाया आरोपः** सिटी एसपी डॉक्टर के रामदास ने बताया कि जख्मियों को इलाज के लिए मायागंज व सदर अस्पताल भेज दिया गया है। छात्रों के गुट और कॉलेज प्रशासन से बात कर मामले को शांत कर लिया गया, हालांकि, दूसरे पक्ष में छात्रों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके साथ भी मारपीट की। जिससे वह घायल हो गए। आरोप लगाया कि प्राचार्य की गाड़ी के शीशे पुलिस वालों ने ही तोड़ा है। सिविल इंजीनियरिंग के शिक्षक आशीष कुमार सिंह ने बताया कि वह प्राचार्य के साथ घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उनसे वहां रात में होने का कारण पूछा और उन पर लाठी बरसाने लगे। हालांकि पुलिस का कहना है कि छात्रों ने ही प्राचार्य की गाड़ी के शीशे तोड़े। वाहन पर हमला किया बताया गया की लाठी चार्ज के दौरान कई छात्रों का लैपटॉप और मोबाइल भी टूट गया है।

## बाजार से लेकर एनएच तक सड़क व फुटपाथ घेरे रहते वाहन, लगता है जाम

निज संवाददाता। भागलपुर

- चौक पर लगे ट्रैफिक सिग्नल से पहले ही राहगीर जाम झेलते हैं।
- अतिक्रमण . परिवहन व ट्रैफिक पुलिस की नजर ऐसे वाहनों पर नहीं पड़ रही है

शहर के मुख्य बाजार से लेकर एनएच किनारे वाहनों की कतार लगी रहती है। ऐसे में जाम की स्थिति पैदा होने के साथ ही राहगीरों को समस्या होती है। थानों के बाहर मेन रोड पर भी वाहन जब्त कर लगा दिया गया है। अब ऐसे वाहनों के पास स्मार्ट सिटी में नया कूड़ा घर बन गया है। कूड़ा सड़क तक फैल रहा है। तय हुआ था कि थानों के बाहर वाहनों को जब्त करके नहीं रखा जाएगा। इन वाहनों के कारण जाम लगता है। बाजार में पार्किंग नहीं होने के कारण लोग बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करते हैं। शहर में बाइपास, तिलकामांझी रोड, हटिया रोड, मुख्य बाजार और स्टेशन के आसपास ऐसी ही जाम लगता रहता है। तिलकामांझी चौक से पहले थाने के सामने लंबे समय से एक ट्रक खड़ा है। पुलिस ने ट्रक को जब्त करके सड़क किनारे खड़ा कर दिया है। अब वहां पर कूड़ा फेंका जाने लगा है। स्मार्ट सिटी के तहत बना यह रोड ट्रक के कारण चौक के आसपास जाम झेल रहा है। ट्रैफिक सिपाहियों से लेकर पुलिस तक को इसकी जानकारी है लेकिन हटाने के बारे में किसी ने नहीं सोचा। जिले के बड़े-बड़े अधिकारी सड़क से निकलते हैं। चौक पर लगे ट्रैफिक सिग्नल से पहले ही राहगीर जाम झेलते हैं। पीक ऑवर में जाम ज्यादा लगता है। शहर की मुख्य बाजार में शामिल हटिया रोड पर भी रोजाना जाम लगता है। नर्सिंग होम, मेडिकल स्टोर व सब्जी मंडी लगने के कारण समस्या ज्यादा होती है।

## भागलपुर में झाड़ी में फेंका मिला नवजात, रोने की आवाज सुन एक महिला ने उठाया

निज संवाददाता। भागलपुर



- पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

भागलपुर में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार को एक नवजात झाड़ी में फेंका हुआ मिला है। नवजात की रोने की आवाज सुनकर वहां से गुजर रही महिला ने उसे उठाया। इसके बाद वो नवजात को अपने घर लेते आई। घटना की जानकारी महिला ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस नवजात को अस्पताल लेकर आई। यहां इलाज के बाद नवजात को मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामला मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव पंचायत के वार्ड नंबर एक राजपूत टोला स्थित एक झाड़ीनुमा खेत का है। आशंका जताई जा रही है कि आसपास के लोगों ने ही मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना को अंजाम दिया है। हालांकि, बच्चा किनका है यह अभी तक किसी को पता नहीं चला है। समय रहते नवजात शिशु को महिला ने देख उसकी जान बचाई है। मुसहरी गांव की रहने वाली झुलवा देवी ने बताया कि वह अपनी बेटी समझ कर उठा लिया था। यह सोचकर बच्ची को अपने घर ले चली गई थी कि उसे अपनी बेटी बनाकर उसका भरण पोषण करेगी। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस को बच्चों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक नाथनगर अनाथालय के दत्तक ग्रहण की कोऑर्डिनेटर अनुश्री भी बच्चे की बेहतर देखभाल के लिए लगी रही स्वस्थ होने तक नवजात को शीशे में रखा जाएगा। थाना प्रभारी सफदर अली ने बताया कि नवजात को इलाज के लिए भेजा गया है।

## रंगारंग मार्च पास्ट के साथ आज होगा वार्षिक खेलकूद की होगी शुरुआत

निज संवाददाता। मुंगेर

- पहली बार आयोजन. कुलपति करेंगे उद्घाटन, आरडी एंड डीजे कॉलेज के स्पोर्ट्स ग्राउंड में ट्रैक तैयार

मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए 26 नवंबर का दिन खेल के मामले में ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। 18 मार्च, 2018 में स्थापना के बाद इन 6 सालों में पहली बार वार्षिक खेलकूद सह एथलेटिक मीट का आयोजन होगा। इसके लिए आरडी एंड डीजे कॉलेज का स्पोर्ट्स ग्राउंड सज धजकर तैयार है। सोमवार को ग्राउंड में ट्रैक तैयार कर लिया गया है। जंप व थ्रो प्रतियोगिता के लिए कोर्ट तैयार किए गए हैं। वेन्यू मैनेजमेंट एवं ग्राउंड व ट्रैक तैयारी कमेटी के सदस्य सुबह से ही मुस्तैद रहे। ग्राउंड में डॉ. प्रियरंजन तिवारी, डॉ. संजय मांझी, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. श्याम कुमार, डॉ. अजय कुमार प्रभाकर, गुंजेश कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। डीएसडब्ल्यू प्रो. बीसी पांडेय एवं क्रीड़ा सचिव डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि एनुअल स्पोर्ट्स सह एथलेटिक मीट का उद्घाटन कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी करेंगे। वे एथलेटिक मीट के चेयरमैन सह चीफ पेट्रॉन भी हैं। उद्घाटन समारोह में बैंड की धुन पर मार्च पास्ट होगा। कॉलेज ध्वज के अलावा रंग-बिरंगे परिधानों में खिलाड़ी मार्च पास्ट में भाग लेंगे। जिसकी सलामी कुलपति लेंगे। मार्च पास्ट में एनसीसी के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। मीट में करीब 20 टीमों के भाग लेने की संभावना है। जिसमें 15 अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेजों की टीम ने भागीदारी की सूचना दे दी है। एनएसएस के वॉलंटियर्स भी आयोजन को सफल बनाने में मुस्तैद रहेंगे। 28 को समापन और पुरस्कार वितरण होगा।

## हाउसिंग बोर्ड से देसी शराब बनानेवाले दो तस्कर धराए, 5 शराब पीते पकड़ाए

**भागलपुर**। हाउसिंग बोर्ड इलाके से देशी शराब बनानेवाले दो धंधेबाजों को बरारी पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि योगेंद्र मंडल व मो. हसीम वहां अवैध तरीके से देशी शराब बना रहे थे। 20 लीटर देशी शराब व शराब बनाने के सामान पुलिस ने जब्त किए। पुलिस को सूचना मिली थी कि बहुत दिनों से वहां पर देशी शराब अवैध तरीके से बनाई जा रही थी। पुलिस जब वहां पहुंची तो पांच लोग शराब पीते हुए मिले। उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। पहली बार बरारी स्थित हाउसिंग बोर्ड इलाके से अवैध शराब बनाने का सामान पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार सालभर पूर्व भी आधी रात को एक महिला शराब के नशे में वहां हंगामा कर रही थी। आसपास के लोगों ने उसे उठाकर सड़क से एक घर के पास रखा और पुलिस को कॉल कर बुलाया था। पुलिस ने महिला को पूछताछ के लिए जीप में बैठाना चाहा तो वह सड़क पर ही लेट गई थी। बाद में उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया था।

### प्राचार्य बनाने के मामले में राजभवन को फिर दिया पत्र

**भागलपुर**। मारवाड़ी कॉलेज से पीजी मैथिली विभाग भेजकर वहां के हेड बनाए गए डॉ. रामसेवक सिंह ने कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करने के लिए फिर राजभवन को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि राजभवन ने इस मामले में 28 अक्टूबर को टीएमबीयू को कार्रवाई करते हुए 15 दिनों में रिपोर्ट देने और इसकी सूचना आवेदक को भी देने का निर्देश दिया था। लेकिन विवि प्रशासन ने उन्हें कोई सूचना नहीं दी है। इसलिए राजभवन उन्हें न्याय दिलाए। डॉ. रामसेवक सिंह ने राजभवन को दिए पत्र में कहा है कि चूंकि मारवाड़ी कॉलेज में कमिशन से बहाल प्रिंसिपल नहीं हैं इसलिए कॉलेज के ही सबसे वरीय शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य बनाया जाता रहा है। जब इस आधार पर उनके प्रभारी प्राचार्य बनने की बारी आई तो विवि ने जबरन उनका तबादला पीजी मैथिली विभाग में कर दिया और कॉलेज से पूर्व में पीजी विभाग में भेजे गए शिक्षक को वापस कॉलेज बुलाकर प्रभारी प्राचार्य बना दिया गया।

### सकरी नदी पर पुल निर्माण हो : संजय

**मुंगेर**। सुंदरी बांध के सकरी नदी पर पुल निर्माण के लिए राजद बिहार प्रदेश अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष संजय कुमार बिंद ने मुख्यमंत्री सचिवालय को पत्र लिखा है। तारापुर प्रखंड के बेलाडीह पंचायत अंतर्गत बेलबिहमा अंतर्गत सकरी नदी पर 2 मार्च 2024 से पुल का कार्य प्रारंभ हुआ था। पुल प्रारंभ होने से पूर्व पुराने ढांचा को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था। कुछ कार्य करने के बाद एजेंसी ने कार्य बंद कर दिया और सारा मटेरियल वहां से उठाकर ले गए। उन्होंने कहा कि जो डायवर्सन बनाया गया है, वह ठीक नहीं है। चार चक्का वाहन, एम्बुलेंस, शव वाहन का आना-जाना पूरी तरह बंद है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला पदाधिकारी मुंगेर को 18 अक्टूबर को संज्ञान में दिया था। बावजूद अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इस रास्ते से कई गांव का आवागमन होता है, परंतु पुल नहीं बनने से ग्रामीण लोग दूसरे गांव घूम कर कई किलोमीटर अनावश्यक दूरी तय कर आते जाते हैं। जिससे समय और पैसा दोनों की बर्बादी होती है।

### नात प्रतियोगिता की विजेता बनी कशिश फैमिली

**मुंगेर** । शाह फैमिली वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में नात प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी विजेता कशिश फैमिली बनी। जिसे प्रथम पुरस्कार के तौर पर पांच हजार नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार फैमिली शाहिद और तृतीय पुरस्कार सैफ ने जीता। निर्णायक मंडली में हकीम फैमिली अनवर हिलाल, गुलाम फैमिली मेहर, मौलाना अहमदुल्लाह, सेवानिवृत शिक्षक अबू मोहम्मद आदी थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शाह फैमिली वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य शब्बीर हुसैन ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बच्चे आज शिक्षा की अहमियत को समझें और नबी पाक की सुन्नत पर अपना जीवन गुजारें। हम आगे भी ऐसे आयोजन करेंगे और इससे बड़े आयोजन की तरफ़ यह हमारा पहला कदम है। हकीम फैय्याज हसन फैजी ने कहा कि आज हमारे बच्चे अल्लाह के दीन से दूर हो रहे हैं। इसलिए उनका नैतिक और चारित्रिक पतन हो रहा है। यह आवश्यक है कि उन्हें हम नबी की जीवनी, उनके आदर्श एवं संदेशों के बारे में बताएं। मंच संचालन समाजसेवी फर्रह शकेब ने किया। उन्होंने मंच संचालन करते हुए छात्रों और प्रतिभागियों से नबी की सुन्नत पर व्यवहारिक रूप से चलने की बात कही। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जेआरएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. इकबाल हसन आज़ाद ने बच्चों और छात्रों से "कुरान और पैगंबर की शिक्षाओं का पालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य, बुद्धिजीवी व अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में मौलाना आज़ाद, मौलाना एजाज़, मौलाना अहमद, और मौलाना शम्स तबरेज ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अब निर्माण सामग्रियों की जांच निगम करेगा

**भागलपुर**। घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करनेवाले ठेकेदारों की अब पहचान होगी। अगर वे ऐसा करने की कोशिश भी करेंगे, तो उनका भुगतान रुक जाएगा। नगर विकास और आवास विभाग ने मेटेरियल क्वालिटी कंट्रोल ऑफिस खोलने का परमिशन दे दिया है।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk,
Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878;
e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**TENDER CANCELLATION NOTICE** 25/11/2024

NIT No: - JUIDCO/NIT/Chatt-Hari/UWSS/635
Tender ID: - 2024_UDD_95653_1
PR No:- 338636
Project Title: **Chhatarpur & Hariharganj Integrated Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 340381 (Urban Development and Housing)24-25*D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू**

**ई0—निविदा सूचना**
**e-TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q1/2025/4336**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0—निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2025 से 31.03.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि— 09.12.2024 से 14.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि— 09.12.2024 से 14.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि— 16.12.2024 से 18.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि । (EMD) (2500/— से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि— 16.12.2024 से 18.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुल ने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 20.12.2024 को पूर्वाहन 11 .30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :—
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 340323 (District) 24-25 (D)

**कार्यालय जिला दण्डाधिकारी—सह—उपायुक्त, पलामू।**
**(जिला शस्त्र शाखा)**
दूरभाष सं0—06562—224033 (का)/224044(आ) Email Id: dc-pal@nic.in

**आम—सूचना**

विधानसभा आम चुनाव, 2024 की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। आदर्श आचार संहिता समाप्ति की घोषणा के फलस्वरूप पलामू जिला में पंजीकृत शस्त्र अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्रों को स्थानीय थानें/शस्त्रागार दूकान में जमा शस्त्र को मुक्त किया जाता है। सभी अनुज्ञप्तिधारी अपने जमा शस्त्रों को स्थानीय थाना/शस्त्रागार दूकान से प्राप्त कर लें।

ह0/—
उपायुक्त, पलामू।

PR 340394 (Palamu) 24-25 (D)

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायलय परिसर पलामू)**
**फोन नं0 8757269596**

झारखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के पत्रांक 3529 दिनांक 22/11/2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू में 10 (दस) पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल **कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक,/कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ट्रांसजेंडर (Transgender)** में से किया जाना है।

**महत्वपूर्ण निर्देशः—**
1. आवेदक की निम्नतम आयु 01/01/2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक की निम्नतम् शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबद्ध नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए) के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश—सह—अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू (व्यवहार न्यायलय परिसर) के पते पर कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक **06/12/2024** तक निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथों हाथ जमा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. पारा लीगल वोलेनटियर का **चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक,/कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ट्रांसजेंडर (Transgender)** में से किया जाएगा।
6. पी0 एल0 वी0 के रूप में कार्य हेतू करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. झारखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोड़कर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0 एल0 वी0 को उसके कार्य हेतू नहीं मिलता है।
8. पी0 एल0 वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारों को आमलोगों और कानूनी सेवा संस्थानों, सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेन्टियर के हेतू समर्पित किया जाता है।

**पारा लीगल वोलेन्टियर हेतू आवेदन प्रपत्र**
1. अभ्यर्थी का नामः—
2. पिता/पति का नामः—
3. माता का नामः—
4. जन्म तिथि, दिन/माह/वार्श
5. लिंगः—
6. जातिः—
7. जन जाति/स्थानीय भाषा का ज्ञानः—
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यताः—
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरणः—
10. स्थानीय पता और संपर्कः—
11. स्थायी पताः—
12. मोबाईल नम्बरः—

**घोषणा :—**
मैं .................................. घोषणा करता/करती हूँ किः
(क) मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोषसिद्ध हुआ/हुई हूँ।
(ख) मैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय परिसर पलामू द्वारा प्रदत्त कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सदभावना पूर्वक झारखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा/करूँगी।
**स्थान :**
**दिनांक :** **अभ्यर्थी का हस्ताक्षर**

**नोटः— साक्षात्कार की संभावित तिथि 09 दिसंबर से 11 दिसंबर 2024 है।**
**इसकी सूचना व्यवहार न्यायालय के Website https://palamu.dcourts.gov.in पर दी जाएगी।**
**अलग से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

आदेशानुसार
प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश—सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

PR 340330 (Palamu) 24-25 (D)

# दिसंबर में बिहार की यात्रा पर निकलेंगे तेजस्वी

**आरजेडी विधायकों से बोले- सत्र के बाद सीधे क्षेत्र में जाइए, ऐसा काम कीजिए की दोबरा सदन में जा सके**



**पटना, एजेंसी।** उपचुनाव में चार सीटों पर करारी हार के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एक बार फिर बिहार की यात्रा पर निकल रहे हैं। सोमवार को विधायक दल की बैठक में उन्होंने पार्टी के विधायकों को टास्क दिया है। विधानसभा चुनाव-2025 के लिए अभी से ही पूरी तरह से एक्टिव होने को कहा है। तेजस्वी ने अपने विधायकों से कहा है कि शीतकालीन सत्र खत्म होने के बाद दिसंबर माह में फिर से यात्रा पर निकलेंगे। अधूरी पड़ी कार्यकर्ता आभार यात्रा को पूरा करेंगे। आपलोग अपने-अपने क्षेत्र में जाइए और लोगों से मिलिए। अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय जनता दल के साथ जोड़िए। आपलोग क्षेत्र में इस तरह से काम कीजिए कि फिर से सदन में आ सकें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत कीजिए।

सूत्रों की मानें तो उपचुनाव में मिली करारी हार पर मीटिंग में कोई चर्चा नहीं हुई है। हालांकि यात्रा का शेड्यूल अभी जारी नहीं हुआ है। इसकी जानकारी आगे दी जाएगी। शीतकालीन सत्र के पहले सदन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का आरजेडी विधायकों ने स्वागत किया। तेजस्वी ने विधायकों को 2025 की तैयारियों में अभी से ही जुट जाने का निर्देश दिया है। शीतकालीन सत्र के पहले सदन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का आरजेडी विधायकों ने स्वागत किया। तेजस्वी ने विधायकों को 2025 की तैयारियों में अभी से ही जुट जाने का निर्देश दिया है।

## सरकार को घेरने की तैयारी में आरजेडी

बता दें, सीएम नीतीश कुमार भी शीतकालीन सत्र के बाद महिला संवाद यात्रा पर निकलेंगे। इसके लिए कैबिनेट से 256 करोड़ रुपए की मंजूरी भी दी गई है। विपक्ष सदन में इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। पार्टी की ओर से 28 नवंबर को जिला मुख्यालयों में स्मार्ट मीटर और 65 फीसदी आरक्षण के सवाल पर धरना दिया जाएगा।

## दिसंबर में कार्यकर्ता आभार यात्रा पर फिर से निकलेंगे

तेजस्वी यादव पर आरोप लगता रहा है कि वे अपनी कोई भी यात्रा पूरी नहीं करते हैं। बीच में ही छोड़ देते हैं। शायद यही वजह है कि नेता प्रतिपक्ष कार्यकर्ता संवाद यात्रा को पूरा करेंगे। इससे पहले आभार यात्रा को लेकर आरजेडी की ओर से गाइडलाइन जारी किया गया था। कार्यकर्ताओं और नेताओं को सेल्फी लेने की मनाही थी। मीडिया की एंट्री पर भी बैन था। तेजस्वी बंद कमरे में पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं से मिलकर फीडबैक ले रहे थे।

### 28 नवंबर को झारखंड जाएंगे तेजस्वी

जानकारी के मुताबिक तेजस्वी यादव 28 नवंबर को शीतकालीन सत्र में मौजूद नहीं रहेंगे। हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में रांची जाएंगे। रांची के मोहराबादी मैदान में झारखंड की नई सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम है। इसमें राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी आ रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बहाने विपक्षी नेताओं का जुटान होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लक्ष्य से अधिक केस निष्पादन में सात रेल थानेदार पुरस्कृत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अक्टूबर में लक्ष्य से अधिक केस का निष्पादन करने वाले रेल थाना के सात थानेदारों को रेल एसपी विद्या सागर ने पुरस्कृत किया है। इन्हें गुड सर्विस और एक-एक हजार रुपये नकद दिए गए हैं। साथ ही इस पुरस्कार को सर्विस बुक में भी अंकित करने का निर्देश दिया है। रेल जिला मुजफ्फरपुर के अधीन रेल थाना मुजफ्फरपुर के थानेदार इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, रेल थाना सीवान के इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, रेल थाना सुगौली के इंस्पेक्टर शरद कुमार रंजन, रेल थाना छपरा कचहरी के दारोगा विकास कुमार सिंह, रेल थानाध्यक्ष दारोगा जयनगर की वीणा देवी और सोनपुर रेल थानेदार दारोगा धर्मेंद कुमार को पुरस्कृत किया है।

### बिना टिकट वालों ने भरा 116 करोड़ जुर्माना

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पूर्व मध्य रेलवे ने वर्ष 2024-25 के अभियान के तहत जनवरी से 31 अक्टूबर 2024 तक बिना टिकट यात्रा करने वालों से 116.69 करोड़ की राशि वसूली है। 19.21 लाख मामले भी दर्ज किये हैं। पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग की ओर से यह रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023-24 में 237.89 करोड़ का जुर्माना 39.54 लाख से अधिक बेटिकट यात्रियों ने भरा था। वहीं, 2022-23 में 38.51 लाख लोगों को रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा था, जिनसे 237.93 करोड़ जुर्माना की वसूली की थी। सोनपुर रेलमंडल के सीनियर डीसीएम रौशन कुमार ने बताया कि रेलवे की ओर से बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की गयी है। प्रमुख स्टेशनों पर औचक जांच कराई जा रही है। अभियान से बिना टिकट यात्रा करने वालों के अनुपात में भारी कमी आयी है। साथ ही रेलवे का राजस्व भी बढ़ा है।

### विवाहिता ने खायी जहर ,मौत

**छपरा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र स्थित नवादा गांव में सोमवार को 25 वर्षीया विवाहिता ने जहर खा कर आत्म हत्या कर ली। मृतका अनिता देवी गांव के अमित प्रसाद की पत्नी बतायी गई है। थानाध्यक्ष सुप्रभात कुमार ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया। मृतका को एक पुत्री है। जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। गांव में चर्चा है कि संभवतः पारिवारिक तनाव के कारण अनिता ने जहर खाया। उसे इलाज के लिए एकमा स्थिति एक निजी नर्सिंग में दाखिला कराया गया था पर बच न सकी।

### 30 तक स्नातकोत्तर में नामांकित छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन

**पूर्णिया, एजेंसी।** 30 नवम्बर तक स्नातकोत्तर में नामांकित छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन होगा। इस संदर्भ में पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पवन कुमार झा के निर्देश पर रजिस्ट्रेशन विभाग के द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है। जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि सत्र 2024-26 में नामांकित स्नातकोतर के सभी छात्र- छात्राएं, जो अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण किये हैं, उनका ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र भरने की तिथि 26 से 30 नवम्बर तक निर्धारित कर दी गयी है। पीजी में ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र भरने के लिए 500 रुपये शुल्क का निर्धारण किया गया है। शुल्क के साथ पंजीयन 26 से 30 नवम्बर तक किया जायेगा। पूर्णिया विश्वविद्यालय से स्नातक कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय या बीएड उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पंजीयन शुल्क नहीं लगेगा तथा उन्हें ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र भी नहीं भरना है। पूर्णिया विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को अपना पंजीयन प्रपत्र तथा अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को माइग्रेशन सार्टिफिकेट कॉलेज के स्नातकोत्तर विभाग में जमा करना अनिवार्य है।

# संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम का महाराजगंज में हुआ आयोजन

**निज संवाददाता | महाराजगंज (सिवान)**



संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, छपरा द्वारा महाराजगंज स्थित गोरख सिंह महाविद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन कर बी एन सिंह सेवानिवृत प्रधान न्यायाधीश प्रो अभय सिंह निदेशक गोरख सिंह महाविद्यालय दिनेश कुमार सिंह सचिव अधिवक्ता संघ महाराजगंज, प्राचार्य महाविद्यालय द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। इस अवसर पर सीबीसी, छपरा के सर्वजीत सिंह ने विषय प्रवेश में कहा कि आज संविधान दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के तहत तीन नए आपराधिक कानून जो कि जुलाई 2024 में लागू हुए है उस पर चर्चा भी करेंगे। इन कानूनों का मुख्य उद्देश्य भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाना, उसे अधिक कुशल और न्यायसंगत बनाना है। संविधान हमे मजबूत, सशक्त और जिम्मेदार बनाता है। यह समानता का अधिकार के साथ कई प्रकार के मौलिक अधिकार भी नागरिकों को प्रदान करता है। कार्यक्रम को संबंधित करते हुए सेवानिवृत न्यायाधीश बी एन सिंह ने कहा कि हमारा देश संविधान से चलता है। हमे अपने कानूनों की जानकारी होनी चाहिए ताकि हम एक जिम्मेदार नागरिक की जिम्मेदारी बखूबि न्रिभा सके। अंग्रेजी हुकूमत के समय से चले आ रहे कानूनों का वर्तमान समय में बदलाव किया गया। यह तीन नए कानून है भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। वर्तमान समय सूचना और प्रौद्योगिकी का है जिसमें यह कानून लोगों को सहूलियत देने वाला साबित होगा। अब प्राथमिकी ई माध्यम से दर्ज करवाया जा सकेगा। मुकदमों के निष्पादन में तेजी आएगी क्यों की तय समय सीमा में अब कार्य किए जाएंगे। जांच के दायरे को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया जाएगा जिसका कानून में प्रावधान है। इस तरह से नया क़ानून मील का पत्थर साबित होगा। वही दिनेश कुमार (सचिव) अधिवक्ता संघ महाराजगंज, ने बताया कि भारत की अखंडता मजबूत संविधान का परिचय देता है। भारत के हर नागरिक को संविधान की जानकारी होनी चाहिए। आज जानकारी के अभाव में कई बार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। देश को आज से पांच महीने पहले तीन नए आपराधिक कानून मिले है। इन कानूनों में कई सुविधाएं भी है मसलन सख्त समय सीमा के साथ तीव्र परीक्षण, छोटे-मोटे अपराधों के लिए सज़ा के रूप में सामुदायिक सेवा आदि। संशोधन के बाद जो भी कानून बनाए जा रहे हैं उसकी सही और सटीक जानकारी हमें रखनी होगी तभी हम राष्ट्र के प्रगति में सहायक होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य ए के सिंह ने कहा कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद थे जो कि यही के रहने वाले थे। महान विभूतियों ने भारत का संविधान बनाया। हमे अगर अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो कानून का पालन करना होगा। डॉ भीम राव अंबेडकर ने भारतीय संविधान को अंतिम रूप दिया।आज नए युग में नए क़ानून व्यवस्था से निश्चय ही हम सभी को लब मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों के साथ स्थानीय लोगों ने विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और सभी जवाब दे कर पुरस्कार जीता। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रिशु और रानी ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन नोडल पदाधिकारी सर्वजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं विभाग के अशोक कुमार और निशांत कुमार उपस्थित थे।

# जीवन के लिए जल संरक्षण आवश्यक : डॉ. विद्यानाथ

**दरभंगा, एजेंसी।** जीवन के लिए जल संरक्षण आवश्यक है। जल के प्राकृतिक स्त्रोत के साथ ही जलाशयों के समुचित संरक्षण, जल का मितव्ययिता से उपयोग तथा बेहतर जल प्रबंधन कर जल संरक्षण किया जा सकता है। एमएल एकेडमी में राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, पटना के उत्प्रेरण तथा साइंस फॉर सोसाइटी, बिहार के समन्वय में बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम 2024 के तहत विज्ञान शिक्षकों के लिए सोमवार को आयोजित कार्यशाला में पूर्व प्रधानाचार्य व वनस्पति विज्ञानी डॉ. विद्यानाथ झा ने उक्त बातें कही। सतत भविष्य के लिए जल संरक्षण पर चर्चा करते हुए डॉ. झा ने पोखरों एवं चौर आदि का विशेष रूप से उल्लेख किया। बेहतर भविष्य के लिए समृद्ध जैव विविधता पर चर्चा करते हुए लनामिवि के साइंस डीन प्रो. प्रेम मोहन मिश्रा ने कहा कि सृष्टि में जीवन की निरंतरता को कायम रखने के लिए जैव विविधता का समृद्ध एवं संतुलित होना आवश्यक है। जैव विविधता के लिए उत्तरदायी उन मानवीय गतिविधियों की उन्होंने चर्चा की जिससे जैव विविधता पर संकट उत्पन्न होता है। इस क्रम में उन्होंने कीटनाशक एवं पीड़कनाशी दवाओं के छिड़काव से जैव विविधता के लिए हो रहे संकट पर बल दिया। लनामिवि के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. मुस्तफा कमाल अंसारी ने फसल उत्पादन पर इकोलॉजीकल कारकों के प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि मानवीय गतिविधियों के कारण पर्यावरण के जैविक एवं अजैविक दोनों ही घटकों पर दुष्प्रभाव पर रहा है और इससे भूमि, जल एवं हवा की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ रहा है जिससे फसल की उत्पादकता प्रभावित हो रही है।

# संविधान दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



**निज संवाददाता | पटना**

संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की केंद्रीय संचार ब्यूरो,सीबीसी, पटना द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) विक्रम, पटना में मंगलवारजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित, नालंदा कालेज, बिहारशरीफ के शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ ध्रुव कुमार, सीबीसी पटना के प्रमुख सह उपनिदेशक संजय कुमार, डाइट, विक्रम के प्रचार्य डॉ नवल ठाकुर, पूर्व शिक्षक अजय सहित अन्य के द्वारा कर के किया गया। इस अवसर पर सीबीसी पटना के प्रमुख सह उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि संविधान दिवस के आयोजन के पीछे मकसद है लोगों को संविधान के बारे में जागरूक करना है। क्योंकि संविधान हमें हर तरह के मौलिक अधिकारों से मजबूत बनाता हैं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को संविधान और कानून में संशोधन के बारे में जानकारी होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2024 से लागू तीन नये कानून के बारे में सभी को जानकारी होनी चाहिये जो दंड नहीं बल्कि न्याय दिलाने का काम करता है। मौके पर नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ के अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ ध्रुव कुमार ने भारतीय संविधान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा संविधान विश्व में सबसे सर्वश्रेष्ठ है जो हमें एक जुट रखने का काम करता है।उन्होंने कहा कि भारत की अखंडता के पीछे हमारा मजबूत संविधान है।उन्होंने तीन नए कानून की चर्चा करते हुए कहा कि संविधान में संशोधन होते रहे हैं और तीन नए कानून भी इसमें शामिल है जिसका उद्देश्य पीड़िता को न्याय दिलाना है। इस अवसर पर डाइट के प्रचार्य डॉ नवल ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश को संचालित करने के लिए संविधान का निर्माण किया गया।उन्होंने कहा कि बहुत मंथन कर डॉ भीम राव अंबेडकर ने भारतीय संविधान को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा कि अंग्रजों ने भारतीयों को दण्ड देने के लिए कानून बनाये थे जिसमें बदलाव कर न्याय के लिए कानून में संशोधन किया गया है।

# तेजस्वी यादव का ललन सिंह पर हमला:बोले- ये लोग लाठी, तलवार बांटने वाले लोग हैं

## हिम्मत है तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएं

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** विधायक अमर पासवान के पिता और पूर्व विधायक मुसाफिर पासवान की तीसरी पुण्यतिथि पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मुजफ्फरपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री ललन सिंह द्वारा मुस्लिमों को लेकर दिए गए बयान पर हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये नफरत फैलाने वाले दंगा कराने वाले तलवार बांटने वाले लोगों के साथ खड़े हैं। इनसे क्या उम्मीद की जा सकती है। हमलोग नौकरी, बेरोजगारी काम की बात करते हैं। लेकिन ये लोग सिर्फ नफरत फैलाने जात-धर्म की बात करते हैं। तेजस्वी यादव ने ललन सिंह को कहा कि अगर हिम्मत है तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाए। ये लोग काम की बात नहीं करते। सदन में जदयू के तो इतने सांसद हैं हीं कि बिहार के लिए आवाज उठा सके। लेकिन अब तक इन लोगों ने क्या किया। वहीं, तेजस्वी यादव ने कहा कि तिरहुत स्नातक क्षेत्र से राजद प्रत्याशी गोपी किशन की जीत सुनिश्चित है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग काम की बात करते हैं। मुद्दे की बात करते हैं। नौकरी, बेरोजगारी की बात करते हैं। बिहार को आगे ले जाने की बात करते हैं। बता दें कि



मुजफ्फरपुर के बोचहां के राजद विधायक अमर पासवान के पिता पूर्व विधायक मुसाफिर पासवान की तीसरी पुण्यतिथि पर नाजीरपुर स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के अलावा राजद के कई विधायक मौजूद रहे।

## गंडक कॉलोनी के आवास से हटाया गया अवैध कब्जा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति के बाद भी तिरहुत नहर प्रमंडल के रामदयालुनगर स्थित गंडक कालोनी में आवासीय भवन पर लेखा लिपिक द्वारा किए गए कब्जा को खाली कराया गया। तिरहुत नहर प्रमंडल की ओर से डीएम को इससे अवगत कराते हुए खाली कराने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने एसडीओ पूर्वी अमित कुमार को कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसके आलोक में दो दंडाधिकारी और पुलिसकर्मियों की तैनाती कर सरकारी आवास को खाली कराया गया। विभाग ने भवन में अपना ताला लगा दिया। इसकी रिपोर्ट तिरहुत नहर अंचल के अधीक्षण अभियंता को भेज दी गई। एसडीओ पूर्वी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। आवास खाली कराकर संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है।

# पीपीयू का दीक्षांत समारोह 16 दिसंबर को, 29 टॉपर्स को मिलेगा गोल्ड मेडल




**पटना, एजेंसी।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 16 दिसंबर को होगा। इसमें स्नातकोत्तर के 700 छात्र-छात्राओं को ऑन स्पॉट डिग्री प्रदान की जाएगी। वहीं करीब 10 हजार पीजी छात्रों को डिग्री जारी की जाएगी। जो छात्र समारोह में डिग्री प्राप्त नहीं करेंगे वे बाद में विवि से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त रेगुलर और वोकेशनल मिलाकर करीब 29 विषयों के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। समारोह श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में होगा। कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर टॉपरों को गोल्ड मेडल देंगे। कुलपति प्रो प्रो आरके सिंह ने सोमवार को बैठक कर सभी अधिकारियों को समारोह की तैयारी करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। पीपीयू के 26 नियमित कोर्स और तीन वोकेशनल कोर्स में 18 छात्राएं टॉपर्स हैं।

### संभावित टॉप 30 की सूची वेबसाइट पर जारी

संभावित गोल्ड मेडलिस्ट और टॉप 30 की सूची ऑनलाइन वेबसाइट पर डाल दी गई है। उसमें अगर किसी छात्र-छात्रा को आपत्ति है तो वह 28 दिसंबर तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। आपत्ति नहीं आने पर जारी सूची को फाइनल मान लिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि लिस्ट में अगर कोई आपत्ति है तो विद्यार्थी 28 नवंबर तक ई-मेंल पर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इसमें आएं आपत्ति का निराकरण कर गोल्ड मेडल दिए जाएंगे।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 दिसंबर

समारोह के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। अभ्यर्थी 1400 रुपए ऑनलाइन जमा कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 10 दिसंबर तक छात्र-छात्राएं समारोह के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। छात्र-छात्राओं को पारंपरिक परिधान में उक्त तिथि को उपस्थिति होकर डिग्री प्राप्त करना है और शपथ ग्रहण करना है। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. एके नाग ने बताया कि ड्रेस कोड के बिना समारोह में उपस्थित होना वर्जित है। छात्रों को उजला कुर्ता-पाजामा, लेमन येलो मालवीय पगड़ी पहननी है। छात्राएं लेमन येलो साड़ी जिसमें लाल बॉडर हो, पहन सकती हैं।

## सफाई मजदूर संघ ने भी दी हड़ताल की चेतावनी दी

**भागलपुर, एजेंसी।** एक जोन के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच बिहार राज्य सफाई मजदूर संघ की भागलपुर इकाई ने भी एक दिसंबर से हड़ताल की घोषणा कर दी है। इससे शहर में एक बार फिर से कूड़े का अंबार लगने की आशंका बन गई है। जहां एक तरफ हड़ताल की अवधि का मानदेय काट लेने से नाराज वार्ड 14 से लेकर 33 तक के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर रखी है। वहीं, हड़ताल के दौरान समझौते के अनुरूप विभिन्न मांगों को पूरा नहीं होने पर बिहार राज्य सफाई मजदूर संघ की भागलपुर इकाई की ओर से नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर एक दिसंबर से हड़ताल की चेतावनी दे दी गई है।

# खड़े ट्रक में ट्रेलर ने मारी जोरदार टक्कर हादसे में चालक की दर्दनाक मौत

- पुलिस और प्रशासन ने किया शव को बाहर निकालने का कठिन प्रयास
- सड़क पर यातायात व्यवस्था में आई रुकावट
- सड़क सुरक्षा और वाहन चालकों की जिम्मेदारी पर जोर



**निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)**

जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सेमरबार रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एनएच 139 मुख्य मार्ग पर सोमवार की रात एक खड़े ट्रक में ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भयंकर हादसे में ट्रेलर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए और चालक बुरी तरह से ट्रेलर के केबिन में फंस गया। हादसे की सूचना मिलते ही हरिहरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी मशीन से ट्रेलर के केबिन में फंसे चालक के शव को निकाला गया। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार, एनएच 139 मुख्य मार्ग पर पहले से एक ट्रक सड़क के किनारे खड़ा हुआ था। ट्रक खड़ा होने के बाद, औरंगाबाद से गढ़वा की ओर जा रहा एक ट्रेलर अचानक अनियंत्रित हो गया और तेज गति से खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि ट्रेलर के चालक का केबिन बुरी तरह से दब गया और वह उसमें बुरी तरह फंस गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद हरिहरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को बाहर निकालने के लिए जेसीबी और क्रेन की मदद ली। करीब आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने बड़ी मुश्किल से चालक के शव को केबिन से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया। हादसे में जान गंवाने वाले ट्रेलर चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के रियोटिपुर निवासी कन्हैया सिंह यादव के 21 वर्षीय पुत्र राम बहादुर सिंह यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ट्रेलर चालक राम बहादुर का शव जब बाहर निकाला गया, तो उनकी स्थिति बहुत ही गंभीर थी, और उनकी मौत मौके पर ही हो चुकी थी। हादसे के बाद, एनएच 139 मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया था। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और ट्रेलर को सड़क से हटाने के बाद यातायात बहाल किया गया। हालांकि, दुर्घटना स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि यातायात व्यवस्थित रूप से चले और अन्य वाहन चालक सावधानी बरतें। इस प्रकार के हादसे जिले में लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जहां तेज गति से चलने वाले वाहन अक्सर अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े वाहनों से टकरा जाते हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क पर सावधानी बरतें और गाड़ी चलाते वक्त गति सीमा का पालन करें। साथ ही, वाहनों की नियमित जांच और वाहन चालक की जिम्मेदारी को लेकर जागरूकता बढ़ाने की भी आवश्यकता बताई गई है। हरिहरगंज पुलिस ने इस घटना को लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और दुर्घटनास्थल पर जांच भी जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रेलर चालक के खिलाफ भी कुछ ग़लतियों की जांच की जा रही है, जिनके कारण यह दुर्घटना हुई। इस हादसे ने एक बार फिर से सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की महत्वता को उजागर किया है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे कम से कम हो सकें।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**निज संवाददाता | पलामू**

पलामू में दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार चार लोग जख्मी हो गए। घटना सोमवार की रात तरहसी थाना क्षेत्र के शाहद औऱ बेदानी के बीच विशुनपुरा गांव में हुई। मृतक की पहचान पाटन के दीपउवा निवासी वीरेंद्र राम (35) के रूप में की गई। घायलों में वीरेंद्र अपनी पत्नी किरण देवी, सास प्रतिमा देवी (50) और दूसरी बाइक सवार लेस्लीगंज के डबरा निवासी उपेंद्र रजक (25), जपला हुसैनाबाद के उदय रजक (32) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वीरेंद्र पत्नी और सास के साथ बाइक से जगतपुरवा मोड़ से आगे जा रहा था। इसी दौरान सामने से उपेंद्र रजक बाइक से आ रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उपेंद्र रजक ने गलत साइड से आकर वीरेंद्र राम की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद सभी लोग सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने सभी को वहां से उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेजा। वहीं, मंगलवार को वीरेंद्र राम के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## ड्यूटी करने गये जवान के घर से चोरों ने की लाखों के गहने और नकद की चोरी

**निज संवाददाता | गढ़वा**



गढ़वा जिले के सबसे सुरक्षित रेसिडेंशियल एरिया में एक चौंकाने वाली घटना घटी है, जिसमें चोरों ने एक पुलिस जवान के घर को निशाना बनाया। इस इलाके में जिले के पुलिस प्रमुख एसपी, डीसी और जिला जज जैसे बड़े अधिकारियों के आवास भी स्थित हैं। चोरों ने एसपी कोठी से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक घर में घुसकर लाखों के गहने और नकद राशि चुराकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा कर रही है। यह घटना गढ़वा जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र के भूस्वा गांव के रहने वाले बिमलेश कुमार के घर पर हुई। बिमलेश कुमार जिला पुलिस के समाहरणालय में ड्यूटी पर तैनात हैं और वह करीब पांच महीने पहले इस घर में शिफ्ट हुए थे। घटना के दिन, बिमलेश अपने गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे और फिर रात 8 बजे ड्यूटी पर निकल गए। ड्यूटी खत्म करने के बाद जब वह रात में घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। जब उन्होंने घर में प्रवेश किया और जांच की तो उन्हें यह पता चला कि चोरों ने उनके घर से नकद, गहने और अन्य कीमती सामान चुराकर फरार हो गए थे। बिमलेश ने बताया कि चोरी में लगभग 1 लाख रुपये की नकद राशि, मंगलसूत्र, मांग टीका, पायल और करीब 2 लाख रुपये के गहने शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य सामान भी चुराए गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वे जल्द ही चोरों को पकड़ने में कामयाब होंगे।

हालांकि, इस घटना ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि यह घटना जिले के सबसे सुरक्षित इलाके में हुई है। जानकारी के मुताबिक, पिछले एक साल में इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं, और चोरों ने पुलिसकर्मियों के घरों को भी नहीं छोड़ा है। इस दौरान 2 सीआरपीएफ जवान, 1 आर्मी जवान और 7 जिला पुलिसकर्मियों के घरों में चोरी हो चुकी है। यह आंकड़ा इलाके में बढ़ती सुरक्षा चूक और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में कमी को दर्शाता है। यह घटना पुलिस प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है, खासकर तब जब चोरों ने खुद पुलिस अधिकारियों के घरों को निशाना बनाया है। पुलिस प्रशासन को अब अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही, स्थानीय निवासियों और पुलिस कर्मियों को भी अपनी सुरक्षा के प्रति और जागरूक रहने की जरूरत है। साथ ही, पुलिस विभाग को इस तरह की घटनाओं के खिलाफ कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि अपराधियों को शीघ्र पकड़ा जा सके और सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके।

## हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**निज संवाददाता | रामगढ़**

जिले की पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है, जब उन्होंने कई संगीन मामलों में वांछित अपराधी महेन्द्र ठाकुर को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। सोमवार को एसपी रामगढ़ अजय कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महेन्द्र ठाकुर, उम्र 32 वर्ष, बोकारो जिले के साड़म मड़ई टोला गोमिया का निवासी है और उसके पिता का नाम स्वर्गीय भीखु ठाकुर है। इस अपराधी पर गोमिया थाना, बोकारो में कई संगीन मामले दर्ज हैं। एसपी अजय कुमार को विशेष सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि रांची रोड स्थित इफिको कॉलोनी गेट के समीप एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूम रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को इफिको गेट के आसपास छानबीन का निर्देश दिया गया और इलाके में पुलिस बल तैनात कर छापेमारी अभियान शुरू किया गया। जैसे ही पुलिस ने इलाके में अपना अभियान शुरू किया, संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल ने तुरंत पीछा करते हुए उसे धर दबोचा। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम महेन्द्र ठाकुर बताया। उसके भागने के प्रयास पर सवाल करने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिससे पुलिस को उस पर और भी शक हुआ। संदिग्ध व्यवहार के आधार पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जिसके दौरान उसकी कमर से एक लोहे का देशी कट्टा और एक लोडेड जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान महेन्द्र ठाकुर ने बताया कि उसने यह अवैध हथियार और कारतूस पश्चिम बंगाल से खरीदा था। उसने यह भी कबूल किया कि बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, और धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर छिनतई, चोरी, और मोटरसाइकिल चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। गिरफ्तार अपराधी ने पुलिस को यह भी बताया कि पिछले आठ दिनों से वह रामगढ़ क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा था और इस कारण वह इलाके की रेकी कर रहा था।

## मुखिया पति पर मारपीट का मामला दर्ज

**पाकुड़ (नि. सं.)।** पाकुड़ जिले में एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां एक भाजपा कार्यकर्ता और पृथ्वीनगर पंचायत के मुखिया पति के बीच हुई मारपीट को लेकर पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। यह घटना भाजपा कार्यकर्ता निपेन भाष्कर और मुखिया पति सलीम शेख के बीच हुई, जो अब एक विवाद बन चुका है। जानकारी के अनुसार, यह विवाद उस समय हुआ जब निपेन भाष्कर और सलीम शेख के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच इस कहासुनी ने काफी तूल पकड़ लिया और यह विवाद मारपीट में बदल गया। मारपीट की घटना इतनी गंभीर हो गई कि दोनों के बीच शारीरिक हिंसा हुई, जिसके बाद निपेन भाष्कर ने मुफस्सिल थाना में जाकर पुलिस से शिकायत की।

## संविधान दिवस पर पलामू समाहरणालय में सामूहिक प्रस्तावना पाठ, संविधान की महत्वता पर जोर

**निज संवाददाता | मेदिनीनगर (पलामू)**



पलामू में संविधान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर समाहरणालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तरपुर भूमि उप समाहर्ता विजय केरकेट्टा व जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़ा और इसे अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। संविधान दिवस के अवसर पर विजय केरकेट्टा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इसी दिन 1949 में भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था। उन्होंने सभी कर्मचारियों को मौलिक कर्तव्यों का पालन करने की शपथ दिलाई और इस बात पर जोर दिया कि संविधान के प्रति हमारा कर्तव्य केवल कानून तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमें संविधान की मूल भावना को समझते हुए उसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। विजय केरकेट्टा ने कहा कि हमारे संविधान में सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर दिए गए हैं, और यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इस संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और श्रद्धा बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है, क्योंकि भारतीय संविधान ही देश को एकजुट रखने और समानता के अधिकारों को सुनिश्चित करने का आधार है। समाहरणालय के अलावा, पलामू जिले के अन्य प्रखंडों में भी संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में संविधान की प्रस्तावना का पाठ, संविधान के महत्व पर विचार विमर्श, और संविधान से संबंधित शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और सरकारी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संविधान दिवस के अवसर पर यह सुनिश्चित किया गया कि हर नागरिक को संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया जाए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान की शिक्षा को प्रोत्साहित करना और यह समझाना था कि संविधान ही देश के लोकतंत्र और समृद्धि का आधार है। उपायुक्त शशि रंजन ने अपने संदेश में कहा कि हमें भारतीय संविधान से प्रेरणा लेकर अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने संविधान को एक जीवंत दस्तावेज बताया जो समय-समय पर हमारे मार्गदर्शन के रूप में काम करता है। इस अवसर पर जिले भर के कई सरकारी कार्यालयों में भी संविधान के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संविधान दिवस केवल हमारे संविधान की वैधता की याद दिलाने का दिन नहीं है, बल्कि यह देश के नागरिकों के बीच एकता, समानता और समृद्धि को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है। कार्यक्रम के अंत में जिला कल्याण पदाधिकारी ने सभी से संविधान के उद्देश्य और उसके अधिकारों को समझने का आह्वान किया, ताकि हम सभी एकजुट होकर समाज में समानता और भाईचारे की भावना को फैलाने में योगदान दे सकें। इस प्रकार, पलामू जिले में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित सामूहिक प्रस्तावना पाठ और जागरूकता कार्यक्रमों ने संविधान के प्रति सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

## गव्य विकास विभाग द्वारा एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन, पशुपालन में नई तकनीकों का परिचय

**निज संवाददाता | मेदिनीनगर (पलामू)**



पलामू के नौडीहा बाजार प्रखंड के बड़ा गांव में मंगलवार को जिला गव्य विकास विभाग द्वारा एक विशेष एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को उन्नत बनाना और ग्रामीणों को पशुधन से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन बड़ा गांव के पुस्तकालय भवन में किया गया, जहाँ पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें ग्रामीणों को इस योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों के बारे में बताया गया। योजना के तहत पशुपालकों को सब्सिडी, आवश्यक चिकित्सा सुविधा, और अन्य सरकारी सहायता प्रदान की जाती है। जिला गव्य विकास अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है और उन्हें सस्ती दरों पर पशुधन संबंधित सेवाएं प्रदान करना है। सुरेश कुमार ने ग्रामीणों को इस योजना से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया और आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने का भरोसा दिलाया। इस प्रशिक्षण में कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, और पशुओं में आमतौर पर होने वाली बीमारियों के उपचार पर विशेष जोर दिया गया। प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी धर्मेंद्र बाबू ने ग्रामीणों को बताया कि किस तरह कृत्रिम गर्भाधान पशुओं की नस्ल में सुधार और उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होता है। उन्होंने टीकाकरण के महत्व को भी समझाया, जिससे पशुओं को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पशुओं का समय पर टीकाकरण करवाना बेहद जरूरी है ताकि उनकी स्वास्थ्य और उत्पादकता बनी रहे। ग्रामीणों को पशुओं की देखभाल और बीमारियों के लक्षण पहचानने के बारे में भी जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपने पशुपालन से संबंधित कई सवाल और समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। समस्याओं में आमतौर पर रोगों का निदान, सस्ती चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, और उन्नत नस्लों के लाभ पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें उपयुक्त समाधान दिए। अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का समुचित उपयोग करने से पशुपालन में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पशुपालकों को दूध उत्पादन और डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी जानकारी दी। इस प्रशिक्षण की अध्यक्षता मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने की, जिन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित किया कि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपने पशुपालन व्यवसाय को उन्नत बनाएं। उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण को आवश्यक बताते हुए सरकार की ओर से मिल रही सहायता की सराहना की। मौके पर पंचायत समिति की सदस्य रीना देवी, चंदन रजक, पंकज कुमार सिंह, छोटू रजक, अजय सिंह, विष्णुपद राम, रूबी देवी समेत अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया और प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए। इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। जिला गव्य विकास विभाग ने यह पहल की है कि गांवों में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को पशुपालन में आ रही कठिनाइयों का निराकरण हो और उन्हें आधुनिक तकनीक और सुविधाओं का लाभ मिले।

## मारपीट व गाली-गलौज का मामला दर्ज

**पाकुड़ (नि.सं.)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तारानगर गांव में मंगलवार को गाली-गलौज व मारपीट के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रहे है। थाना क्षेत्र के तारानगर गांव निवासी मो. आसमाउल शेख ने कहा कि अहले सुबह अपना सीएसपी खोलने के लिए जा रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही अफजाल शेख, असीम अकरम, हबिबुर रहमान, राशफुल शेख, बानी इसराईल ने मारपीट करने लगा। मारपीट देखकर बीच बचाव करने आयी मेरी बहन गोलेनुर बीबी के साथ भी मारपीट किया। इतना ही नहीं मेरी बहन के साथ छेड़खानी भी करने लगे।

## एसपी ने 179 पुलिस पदाधिकारियों और 428 पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से किया सम्मानित

**निज संवाददाता | रामगढ़**

पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने जिले में विधानसभा आम चुनाव के सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 179 पुलिस पदाधिकारियों और 428 पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन पुलिस कर्मियों को दिया गया है जिन्होंने चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने में अपना पूर्ण योगदान दिया। इस वर्ष हुए विधानसभा चुनावों का पहला चरण 22 बड़कागांव और दूसरा चरण 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुआ। इन दोनों चरणों के दौरान चुनाव को बिना किसी व्यवधान और असुविधा के निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ सम्पन्न कराना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती थी। कई चुनौतियों और अस्थिरता के माहौल के बावजूद, पुलिस बल ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ किया, जिससे आम जनता ने स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा पुरस्कार पाने वाले इन पुलिस कर्मियों में 179 पुलिस पदाधिकारी और 428 पुलिस कर्मी शामिल हैं। इन सभी को उनके कर्तव्यों के प्रति समर्पण, तत्परता, लगन और परिश्रम के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन पुलिस कर्मियों ने न केवल चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाया, बल्कि अपने पेशेवर दृष्टिकोण से जिले में पुलिस बल की प्रतिष्ठा को भी बढ़ावा दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में एसपी अजय कुमार ने सभी पुरस्कृत पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'आप सभी ने अपनी जिम्मेदारी को जिस लगन और मेहनत से निभाया है, उससे न केवल जिले में चुनाव संपन्न कराना संभव हुआ, बल्कि यह जिले के अन्य पुलिस कर्मियों के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत बनेगा।' उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के पुरस्कार और सम्मान पुलिस बल के मनोबल को ऊंचा उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। यह कदम पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित करता है और उन्हें अपने कार्य में और अधिक समर्पण के साथ जुटने के लिए प्रेरित करता है।

## संविधान दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**निज संवाददाता | पलामू**




संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह हमारा गौरव है और हमें इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए। हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को भारत के संविधान को मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक संक्षिप्त और व्यापक परिचय है जो संविधान के दर्शन और उद्देश्यों को रेखांकित करती है। यह भारत की एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य होने की प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो स्वतंत्रता, समानता और धर्मनिरपेक्ष शासन सुनिश्चित करता है। प्रो. राजमोहन ने कहा कि भारतीय संविधान के इतिहास में पलामू का योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने बताया कि संविधान सभा के 284 सदस्यों में से 2 सदस्य पलामू से थे। प्रो. इंदु कुमारी ने संविधान को पढ़ने और समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. अशोक अग्रवाल ने भी अपने विचार रखते हुए संविधान की सराहना की। योगेंद्र विश्वकर्मा ने संविधान को देश का गौरव बताते हुए कहा कि कुछ बिंदुओं पर संशोधन की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पंचम कुमार ने सुझाव दिया कि भारतीय संविधान को विद्यार्थियों के सिलेबस में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि हर बच्चा इसे जान सके और इसका लाभ उठा सके। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. इंदु कुमारी ने किया। इस अवसर पर राजेश रजक, विजय यादव, दीपक कुमार, मनोज पासवान, सुनिल पासवान, शंकर राम सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। एसपी अजय कुमार ने टीम की इस साहसिक कार्रवाई की सराहना की है और भविष्य में भी ऐसे अभियानों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है, ताकि जिले को अपराध मुक्त किया जा सके। अवैध हथियार और कारतूस रखने के आरोप में महेन्द्र ठाकुर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## चोरी के आरोप में दो आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**रामगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय पुलिस ने पंजाबी मुहल्ला में चोरी की घटना के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विकास नगर निवासी छोटू कुमार महतो, पिता डोमन महतो और लेप्रोसी कॉलोनी निवासी राहुल करमाली, पिता विजय करमाली के रूप में हुई है। इन दोनों युवकों को स्थानीय निवासियों ने संदेहास्पद परिस्थितियों में रात के समय पंजाबी मुहल्ला में पकड़ा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। रिपोर्ट के अनुसार, पंजाबी मुहल्ला में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही थी, जिसके कारण क्षेत्र के निवासियों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई थी। आए दिन की चोरी की घटनाओं से परेशान लोगों ने रात में विशेष रूप से चौकसी बढ़ा दी थी। इसी क्रम में जब इन दोनों युवकों को एक संदिग्ध स्थिति में देखा गया, तो निवासियों ने इन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि इन आरोपियों की गतिविधियां बेहद संदिग्ध लग रही थीं, जिससे लोगों को तुरंत संदेह हुआ और उन्होंने बिना देर किए इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया।

## उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध विदेशी शराब के लिए लाया जा रहा तीन लाख रुपये का स्प्रिट किया बरामद

**निज संवाददाता | बोकारो**

उत्पाद विभाग की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए डीसी के विशेष इंटेलिजेंस इनपुट पर धनबाद-टाटा हाईवे स्थित तेलमोचो टोल प्लाजा पर छापेमारी की। इस छापेमारी में एक मालवाहक वाहन, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच09बीएच2016 है, से करीब तीन लाख रुपये मूल्य का स्प्रिट जब्त किया गया। यह स्प्रिट सब्जी के कैरेटों के बीच छुपाया गया था, ताकि इसे आसानी से पुलिस और प्रशासन की नजरों से बचाया जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस गाड़ी में कुल 41 प्लास्टिक के जर्किन थे, जिनमें करीब 2050 लीटर स्प्रिट भरा हुआ था। स्प्रिट को सब्जी ढुलाई के आड़ में छुपाकर लाया जा रहा था, जिसका उद्देश्य अवैध विदेशी शराब निर्माण के लिए कच्चे माल के रूप में इसका इस्तेमाल करना था। यह कार्रवाई उत्पाद विभाग के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है, लेकिन इसे पूरी तरह से सफल नहीं कहा जा सकता, क्योंकि न तो वाहन का चालक पकड़ा जा सका और न ही इस गोरखधंधे में शामिल अन्य धंधेबाजों का सुराग मिल पाया है। पकड़ी गई गाड़ी का रजिस्ट्रेशन बोकारो का ही है, जो इस मामले को और भी गहराई में ले जाता है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस रजिस्ट्रेशन नंबर की जाँच के बाद इस अवैध शराब के नेटवर्क के अन्य सदस्यों का भी खुलासा किया जा सकेगा। सहायक उत्पाद आयुक्त उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में बनाई गई विशेष टीम ने चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में इस बड़ी छापेमारी को अंजाम दिया। इस छापेमारी से विभाग ने अवैध शराब के गोरखधंधे पर थोड़ी पकड़ तो जरूर बनाई है, लेकिन इस मामले में अभी और भी छानबीन की जरूरत महसूस की जा रही है। सूत्रों की मानें तो बरामद स्प्रिट पश्चिम बंगाल के कोलकाता से लाया गया था और बोकारो में इसका इस्तेमाल अवैध विदेशी शराब निर्माण में किया जाना था। पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से तीव्रता वाला स्प्रिट बोकारो जिले के कई क्षेत्रों में लाया जाता है, जहाँ इसे अवैध रूप से विदेशी शराब बनाने में प्रयोग किया जाता है। बोकारो का हरला, चिरा चास और बालीडीह थाना क्षेत्र लंबे समय से अवैध शराब निर्माण का गढ़ माना जाता है। खुफिया विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब के इस कारोबार में कई कुख्यात लोग शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में पुलिस और प्रशासन ने कई बार छापेमारी करके इन्हें जेल भेजा है, लेकिन इसके बावजूद यह लोग अपने अवैध धंधे से पीछे नहीं हट रहे हैं। यह सिंडिकेट, जिसे एक मजबूत नेटवर्क माना जा रहा है, जेल में होने के बावजूद भी इस कारोबार को संचालित करने में सक्षम है। इस कारण से जिले में अवैध विदेशी शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बोकारो जिला प्रशासन इस मामले को लेकर लगातार सतर्कता बरत रहा है, लेकिन अवैध शराब के इस जाल को खत्म करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। डीसी और सहायक उत्पाद आयुक्त उमाशंकर सिंह के निर्देश पर कई बार छापेमारी की गई है, लेकिन इस नेटवर्क का प्रभाव इतना गहरा है कि इसे जड़ से समाप्त करने में कई मुश्किलें आ रही हैं। प्रशासन द्वारा यह माना जा रहा है कि बरामद किए गए स्प्रिट की जाँच-पड़ताल के बाद अन्य मामलों की कड़ियाँ भी मिल सकती हैं। इसके अलावा, स्थानीय थानों को निर्देश दिया गया है कि वे ऐसे सभी क्षेत्रों में नजर रखें, जहाँ अवैध शराब निर्माण के ठिकानों की संभावना है। इसके साथ ही अन्य जिलों के पुलिस विभाग से भी संपर्क स्थापित किया जा रहा है, ताकि स्प्रिट की आवाजाही पर रोक लगाई जा सके और इस अवैध कारोबार का प्रभावी रूप से सामना किया जा सके। बावजूद इसके, यह देखना होगा कि कब तक इस अवैध नेटवर्क का सफाया हो सकेगा और कब तक बोकारो को इस अवैध शराब के कारोबार से निजात मिल पाएगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### क्या जलवायु संकट की जिम्मेदारी केवल विकासशील देशों पर है?

दुनिया भर में जलवायु पर मंडराते संकट का दायरा इतना व्यापक और गंभीर है कि विश्व के सभी देश चिंतित हैं और मिल-बैठ कर इसका समाधान निकालना चाहते हैं। इस मकसद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु सम्मेलन होते रहते हैं। मगर इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि दशकों से हर वर्ष आयोजित सम्मेलन में ज्यादातर देशों की हिस्सेदारी के बावजूद अब तक कोई ऐसा खाका सामने नहीं आ सका है, जिसमें जिम्मेदारियों और जवाबदेहियों के मसले पर एक न्यायपूर्ण दृष्टि अपनाई जाए और उस पर सभी देशों की सहमति बने। नतीजतन, जलवायु संकट पर आयोजित सम्मेलनों के बाद अब तक कोई ठोस प्रारूप सामने नहीं आ सका है। इस मसले की गंभीरता को समझने और स्वीकार करने के बावजूद ज्यादातर देशों के बीच मतभेद और अपनी जवाबदेही से दूर भागने की प्रवृत्ति क्यों बनी हुई है! गौरतलब है कि इस वर्ष अजरबैजान के बाकू में हुए सीओपी-29 में भी विकसित और विकासशील देशों के बीच समस्याओं की गहराई पर विचार में कोई कमी नहीं देखी गई, मगर समाधान के रास्ते और जिम्मेदारियों के स्तर पर सहमति नहीं बनी। बाकू में विकासशील देशों के लिए नए जलवायु वित्त पैकेज का मसविदा तो पेश किया गया, लेकिन उसमें प्रमुख मुद्दे बरकरार रहे। दरअसल, विकसित देश अब भी इस सवाल का जवाब देने से कतरा रहे हैं कि वे 2025 से विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हर वर्ष कितना वित्तीय सहयोग देने को तैयार हैं। विकासशील देशों ने लगातार इस पक्ष को उठाया है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती और जलवायु अनुकूलन के लिए उन्हें कम से कम तेरह खरब अमेरिकी डालर की जरूरत है। विचित्र यह है कि बाकू में पेश संशोधित मसविदे में विकसित देशों से वित्तीय सहयोग की जरूरत के पहलू को तो स्वीकार किया गया, लेकिन इस पर सहमति के मामले में कोई ठोस उपलब्धि हासिल नहीं हुई। यह समझना मुश्किल नहीं है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के उपाय लागू करने के संदर्भ में विकासशील देशों को किन जटिल स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है!

## बंटोगे तो कटोगे की आग में विपक्षी नैरेटिव खाक!

(नवीन कुमार पाण्डेय)

लोकसभा चुनावों में मिली 'मनोवैज्ञानिक जीत' के बाद आत्मविश्वास से लबरेज विपक्ष ने हरियाणा और महाराष्ट्र में भी अपनी रणनीति को दोहराने की कोशिश की, लेकिन 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नतीजा यह हुआ कि सात महीने में ही महाराष्ट्र और यूपी ने विपक्ष का साथ छोड़ दिया। हांडी काठ की ही थी। हां, यह तय हो गया। हरियाणा में हांडी की पेंदी जली थी, महाराष्ट्र में पूरी हांडी खाक हो गई। 'बंटोगे तो कटोगे' के आह्वान ने हिंदू मतदाताओं के मन में एकता की ऐसी मशाल जलाई कि बिना पेंदी की हांडी का रेसा-रेसा जल गया। विपक्ष ने लोकसभा चुनावों में खूब प्रचार किया कि बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आ गई तो संविधान और आरक्षण खतरे में आ जाएंगे। इस प्रचार का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हुआ था। यूपी में समाजवादी पार्टी (एसपी) ने इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए बीजेपी को पीछे छोड़ दिया। वहीं, महाराष्ट्र में भी बीजेपी को तगड़ा झटका लगा। वहां कांग्रेस पार्टी ने अपनी 12 सीटें बढ़ा लीं जबकि बीजेपी को 14 सीटें खोनी पड़ीं। अपने गठबंधन एनडीए के लिए 'अबकी बार 400 पार' का नारा देने वाली बीजेपी ही 240 सीटों पर सिमट गई जबकि कांग्रेस ने अपनी टैली में 52 सीटें जोड़कर 99 प्रत्याशियों को जिता लिए। इसी तरह, सपा पांच से 37 पर पहुंच गई- 700 प्रतिशत से भी ज्यादा की गेन। लोकसभा चुनावों में यूपी-महाराष्ट्र ने विपक्ष को बमबम कर दिया लोकसभा चुनाव परिणाम ने बीजेपी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को स्पष्ट बहुमत दिया, फिर भी राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी ने ऐसा प्रचार किया कि मानो बीजेपी हार गई और कांग्रेस-एसपी वाले गठबंधन ने भारी जीत दर्ज कर ली। राहुल गांधी ने यहां तक कहा कि कांग्रेस को मनोवैज्ञानिक जीत मिली है। उधर, उत्तर प्रदेश में भगवान राम की नगरी अयोध्या वाली लोकसभा सीट फैजाबाद पर बीजेपी उम्मीदवार की हार को हिंदुत्व और राष्ट्रवादी भावनाओं की हार के रूप में प्रचारित करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी गई। अखिलेश यादव ने अपने फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद को 'अयोध्या का राजा' तक बता दिया। राहुल-अखिलेश के हाथ लगा था हथियार राहुल-अखिलेश की अगुवाई में विपक्ष ने संसद की बैठकों में यही दिखाने की कोशिश की कि अब तो उसे मोदी-शाह की राजनीति को जमींदोज करने का हथियार मिल गया है। राहुल गांधी ने बतौर सांसद शपथ लेते वक्त भी संविधान की लाल किताब को लोकसभा में लहराया। दूसरी तरफ, अखिलेश यादव पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) के अटूट गठजोड़ के प्रतीक स्वरूप सांसद अवधेश प्रसाद को फ्रंट सीट पर अपने बगल में बिठाने लगे। संदेश साफ था- संविधान की रक्षा, जाति जनगणना की मांग और पीडीए की एकजुटता का आह्वान ही विपक्षी राजनीति के धुरी रहेगी। राहुल 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा देकर अपना दावा और मजबूत करने लगे कि वो मोदी सरकार से जाति जनगणना तो करवाकर रहेंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में संविधान, आरक्षण को खतरे के डर ने दलितों को बीजेपी के खिलाफ कर दिया तो राहुल को लगा कि यह प्रयोग देश के अन्य प्रदेशों में भी आगे बढ़ा तो बीजेपी की हिंदुत्ववादी राजनीति को धराशायी किया जा सकता है। एक तरफ राहुल का आत्मविश्वास बढ़ा तो दूसरी तरफ बीजेपी मनोवैज्ञानिक दबाव में आ गयी। यहां तक कि संघ ने भी जाति जनगणना को सही बता दिया बशर्ते उद्देश्य पवित्र हों। हरियाणा विधानसभा चुनाव में टूटा नैरेटिव मजबूत मनोबल के साथ विपक्ष तो मायूसी की मकड़जाल फंसी बीजेपी हरियाणा के विधानसभा चुनाव में उतरी। राहुल गांधी फिर से चुनावी रैलियों में संविधान की कॉपी लहराने लगे। इधर, बीजेपी उत्तर प्रदेश की गलतियों से सीखकर चुपके से जमीन सुधारने में लग गई। गहन जनसंपर्क अभियान छिड़ा और विपक्ष के नैरेटिव की असलियत से मतदाताओं को रू-ब-रू करवाया। तब तक बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और शेख हसीना की सरकार के खिलाफ छिड़े आंदोलन की आड़ में इस्लामी जिहाद ने हैवानियत का तांडव शुरू कर दिया। बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथी निर्दोष हिंदुओं की हत्या करने लगे, मासूम हिंदू लड़कियों का बलात्कार होने लगा, हिंदुओं के पूजा स्थल और घर जलाए जाने लगे। इसी परिदृश्य में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा की एक चुनावी रैली में कह दिया- बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे। हरियाणा की हार में बेपेंदी हो गई काठ की हांडी योगी के दिए इस मंत्र ने हिंदुओं के मन में गहरी जड़ें जमा लीं। वो बांग्लादेश में देख रहे थे कि कमजोर हिंदुओं पर अत्याचारी मुसलमान किस तरह हैवानियत की हद पार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, बीजेपी-संघ के कार्यकर्ताओं ने उन्हें यह भी समझाया कि संविधान-आरक्षण को खतरा दुष्प्रचार के सिवा कुछ नहीं है। उन्होंने मतदाताओं के सामने यह सबूत भी पेश किए कि यह कांग्रेस है जिससे दलित आरक्षण को खतरा है क्योंकि उसकी पार्टी की प्रदेश सरकारों ने दलितों-पिछड़ों के आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दिए हैं या देने के प्रयास किए हैं। फिर हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आए तो साफ हो गया कि राहुल-अखिलेश ने लोकसभा में जिन नैरेटिव्स की हांडी चढ़ाई, वो अब चुनावी परीक्षण की आंच बर्दाश्त नहीं कर पाएगी। जीत के लिए आश्वस्त कांग्रेस को हरियाणा में लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा और प्रदेश ने पहली बार किसी सरकार को लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी का आदेश सुना दिया। हरियाणा की हार में विपक्ष के नैरेटिव्स की हांडी बिना पेंदी की रह गई। लोकसभा में हारकर बीजेपी ने किए सुधार इधर, बीजेपी समझ गई कि हिंदुत्व के रास्ते पर बेहिचक, बेपरवाह और बेइंतहा विश्वास के साथ बढ़ते रहें तो लोकसभा चुनाव जैसे हादसों से बचा जा सकता है। महाराष्ट्र में योगी आदित्यनाथ फिर फ्रंट फुट पर आ गए। खास बात यह रही कि आरएसएस-बीजेपी ही नहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पीछे का मोर्चा संभाल लिया। जातियों में बंटो नहीं, एक रहो तभी वोट जिहाद का सामना कर पाओगे- हिंदुओं ने यह मूलमंत्र को गांठ बांध लिया। आज नतीजे सामने हैं- कांग्रेस 101 सीटों पर लड़कर सिर्फ 16 सीटें जीतने की ओर है जबकि उसके साथी दल शिवसेना (यूबीटी) 21 जबकि एनसीपी (एसपी) 10 सीटों तक सिमटती दिख रही है। दूसरी तरफ, बीजेपी ने 132 सीटों पर जीत की तरफ कदम बढ़ाकर बड़े-बड़े पॉलिटिकल पंडितों को हैरत में डाल दिया है। उसके साथी दलों शिवसेना और एनसीपी ने भी कमाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 55 तो उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी 41 सीटों पर जीत की ओर अग्रसर है। शिंदे और अजित के इस शानदार प्रदर्शन का मतलब ही यही है कि महाराष्ट्र में हिंदुओं ने नहीं बंटने की कसम खा ली।

> *बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथी निर्दोष हिंदुओं की हत्या करने लगे, मासूम हिंदू लड़कियों का बलात्कार होने लगा, हिंदुओं के पूजा स्थल और घर जलाए जाने लगे। इसी परिदृश्य में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा की एक चुनावी रैली में कह दिया- बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।*

## फिर घिरे अडानी...

देश के जाने माने अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिकी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने और भारत में अधिकारियों को रिश्वत देने के ताजा आरोपों ने एक बार फिर राजनीति से लेकर बाजार तक सबको हिला दिया है। हालांकि ये अभी आरोप ही हैं, जिनका अडाणी ग्रुप ने खंडन किया है। इस ग्रुप से जुड़ा पिछला विवाद अमेरिका के ही एक प्राइवेट एनालिस्ट फर्म हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर था, जिसमें इस ग्रुप पर अपने शेयरों के भाव गलत ढंग से चढ़ाने का आरोप लगाया गया था। मगर इस बार मामला किसी प्राइवेट पार्टी का नहीं बल्कि अमेरिकी नियामक सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन (एसईसी) का है। अमेरिकी अभियोजकों के मुताबिक, अडानी ग्रुप ने भारत में अपने सोलर एनर्जी प्रॉजेक्ट्स के कॉन्ट्रैक्ट्स हासिल करने के लिए अधिकारियों को करीब 2200 करोड़ रुपये की रिश्वत दी और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह किया। आरोपों की गंभीरता इस बात से भी साबित होती है कि उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। यह बात सही है कि एसईसी की जांच-पड़ताल आखिरकार कहां पहुंचेगी इस बारे में फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता और यह भी कि स्श्वष्ट के साथ विवाद में पड़ने वाली कंपनियों की सूची में सीमेंस, पेट्रोब्रास, हॉलिबर्टन और गोल्डमैन सैक्स जैसे बड़े-बड़े नाम शामिल रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि अडानी ग्रुप की आगे की राह आसान साबित होने वाली है। ताजा विवाद का पहला प्रत्यक्ष प्रभाव यह हो सकता है कि अमेरिका में निवेश जुटाना इस ग्रुप के लिए कम से कम आने वाले कुछ समय के लिए खासा मुश्किल हो जाए। अन्य देशों में भी इसके प्रॉजेक्ट्स के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इसका उदाहरण केन्या से आई वह खबर है, जिसके मुताबिक वहां की सरकार ने एसईसी के आरोपों के बाद अडानी ग्रुप से जुड़ी करीब 2.5 बिलियन डॉलर की डील कैंसल कर दी। जहां तक भारत के अंदर के सिस्टम और उसके निगरानी तंत्र की बात है तो इस विवाद ने उस पर वाजिब सवाल खड़े किए हैं। लेकिन यहां इस तरह की अनियमितताओं के आरोप नए नहीं हैं।

## हिमंत-शिवराज फेल, घुसपैठ फुस्स, चंपाई भी नहीं भर पाए रघुवर का दिया सीएनटी एक्ट का घाव

(वरुण राय)

माना जाता है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में तीन नेताओं की चली। इसमें असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल थे। भाजपा का झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा फुस्स हो गया है। शनिवार को आए 81 विधानसभा सीटों के रिजल्ट में भाजपा 21 सीटों पर सिमट गई है। जो 2019 के मुकाबले 4 सीट कम है। भाजपा की सबसे बड़ी हार एक बार फिर आदिवासी सीटों पर हुई है। 28 आदिवासी रिजर्व सीटों में से पार्टी सिर्फ एक सीट सरायकेला ही जीत पाई है। 2019 में भी पार्टी 2 सीट पर ही जीत पाई थी। हालांकि, तब एनडीए में ना आजसू थी और ना बाबूलाल मरांडी। चुनावी आंकड़े बताते हैं कि आदिवासियों का भरोसा भाजपा पर अभी तक नहीं लौट पाया है। वह अब भी रघुवर दास के सीएनटी एक्ट में बदलाव की कोशिशों को नहीं भूल पाए हैं। यह घाव चंपाई सोरेन के भाजपा में आने से भी नहीं भरा है। भाजपा की हार की 5 बड़ी वजह रही। सीएनटी एक्ट का घाव नहीं भूले आदिवासी भाजपा की आदिवासी रिजर्व सीटों पर करारी हार हई है। इसका मतलब है कि रघुवर दास के सीएनटी एक्ट (छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम) में बदलाव की कोशिशें आदिवासियों को आज भी याद है। इसकी भरपाई चंपाई सोरेन भी नहीं कर पाए हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2014 के पहले तक भाजपा आदिवासी रिजर्व सीटों पर ठीक-ठाक प्रदर्शन करती थी, लेकिन 2014 में किए गए प्रयोग से पार्टी को बड़ा धक्का लगा है। 2009 में भाजपा 28 आदिवासी रिजर्व सीटों में से 9, 2014 में 11 सीटें जीती थी। यह आंकड़ा 2019 में घटकर दो पर आ गया। और इस बार यानी 2024 में एक पर है। दरअसल, नवंबर 2016 में तात्कालीन सीएम रघुवर दास ने सीएनटी एक्ट की धारा 46 में बदलाव का प्रस्ताव पास किया था। इस बदलाव के तहत आदिवासियों की जमीन के नेचर को बदला जा सकता था। उन्होंने राज्य में उद्योग लगाने को लेकर ऐसा किया था। हालांकि, आदिवासियों के बीच मैसेज गया कि एक्ट में बिजनेसमैन को फायदा पहुंचाने के लिए संशोधन हो रहा है। इस बदलाव से बिजनेसमैन जब चाहे सरकार से सीधे जमीन ले लेगा। इसका भारी विरोध हुआ। तब रघुवर सरकार को संशोधन का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था। एक इंटरव्यू में रघुवर दास ने कहा था, 'झामुमो, कांग्रेस आदिवासियों का विकास नहीं चाहते हैं। सीएनटी एक्ट में संशोधन सरकारी योजनाओं को लेकर जमीन के लिए किया जा रहा था। संशोधन में यह बात पूरी तरह से स्पष्ट भी थी। इस संशोधन से किसी भी निजी संस्था या संस्थान को लाभ नहीं होने वाला था।' हेमंत-कल्पना का काट नहीं खोज पाई भाजपा भाजपा चुनाव प्रचार में आक्रामक तो रही, लेकिन आदिवासी चेहरे की कमी खली। बाबूलाल मरांडी को छोड़कर ऐसा कोई आदिवासी नेता नहीं रहा, जो पूरे प्रदेश में प्रचार के दौरान घूमा हो। मरांडी को फ्री हैंड तो दिया गया, लेकिन वे चुनाव लड़ने आदिवासी सीट को छोड़कर जनरल सीट पर चले गए। इसका वोटरों में गलत मैसेज गया। आदिवासी भाजपा से जुड़ाव नहीं महसूस कर पाए। भाजपा से दूसरी गलती ये हुई कि बाहरी नेता हेमंत सोरेन पर ज्यादा आक्रामक रहे। हेमंत को जेल भेजना भी आदिवासी वोटरों को नाराज कर गया। चुनाव के बीच में सेंट्रल एजेंसियों की रेड से लोगों के बीच मैसेज गया कि भाजपा जानबूझकर ऐसा कर रही है। इस चुनाव प्रचार में भाजपा को महिला नेता की कमी भी खली। कल्पना के वोटरों से सीधा जुड़ाव का काट भाजपा के पास नहीं था। घुसपैठ पर आक्रामक प्रचार घातक साबित हुआ भाजपा ने संथाल परगना के घुसपैठ के मुद्दे को पूरे राज्य का बड़ा मुद्दा बना दिया। आक्रामक तरीके से प्रचार करती रही। जहां घुसपैठ नहीं है वहां भी इसे मजबूती से उठाया गया, जिसका खामियाजा पार्टी को उठाना पड़ा। हिमंत बिस्व सरमा ने पूरे प्रचार को असम की तरह बना दिया। जबकि, सच्चाई ये है कि झारखंड के किसी इलाके का सीधा कनेक्शन विदेशी धरती (बांग्लादेश) से नहीं है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5564

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5563

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन मिलजुला रहेगा। आपकी दूरदर्शिता का असर आपके कामकाज पर हो रहा है। आजीविका के क्षेत्र में आपके अनुभव को दूसरे लोग भी भांपने लगे हैं। हो सकता है किसी राइवल फर्म से भी आपको बुलावा आ जाए और आपको नए और बेहतरीन अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आपकी तरक्की होगी और दिन लाभ से भरपूर होगा।

### वृष
आज धन लाभ होगा और आपके लिए आर्थिक मामलों में तरक्की के योग बन रहे हैं। आज के लिए जो आपकी प्लानिंग थी, वो समय से पूरी हो जाएगी और आपको धन लाभ होगा। अगरआप किसी जमीन के सौदे में कोई निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको लाभ होगा और आपको आगे चलकर इस डील में अच्छा रिटर्न मिलेगा।

### कर्क
आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। आपके घर में इस वक्त कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने वाले हैं। किसी विवाह योग्य सदस्य के लिए रिश्ते की बात आज हो सकती है। घर में आदर सत्कार का सामान तैयार होगा आपके घर में इस आयोजन पर होने वाले खर्च के बारे में भी बात चल सकती है।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आपको आर्थिक मामलों में लाभ और तरक्की हासिल होगी। आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं और कोई मित्र आपकी मदद करेगा। आपको अपने मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है। आपको किसी प्रकार के विवाद में पड़ने से बचने की सलाह है।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन आराम से बीतेगा। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है। रही बात आपके कार्यस्थल की कुछ और पैसा इनवेस्ट करने से स्थितियां नियंत्रण में आ सकती हैं और आपको बेहतर लाभ हो सकता है।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरुचि रहेगी। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। सुधार इतनी जल्दी नहीं होगा। फिर भी अपने को संतुलित करने में देर नहीं करें।

### तुला
आज दिन करियर में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा और आपको लाभ होगा। यदि आपका धन किसी योजना या सही इन्वेस्टमेन्ट पर खर्च हो रहा है तो बेहतर है वरना फिलहाल आप धन को वहीं सुरक्षित रखें जहां पर वह है। आपके लिए दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। कोई भी काम आप बिना सोचे न करें।

### वृश्चिक
आज आर्थिक मामलों में मिश्रित प्रभाव वाला रहेगा। अब आपके लिए परिस्थितियां कुछ नया मोड़ ले रही हैं। आपके सभी कार्य सफलता के साथ पूरे हो जाएंगे और आपको करियर में लाभ व तरक्की मिलने के योग हैं। यदि आप किसी करियर से संबंधित प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं आपको अपने फायदे और नुकसान के बारे में अच्छे से सोच लेना चाहिए।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय सार्थक हो सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान साबित हो सकता है और आपके लिए धन प्राप्ति के योग बने हैं। आपको चलते फिरते समय कुछ सावधानी बरतन की सलाह है। महत्वपूर्ण सामान की भी रक्षा करनी होगी, वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### कुंभ
आज दिन करियर के मामले में सामान्य होगा। काफी समय से किसी मित्र के साथ पैदा हुए तनाव आज सुलह सफाई के स्तर पर आकर खत्म हो जाएगा। इससे आपको जहां राहत मिलेगी वहां एक उपयोगी व्यक्ति के पुनः आपके जीवन में लौट आने का हर्ष भी होगा। जहां तक हो सके आप अपने स्तर पर उससे माफी भी मांग सकते हैं। कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और दिन सामान्य बीतेगा।

### धनु
आज दिन सामान्य रहेगा। आपके लिए कठोर परिश्रम करना जरूरी है। अगर कुछ विलंब भी हो रहा है तो आप परेशान न हों। आपके लिए एक दो दिन बाद हालात सुधरेंगे। इस वक्त आपके स्वास्थ्य और मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है। कुछ कर गुजरने के लिए वे सभी हुनर काफी हैं जिनकी आपको जानकारी है। रही बात फायदे की वह भी अपने समय पर ही होगा।

### मीन
आज लाभ होगा और आपका दिन सामान्य रूटीन के अनुसार चलता रहेगा। इस वक्त आपको अपने रूटीन लाइफ में बदलाव के लिए कहीं छुट्टी या पर्यटन का आयोजन करना पड़ सकता है। ऐसा करने से आपका मन काफी हल्का होगा। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे काम पूरे करने की सोचें। कार्यक्रम में परिवर्तन करना ठीक नहीं है।

### वर्ग पहेली 5564

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | █ | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | █ | 8 | | | █ | |
| | █ | 9 | | | █ | 10 | |
| 11 | 12 | █ | | █ | 13 | | |
| 14 | | 15 | █ | 16 | | | █ |
| █ | 17 | | | | █ | 18 | 19 |
| 20 | █ | | █ | 21 | 22 | █ | |
| 23 | | | | █ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. अफ्रीका का यह देश एक प्रजातंत्र राज्य है जिसे 1 जुलाई 1960 को गणराज्य घोषित किया गया (2)
3. जम्मू-कशमीर में 4054 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिंदुओं का तीर्थ स्थल (5)
7. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हो, वही, वह, उस, उसी (2)
8. सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
9. मन की कल्पना, विचार, ख्याल (3)
10. पुराणानुसार एक दैत्य का नाम जिसे श्रीकृष्ण ने अपनी बाल्यावस्था में मारा था, बगला नामक पक्षी (2)
11. फन, हुनर (2)
13. बुहारना, पोछना, चलता करना (3)
14. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
16. लहर, उमंग, तरंग, झूमने का भाव (3)
17. उत्पात, उपद्रव, खलबली (4)
18. इंसाफ, फैसला (2)
21. मध्यप्रदेश का एक प्रसिद्ध रेलवे जंक्शन, प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार की अभिनेत्री बेटी (2)
23. चप्पू (4)
24. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण यमुना नदी का एक नाम (3)

**ऊपर से नीचे**(2)
1. हमला करने का अवसर देखना (5)
2. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
3. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
4. रगड़ना, घिसना (3)
5. अत्यंत महीन कण, सूजी (2)
6. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना (4)
10. दूल्हा-दुल्हन को यह भी कहा जाता है (4)
12. तिरस्कारपूर्ण बात, भर्त्सना, धिक्कार (3)
13. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
15. शास्त्रीय संगीत में एक ताल (4)
16. छिछली गोल तथा छोटी थाली (3)
19. हरजत मूसा के धर्म का अनुयायी (3)
20. स्वयं, स्वतः, खुद (2)
22. किसी नगर या कस्बे में प्रवेश द्वार (2)

### वर्ग पहेली 5563 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त | र | प्र | दे | श | █ | वा |
| प | █ | म | जा | █ | म | द | न |
| न | █ | क | █ | द | शा | █ | र |
| य | मु | ना | █ | ल | द | ना | █ |
| न | █ | █ | लू | █ | बे | टा | █ |
| सं | ता | न | █ | सा | ग | █ | ब |
| स्का | █ | म | र | ह | म | █ | हु |
| र | ह | न | █ | स | █ | भा | त |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com





## गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौटे

**पर्थ, एजेंसी।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश अपने परिवार के पास लौट आए हैं और छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले गुलाबी गेंद के टेस्ट से पहले उनके टीम से जुड़ने की संभावना नहीं है। गंभीर कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले दो दिवसीय दिन रात के अभ्यास मैच में भी नहीं होंगे।

बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, 'वह मंगलवार की सुबह भारत के लिए रवाना हो गए। यह एक निजी इमरजेंसी थी। वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे। भारतीय टीम 27 नवंबर को कैनबरा रवाना होगा जहां पूरी टीम ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस द्वारा उनके सम्मान में दिये जाने वाले समारोह में भाग लेगी। दो दिवसीय मैच दिन रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए काफी अहम है। इसके लिये गुलाबी कूकाबूरा गेंद का इस्तेमाल होगा।

प्रधानमंत्री एकादश की कप्तानी हरफनमौला जैक एडवडर्स करेंगे। टीम में कई युवा खिलाड़ियों के साथ स्कॉट बोलैंड और मैथ्यू रेनशॉ जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मैच के नियम दोनों टीमें तय करेंगे और ऐसी उम्मीद है कि सभी को बल्लेबाजी और गेंदबाजी का मौका मिलेगा क्योकि इस मैच को आधिकारिक दर्जा हासिल नहीं है।

डेविस कपः

# सिनर ने इटली को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया



## फाइनल में नीदरलैंड को 2-0 से हराया

**मलागा (स्पेन), एजेंसी।** शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व नंबर एक यानिक सिनर की बदौलत इटली ने नीदरलैंड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार डेविस कप जीत लिया। इटली लगभग 25 वर्ष तक डेविस कप खिताब से दूर रहा, लेकिन सिनर के आते ही उसे लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ है। सिनर ने टैलन ग्रीकस्पोर को सीधे सेटों में 7-6 (2), 6-2 से हराकर इटली को विजेता बनाया।

### बेरेटिनी ने जीता पहला एकल

इससे पहले मैटियो बेरेटिनी ने राफेल नडाल को उनके अंतिम मुकाबले में हराने वाले बोटिक वान डि जेंडशुल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। सिनर ने जीत के बाद कहा, गत विजेता होकर एक बार फिर चैंपियन बनना, हमारे लिए इससे अच्छी भावना और कोई नहीं हो सकती है। पलासियो डि डिपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कारपेना में बैठे 9 हजार दो सौ दर्शकों में इटली को जबरदस्त समर्थन मिला। इटली के समर्थकों ने मेगा फोन और ड्रमों की थाप पर अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चेक गणराज्य की ओर से 2012 और 2013 में लगातार दो बार डेविस कप का खिताब जीतने के बाद इटली दो बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम है।

### पूरी टीम ने मनाया जश्न

बीते बुधवार को इटली की महिला टीम ने स्लोवाकिया को हराकर बिली जीन किंग कप का खिताब जीता था। इटली टीम के कप्तान फिलिपो वोलांद्री ने कहा- पुरुष टीम ने जीत के साथ हमें और ज्यादा गौरवान्वित किया है। सिनर का यहां डेविस कप में रिकॉर्ड 4-0 रहा। इसमें बेरेटिनी के साथ युगल में अर्जेंटीना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हासिल की गई जीत भी शामिल है। सिनर के जीतते ही बेरेटिनी और पूरी टीम कोर्ट पर आ गई और एक दूसरे गले में हाथ डालकर जश्न मनाने लगी। वोलांद्री ने सिनर को उठाकर हवा में लहरा दिया। सिनर ने ग्रीकस्पोर के खिलाफ 15 एस लगाए। एक सप्ताह पूर्व एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले सिनर पिछले 14 मैचों और 26 सेट से नहीं हारे हैं। इस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई और यूएस ओपन का खिताब भी जीता है।

## सूर्यवंशी को निखरने के लिए राजस्थान रॉयल्स में अच्छा माहौल मिलेगा: राहुल द्रविड़



**जेद्दा, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में उनकी टीम 13 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी को निखरने के लिए अच्छा माहौल दे सकती है। बिहार के समस्तीपुर जिले के आठवीं कक्षा के छात्र सूर्यवंशी को रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा और वह आईपीएल करार पाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।

द्रविड़ ने आईपीएल द्वारा जारी वीडियो में कहा, 'मुझे लगता है कि उसमें अच्छा कौशल है और हमें लगा कि उसके विकास के लिए हम अच्छा माहौल दे सकते हैं। वह हमारे ट्रायल के लिए आया था और उसे देखकर हमें बहुत खुशी हुई। नीलामी में सूर्यवंशी का बेसप्राइज 30 लाख रुपए था और दिल्ली कैपिटल्स ने पहली बोली लगाई। राजस्थान ने दिल्ली को पछाड़कर इस खिलाड़ी को खरीदा।

सूर्यवंशी ने हाल ही में चेन्नई में आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के खिलाफ भारत अंडर 19 टीम के लिये युवा टेस्ट में शतक जमाया था और वह यह श्रेय हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। सूर्यवंशी ने उस मैच में 62 गेंद में 104 रन बनाए थे। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शनिवार को बिहार के लिए टी20 क्रिकेट में पदार्पण करके छह गेंद में 13 रन बनाए। जूनियर सर्किट पर चर्चा में रहे सूर्यवंशी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कोई बड़ी पारी नहीं खेली है। उन्होंने पांच मैचों में 10 की औसत से रन बनाए हैं। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले सूर्यवंशी ने मुंबई के खिलाफ 2023-24 रणजी ट्रॉफी सत्र में पदार्पण किया जब आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी उम्र 12 वर्ष 284 दिन थी जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में बिहार के लिये वीनू मांकड़ ट्रॉफी खेलकर पांच मैचों में 400 के करीब रन बनाये थे।

# आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने वैभव सूर्यवंशी



## उम्र धोखाधड़ी के आरोपों के बाद पिता का आया बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) हमेशा से ही ऐसा मंच रहा है, जहां प्रतिभाओं को अवसर मिलते हैं। अब बिहार के 13 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में चुना। सूर्यवंशी अब कैश-रिच लीग के इतिहास में साइन किए जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी (13 वर्ष, 243 दिन) हैं। इसके बाद उनके उम्र धोखाड़ी संबंधी खबरें फैल रही हैं। इस पर सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी का बयान सामने आया है।

संजीव ने कहा, जब वह साढ़े आठ साल का था, तब उसने पहली बार बीसीसीआई के बोन टेस्ट के लिए आवेदन किया था। वह पहले ही भारत अंडर-19 खेल चुका है। हमें किसी से डर नहीं है। वह फिर से आयु परीक्षण से गुजर सकता है। समस्तीपुर के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी ने इस साल की शुरुआत में मुंबई के खिलाफ अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के बाद से अब तक पांच रणजी ट्रॉफी खेलों में भाग लिया है। उन्होंने हाल ही में 23 नवंबर को राजस्थान के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू भी किया था। इससे पहले वैभव सूर्यवंशी ने भी ट्रायल में भाग लिया था और युवा खिलाड़ी के पिता ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने की स्थिति दी थी। संजीव ने कहा, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें नागपुर में ट्रायल के लिए बुलाया था। विक्रम राठौर सर (बल्लेबाजी कोच) ने मैच की स्थिति बताई, जिसमें उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने थे। बिटुवा ने 3 चक्के मारे। ट्रायल में उन्होंने आठ छक्के और चार चौके मारे। वह सिर्फ क्रिकेट खेलना चाहता है और कुछ नहीं। कुछ साल पहले उसे डोरेमोन बहुत पसंद था, लेकिन अब नहीं। संजीव ने कहा, वो अब सिर्फ हमारा बिटुवा नहीं, पूरा बिहार का बिटुवा है। मेरे बेटे ने कड़ी मेहनत की है। 8 साल की उम्र में उसने अंडर-16 डिस्ट्रिक्ट ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं उसे क्रिकेट कोचिंग के लिए समस्तीपुर ले जाता था और फिर वापस भी ले आता था। सिर्फ निवेश ही नहीं, यह बहुत बड़ा निवेश है। आपको क्या बताया हमने तो अपनी जमीन तक बेच दिया। अभी भी हालात पूरी तरह सुधरे नहीं। वैभव सूर्यवंशी इस समय अंडर-19 एशिया कप के लिए दुबई में हैं। भारत अपना पहला मैच 30 नवंबर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड पर पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

## एडीलेड टेस्ट के लिए टीम में बदलाव नहीं करेगा ऑस्ट्रेलिया: मैकडोनाल्ड



**पर्थ, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि पहले टेस्ट में भारत के हाथों 295 रन से हारने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा हालांकि हरमनमौला मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंताएं हैं। मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनकी टीम छह दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट के लिये पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले ही एडीलेड पहुंचेंगी ताकि अतिरिक्त अभ्यास कर सके। उन्होंने कहा, 'पर्थ टेस्ट के लिए जो लोग चेंज रूम में थे, वही एडीलेड में भी होंगे। बदलाव करने पर हमेशा विचार होता है लेकिन हालात के अनुसार टीम चुनी जाती है। सितंबर में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से फिटनेस समस्या से जूझ रहे मार्श ने पहले टेस्ट में सिर्फ 17 ओवर डाले और तीन विकेट लिए। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पहले टेस्ट में उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। हमें उसकी फिटनेस पर नजर रखनी होगी।

पिछली दस टेस्ट पारियों में 13.66 की औसत से ही रन बना सके मार्नस लाबुशेन का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों के करियर के उतार-चढ़ाव पर लगातार बात होती रहती है। खराब दौर आते हैं लेकिन वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगा। हमें उसकी क्षमता पर यकीन है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी हमें जरूरत है। मैकडोनाल्ड ने करारी हार के बावजूद टीम के मजबूत मनोबल की बात की। उन्होंने कहा, 'हमें इस हार की जिम्मेदारी लेनी होगी। हम कोचों को भी। इस हार के बावजूद टीम का मनोबल ऊंचा है। हमारी रणनीति सही थी लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका।

## जिद से हासिल किया मुकाम तपकर निखरी चांदनी अंडर-19 टीम में बिखेरेंगी जलवा, पिता चलाते हैं नाई की दुकान



**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के बंगलाबाजार में एक छोटा सा सैलून चलाने वाले रामकुमार शर्मा की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। उनकी बेटी चांदनी भारत की अंडर-19 ए टीम के लिए चयनित हुई है। इस खुशी का इजहार करते हुए रामकुमार की आंखों में कुछ घटनाएं बिजली सी कौंध जाती हैं। वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, एक दिन वो था जब मैंने बेटी को क्रिकेट खेलने से मना किया था।

चांदनी को शुरू से क्रिकेट पसंद था। हाईस्कूल का आखिरी पेपर देने के बाद तो वह क्रिकेट में दाखिला दिलाने के लिए लड़ गई थी। खाना खाने से इन्कार कर दिया था। हमारे आश्वासन के बाद उसने खाना खाया। अगले दिन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में ट्रेनिंग शुरू कर दी।

**भाई ने दिलाई खेलने की परमिशन:** बातचीत में चांदनी ने कहा कि मुझे आज भी याद है जब पापा मेरे क्रिकेट खेलने के खिलाफ थे, तब बड़े भाई ने पापा से बात करके मुझे खेलने की परमिशन दिलाई।

शुरुआत गली क्रिकेट में लड़कों के साथ खेलकर की। बाद में मेरा चयन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में हो गया।

यहां प्रियंका शैली मैम के निर्देशन में खेलना शुरू किया। यजुवेंद्र चहल को अपना पसंदीदा खिलाड़ी बातते हुए चांदनी कहती हैं कि चहल की बात ही निराली है। उनको गेंदबाजी करते देखकर काफी कुछ सीखने को मिला।

**क्रिकेट के प्रति प्यार चांदनी को बहुत आगे ले जाएगा: प्रियंका शैली:** बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली चांदनी बेहतर प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। स्थानीय क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन प्रदेश की अंडर-19 क्रिकेट टीम में हो गया। पुणे में 3 से 10 दिसंबर तक होने वाली त्रिकोणीय प्रतियोगिता में इंडिया ए और इंडिया बी के अलावा दक्षिण अफ्रीका की टीम भाग लेगी।

अगर चांदनी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहती है, तो उसका चयन अगले साल श्रीलंका में जनवरी माह में होने वाले अंडर-19 विश्वकप के लिए हो सकता है।

चेसः

## विश्व चैम्पियनशिप शतरंज में डिंग लिरेन ने गुकेश को पहले मुकाबले में हराया

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बाजी के बीच में गैर जरूरी ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा जिससे चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के पहले मुकाबले में सोमवार को उन्हें हरा दिया। विश्व चैम्पियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 वर्ष के गुकेश ने शुरूआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब 'फ्रेंच डिफेंस' से दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरूआत की अपनी दिक्कत से वह उबर चुके हैं।



## जूनियर एशिया कप: श्रीजेश की अगुवाई में भारतीय हॉकी टीम थाईलैंड के खिलाफ आगाज करने के लिए तैयार



**मस्कट (ओमान), एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जूनियर एशिया कप 2024 में थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने से एक दिन से भी कम समय बचा है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है, जो 4 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस बार टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जबकि, पूल बी में पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन की टीमें हैं। भारत ने 2023, 2015, 2008 और 2004 सहित रिकॉर्ड चार बार यह टूर्नामेंट जीता है। पिछले साल फाइनल में उन्होंने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। पिछले साल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी आमिर अली और रोहित अब क्रमशः कप्तान और उप कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान के शुरूआती मैच के बाद भारत 28 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला होगा। कोरिया के खिलाफ भारत का अंतिम ग्रुप चरण मैच 1 दिसंबर को होगा।

## आईपीएल मेगा ऑक्शन

# गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कंप्लीट

## सिर्फ 21 प्लेयर ही चुने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल मेगा नीलामी में सिर्फ 21 प्लेयर ही चुने हैं। वह अन्य प्लेयरों पर इसलिए नहीं जा सकी क्योंकि उनके पास 5 लाख ही बचे थे जबकि एक प्लेयर को खरीदने का मिनिमम बेस प्राइस 30 लाख रुपए था।

कोलकाता टीम में क्विंटन डिकॉक की सरप्राइस एंट्री हुई है जबकि वेंकटेश अय्यर को भी रिकॉर्ड 23.75 करोड़ की कीमत मिली है। कोलकाता का तेज गेंदबाजी खेमा खासहोगा। इसमें हर्षित राणा के अलावा उमरान मलिक, एनरिक नोटर्जे और स्पेंसर जॉनसन होंगे। उमरान और एनरिक दोनों 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर लेते हैं। आंकड़े: कोलकाता ने 13 भारतीय तो 8 विदेशी प्लेयरों पर दांव लगाया है। उनके पास अब सिर्फ 5 ही लाख रुपए बचे हैं। ऑक्शन के दौरान उन्होंने 50.95 करोड़ रुपए लगा दिए।

**बल्लेबाज**

रिंकू सिंह: 13 करोड़ में रिटेन हुए थे। मध्यक्रम के शानदार बल्लेबाज। टीम को कई जीत दिला चुके

**अंगकृष रघुवंशी:** युवा बल्लेबाज अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में चमके। 3 करोड़ की बोली मिली।

**अजिंक्य रहाणे:** अनुभवी बल्लेबाज। ढेरों रन बना चुके। डेढ़ करोड़ की बोली लगी।

**मनीष पांडे:** अनुभवी बल्लेबाज, मध्यक्रम में अच्छे हिटर हैं। 75 लाख की बोली लगी।

**विकेटकीपर**

लवनीथ सिसोदिया: रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन रहा। 30 लाख की बोली लगी।

**क्विंटन डिकॉक:** लखनऊ से केकेआर में आए डिकॉक। सलामी बल्लेबाज। विस्फोटक पारियां खेलते हैं। 3.60 करोड़ की कीमत मिली।

**रहमानउल्लाह गुरबाज:** अफगानिस्तान के बल्लेबाज को दो करोड़ मिले। टीम को अच्छी शुरूआत देते हैं।

ऑलराऊंडर

**सुनीन नरेन:** टीम के सबसे अनुभवी प्लेयर 12 करोड़ में रिटेन हुए थे। गेंद के साथ बल्ले से भी धमाल मचाते हैं।

**आंद्रे रसेल:** पर्याप्त अनुभव। विस्फोटक बल्लेबाज। समय मिलने पर विकेट भी निकालकर देते हैं। 12 करोड़ में रिटेन हुए।

**रमनदीप सिंह:** युवा ऑलराऊंडर को 4 करोड़ में रिटेन किया गया। बल्ले से मध्यक्रम में रन बनाते हैं।

**अंकुल रॉय:** अंडर 19 विश्व कप के सितारे पर 40 लाखकी बोली लगी।

रोवमैन पॉवेल: विंडीज टीम के कप्तान पॉवेल टी20 क्रिकेट में शानदार लय में दिखते हैं। डेढ़ करोड़ की बोली लगी।

**वेंकटेश अय्यर:** आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे महंगे प्लेयर। 23.75 करोड़ की बोली लगी। पिछले साल केकेआर की खिताबी जीत में अर्धशतक लगाया था।

**मोईन अली:** इंग्लैंड के ऑलराउंडर को 2 करोड़ की बोली मिली है।

वरुण चक्रवर्ती:12 करोड़ में केकेआर ने वरुण को रिटेन किया था। पिछले सीजन में अपने गेंदों से कई बल्लेबाजों को छकाया था।

**हर्षित राणा:** युवा गेंदबाज। इस समय ऑस्ट्रेलिया में है। तेज गेंदबाजी से प्रभावित कर रहे। 4 करोड़ में रिटेन हुए हैं।

वैभव अरोड़ा: युवा गेंदबाज पर 1.80 करोड़ की बोली लगी है।

मयंक मार्कंडेय: स्पिनर को 30 लाख की बोली मिली है।

**उमरान मलिक:** कश्मीर के तेज गेंदबाज से हैदराबाद अलग हुई तो केकेआर ने 75 लाख में लपका।

**एनिरक नोर्टजे:** दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज टी 20 क्रिकेट के नामी क्रिकेटर, 6.50 करोड़ रुपए की बोली मिली।

**स्पेंसर जॉनसन:** ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर बिग बैश लीग के अच्छे गेंदबाज। 2.80 करोड़ की बोली मिली।

# संविधान दिवस : जिला जज ने दिलाई संविधान के प्रस्तावना की शपथ

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, औरंगाबाद के विधिक सेवा सदन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला जज और प्राधिकरण के अध्यक्ष राजकुमार-1 ने की, जबकि संचालन का कार्य प्राधिकरण के सचिव और न्यायधीश सुकूल राम ने किया। इस कार्यक्रम में प्रधान जिला जज ने सभी न्यायधीशों, पैनल अधिवक्ताओं और न्यायालय कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान उन्होंने कहा कि 'हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए, और उन सबों में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में तारीख 26 नवंबर 1949 ई. को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित करते हैं।

इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस समारोह में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायधीश सत्य भूषण आर्य, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) पंकज मिश्रा, धनंजय कुमार सिंह, नीतीश कुमार, धनंजय कुमार मिश्रा, सुनील कुमार सिंह, लक्ष्मी कांत मिश्रा, निशित दयाल, आनंद भूषण, उमेश प्रसाद, सौरभ सिंह, एसीजेएम फतह दिवान खां, शोभा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी निधि जयसवाल, मुसंफ शोभित सौरभ, और प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ओम प्रकाश नारायण सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित न्यायिक अधिकारी और कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और देश की एकता, अखंडता और सामाजिक न्याय की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## न्यूज बाइट्स

### संविधान दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नेहरू युवा केंद्र औरंगाबाद एवं मेरा युवा भारत के द्वारा एक निजी शिक्षण संस्थान में संविधान दिवस मनाया गया ।संविधान दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता के पश्चात पद यात्रा निकाली गई । जिसके काफी संख्या में छात्र छात्रा सामिल थे पूर्व राष्ट्रीय युवा कोर शुभम सिंह ने बताया की भारत के लिए आज का दिन काफी खास है। आज ही के दिन हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में हमारा संविधान बना जिसके बाद इसे आज तक सर्वोपरि माना जाता है। इस बात को आज 75 साल हो गए हैं। देश आज संविधान दिवस मना रहा है। भाजपा रफीगंज मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा की भारत का संविधान बनाने में दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा। जिसके बाद भारत गणराज्य का संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हो गया। लेकिन इसे आधिकारिक तौर पर 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत टॉक शो का आयोजन

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** मंगलवार को महिला एवं बाल विकास निगम एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के तत्वाधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कौशल विकास केंद्र संस्थान चतरा औरंगाबाद में टॉक शो का आयोजन किया गया। इस टॉक शो में महिला एवं किशोरियों के मुद्दे, लैंगिंक संवेदीकरण तथा महिला विकास निगम द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं यथा-महिला सशक्तिकरण के लिए जिला हब, वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत संचालित योजना जैसे पीड़ित महिलाओं को सलाह,बाल विवाह, दहेज उन्मूलन, साइबर क्राइम, नए क़ानून आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें जिला परियोजना प्रबंधक, डीएमसी, कौशल विकास संस्थान के संचालक उपस्थित थे।

### बिजली कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिला के सभी प्रखंड मुख्यालय के विद्युत कार्यालय में विद्युत आपूर्ति कर्मी काला बिल्ला लगाकर विरोध जाता रहे हैं। बिहार स्टेट प्रोग्रेसिव इलेक्ट्रिक वर्क्स यूनियन का विरोध सोमवार 25 नवंबर से शुरू हुआ था जो 30 नवंबर तक जारी रहेगा। रफीगंज विद्युत कार्यालय के मानव बल मुकेश कुमार, सुभाष कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि 25 नवंबर से 30 नवंबर तक पूरे बिहार में सभी मानव बल काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। मंगलवार को दूसरे दिन हम लोग काला बिल्ला लगाकर विरोध जाता रहे हैं। कहा कि बिहार में बिजली विभाग की कार्य एजेंसी मुक्त होनी चाहिए।

## संविधान दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर में एक भव्य आयोजन हुआ, जिसमें उप विकास आयुक्त श्री अभ्येंद्र मोहन सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। यह शपथ समारोह एक ऐतिहासिक पल बन गया, क्योंकि इसमें सभी ने संविधान की प्रस्तावना को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ पालन करने का संकल्प लिया। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान न केवल हमारे देश का मूलाधार है, बल्कि यह हमें नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराता है। उन्होंने यह भी बताया कि संविधान के प्रति हमारी जिम्मेदारी सिर्फ शपथ लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे हर दिन अपने कार्यों और आचरण में निभाना है। इस मौके पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह कसम खाई कि वे संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और जनहित के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## संविधान दिवस पर रफीगंज में निकली गयी पदयात्रा



निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज के एक निजी कोचिंग सेंटर में नेहरू युवा केंद्र एवं युवा भारत खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस को लेकर निबंध प्रतियोगिता और पद यात्रा भी निकाली गई। शुभम सिंह ने बताया कि भारत के लिए आज का दिन काफी खास है। आज ही के दिन हमारे देश ने संविधान को अपनाया था। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में हमारा संविधान बना। इसके बाद से आज तक सर्वोपरि माना जाता है। भाजपा के रफीगंज मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि भारत का संविधान बनाने में दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा था। इसके बाद भारत गणराज्य का संविधान 26 जनवरी 1949 को बनकर तैयार हो गया था लेकिन इसे आधिकारिक तौर पर 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। इस दिन हम हर साल गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर कोचिंग के संस्थापक प्रो. रणजीत कुमार यादव, एनवाईवी शुभम सिंह, संजीत कुमार सहित सैकड़ो छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में संविधान दिवस का भव्य आयोजन



एसवीवी संवाददात | औरंगाबाद

मंगलवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन के ऊपरी तल पर स्थित सेमिनार हाल में अपराह्न 2:00 बजे संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान के महत्व को समझना और इसकी मूल्यवत्ता को विद्यार्थियों के बीच बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राजनीतिक शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर संजीव रंजन ने संबोधित किया। उन्होंने अपने विचार रखते हुए भारतीय संविधान की प्रस्तावना और उद्देशिका पर गहराई से चर्चा की और बताया कि यह हमारे लोकतंत्र की नींव है। डॉ रंजन ने कहा, "हमें और हमारे विद्यार्थियों को संविधान के मूल स्वरूप को समझना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और स्वतंत्रता को निर्धारित करता है।डॉ रंजन ने यह भी बताया कि भारत का संविधान दुनिया का एकमात्र लिखित संविधान है, जिसमें समानता, न्यायप्रियता और राजनीतिक चेतना की नींव रखी गई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को चलाने के लिए एक स्थिर और सशक्त ढांचा प्रदान करता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार सिंह (विभाग बायोटेक) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने संविधान की रचना में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान को सराहा और बताया कि भारतीय संविधान को बनाने में लगभग 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन का समय लगा था।

## मद्य निषेध में बेहतर काम के लिए डीएम व एक्साइज सुपरिटेंडेंट को मिला सम्मान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



राजधानी पटना स्थित सिंचाई विभाग के अधिवेशन भवन में मंगलवार को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सदा ने नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर महत्वपूर्ण कार्यों के लिए शख्सियतों को सम्मानित किया। इस मौके पर औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान औरंगाबाद जिले में मद्य निषेध अभियान को सफल बनाने और नशा मुक्ति की दिशा में किए गए प्रभावी प्रयासों के लिए दिया गया। मंत्री रत्नेश सदा ने इस अवसर पर नशा मुक्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की सराहना की और इसे पूरे प्रदेश में एक जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मद्य निषेध अभियान को मजबूत करने के लिए सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को मिलकर काम करना होगा। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद ने जिले में मद्य निषेध कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। इन अधिकारियों ने न केवल कानून का पालन सुनिश्चित किया, बल्कि जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे के नुकसान से भी अवगत कराया। उनके प्रयासों के कारण जिले में मद्य निषेध के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं, जो राज्यभर में एक उदाहरण बन चुके हैं। श्वेता प्रियदर्शी, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि यह सम्मान औरंगाबाद के लिए गर्व की बात है। जिले के अधिकारियों के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप, नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है और इस अभियान ने स्थानीय स्तर पर सकारात्मक असर छोड़ा है। यह आयोजन बिहार सरकार के नशा मुक्ति के अभियान को और गति देने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें राज्य भर के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को नशे के खिलाफ ठोस कदम उठाने की प्रेरणा दी गई।

## नौ साल पुराने मुकदमे में जदयू और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बरी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद की अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निधि जायसवाल की अदालत ने मंगलवार को आदर्श आचार संहिता और लोक संपत्ति विरूपण अधिनियम के एक नौ साल पुराने मामले में जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह तथा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह को रिहा कर दिया।

इस संबंध में दोनों नेताओं के अधिवक्ताओं इंद्रदेव यादव और प्रेमेन्द्र मिश्र ने बताया कि 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू थी। इसी दौरान देव के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा दोनों नेताओं के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें उन पर आरोप लगाया गया था कि इन दोनों के दलों से संबंधित पोस्टर बैनर बिना अनुमति के लगाए गए थे। बाद में नौ साल चली सुनवाई के बाद अदालत ने साक्ष्य की कमी पाकर दोनों को रिहा करने का आदेश पारित किया।

## जरूरतमंदों के लिए चलंत दरिद्र नारायण भोज का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



थाना क्षेत्र के गांधीनगर, रमेश चौक, दानी बिगहा, बस स्टैंड और आसपास के इलाकों में एक भव्य और समाज सेवा का अद्वितीय आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम के तहत लावारिस दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों के बीच फूड पैकेट, ताजे फल और बिस्कुट का वितरण किया गया। यह आयोजन उन विक्षिप्तों, असहाय व्यक्तियों और दिव्यांग जनों के लिए था, जिन्हें समाज में अक्सर अनदेखा किया जाता है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, बैंगलोर से आई वीडियो एडिटर और समाजसेवी स्वरांजलि सैगम ने दानी बिगहा में विक्षिप्तों को भोजन वितरित करते हुए कहा, 'ऐसे लोगों की सेवा करना ही असली ईश्वर भक्ति है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था का यह कार्य 14 नवंबर 2012 से वाल्मीकी नगर, भारत-नेपाल सीमा पर शुरू हुआ था, जहां हर दिन सुबह और शाम लावारिस दिव्यांगों और जरूरतमंदों को घूम-घूम कर भोजन वितरित किया जाता है। स्वरांजलि सैगम ने इस बात पर जोर दिया कि समाज सेवा का यह कार्य औरंगाबाद में भी समय-समय पर जारी रहेगा। स्वरांजलि सेवा संस्थान का उद्देश्य सिर्फ भोजन वितरित करना नहीं है, बल्कि समाज में भटकते हुए मानसिक बीमारों, विक्षिप्तों और दिव्यांग जनों के प्रति आम लोगों के दिलों में प्रेम और सहानुभूति पैदा करना है। संस्था ने अब तक कई भूले-भटके लोगों को उनके परिवार से मिलवाया है। स्वरांजलि सैगम ने कहा, 'हमारे लिए यह सेवा का कार्य बहुत सुखद है और इस कार्य को करने में हमें दिल से खुशी मिलती है। मेरे पिताजी डी. आनंद ने वाल्मीकी नगर में इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी और मैं भी समाज सेवा में अपना जीवन समर्पित करना चाहती हूं।'संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने भी इस अवसर पर अपनी बात रखी और कहा, 'हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मानवता और इंसानियत शर्मसार न हो और हमें एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए।

## चार प्रखंडों में पैक्स चुनाव संपन्न, मतगणना आज

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) के प्रथम चरण में जिले के चार प्रखंडों में छिटपुट घटनाओं को छोड़ मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। पहले चरण में जिले के मदनपुर, देव, कुटुंबा एवं नबीनगर के 62 पैक्सों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे मतदान प्रक्रिया में कोई व्यवधान नहीं हुआ। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ देखी गई, जो अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। कई मतदान केंद्रों पर समय से पहले ही मतदाता वोट डालने के लिए पहुंच लाइन में खड़े थे। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पदाधिकारी मतदान केंद्रों का जायजा लेते दिखे। पूरे दिन प्रशासन की गाड़ियां दौड़ती रही। दिनभर मतदान शांतिपूर्ण चला।

मतदान की प्रक्रिया प्रातः 7 बजे से प्रारंभ हो गई थी जो शाम 3 बजे तक चली। हालांकि कई मतदान केंद्रों पर शाम 3 बजे के बाद तक मतदाता कतारों में लगे रहे। ऐसे में मतदान केंद्रों की गेट बंद करने के बाद भी मतदाताओं को वोट करवाया गया। वहीं, सभी मतदाताओं का वोट होने के बाद ईवीएम और वीवीपेट मशीनों को सील कर दिया गया। इसके बाद मतदान दल अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हुए। जहां ईवीएम और वीवीपेट मशीनों को जमा करवाया गया। मदनपुर प्रखंड के 15 पैक्सों का ईवीएम और वीवीपेट मशीनों को प्रखंड कार्यालय अंतर्गत स्वर्ण जयंती भवन हॉल में बने व्रजगृह में जमा करवाया गया। देव प्रखंड के 15 पैक्सों के ईवीएम और वीवीपेट मशीनों को राजा जगन्नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय देव में जमा करवाया गया। कुटुंबा प्रखंड के 16 पैक्सों के ईवीएम और वीवीपेट मशीनों को +2 उच्च विद्यालय चिल्हकी अंबा में जमा करवाया गया है। वहीं नवीनगर के 17 पैक्सों के ईवीएम और वीवीपेट मशीनों को उच्च विद्यालय नबीनगर पोखरा पर जमा करवाया गया। 27 नवंबर को मतों की गिनती होगी।

जिला जन संपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि देव प्रखंड में 62 प्रतिशत, मदनपुर व कुटुंबा में 58.77 प्रतिशत एवं नबीनगर में 59.16 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस पैक्स चुनाव में महीला एवं पुरुष मतदाताओं ने बढ़ चढ़ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## धर्मदेव सिंह का इब्राहिमपुर पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रचार तेज, समर्थकों में जोश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



इब्राहिमपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के लिए धर्मदेव सिंह का चुनाव प्रचार तेज हो गया है। मतदाताओं में उनके प्रति उत्साह है, और वह समाजसेवा के माध्यम से क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्हें पूर्व मुखिया बालमुकुंद यादव, रमेश सिंह और पूर्व सरपंच रामप्रवेश यादव का समर्थन प्राप्त है। इब्राहिमपुर पंचायत के इब्राहिमपुर पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए धर्मदेव सिंह का चुनाव प्रचार अभियान अब तेजी से बढ़ चुका है। उनके प्रचार में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, और वह लगातार मतदाताओं के संपर्क में बने हुए हैं। धर्मदेव सिंह समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी सक्रियता के लिए जाने जाते हैं, और उनके संपर्क में रहकर वह क्षेत्र के लोगों के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखते हैं। धर्मदेव सिंह के समर्थकों में प्रमुख नाम पूर्व मुखिया बालमुकुंद यादव, रमेश सिंह और पूर्व सरपंच रामप्रवेश यादव का है। इन नेताओं का समर्थन धर्मदेव सिंह की ताकत को और मजबूत कर रहा है। इस समय चुनावी माहौल में धर्मदेव सिंह का जनसम्पर्क अभियान लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे वह मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय को 30 नवंबर तक मिलेगा नया भवन

**कुटुम्बा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कुमार के तारांकित प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा प्रखंड स्थित महाराजगंज के राजकीय मनिकराज प्राथमिक विद्यालय परिसर में चल रहे नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय को 30 नवंबर तक नया और सुविधाजनक भवन मिल जाएगा। विधायक राजेश कुमार ने यह प्रश्न उठाया था कि कुटुम्बा के महाराजगंज स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय का संचालन वर्तमान में एक अस्थायी भवन में हो रहा है, और क्या सरकार इसे एक स्थायी भवन उपलब्ध कराएगी। इस पर शिक्षा मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि बीएसइआइडीसी द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला के परिसर में जी+2 मंजिला नया भवन निर्माण पूरा कर लिया गया है और विद्यालय को यह भवन 30 नवंबर तक हस्तगत कर दिया जाएगा।

बिहार सरकार

## पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (पशुपालन निदेशालय)

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के लिए "सूकर विकास योजना" अन्तर्गत उन्नत नस्ल के 2 मादा सूकर + 1 नर सूकर की एक ईकाई के क्रय (Insurance लागत सहित) पर प्रति लाभुक 90 प्रतिशत अनुदान की योजना के लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु विज्ञापन**

- **योजना–** वित्तीय वर्ष 2024–25 में **"सूकर विकास योजना"** के अन्तर्गत **2 मादा सूकर + 1 नर सूकर** की एक ईकाई के क्रय (Insurance लागत सहित) पर प्रति लाभुक **90 प्रतिशत अनुदान** की योजना ।
- **अनुदान–** प्रति लाभुक (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्य) को **2 मादा सूकर + 1 नर सूकर के एक इकाई के क्रय** पर **90 प्रतिशत अनुदान** दिया जाना प्रस्तावित है।
- **कार्य क्षेत्र–** योजना का कार्यान्वयन – राज्य के सभी 38 जिलों में।
- **आवेदन–** विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् 30 (तीस) दिनों के अन्दर ऑफलाईन आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति द्वारा इस योजना हेतु जिला स्तर पर जिला पशुपालन कार्यालय में ऑफलाईन आवेदन किया जायेगा। ऑफलाईन आवेदन के साथ सभी वांछित कागजातों/अनुलग्नकों को भी जमा करना होगा, जो मुख्य रूप से निम्न है:–

| | |
|---|---|
| **वांछित राशि का साक्ष्य** | पासबुक (प्रथम तथा अंतिम पृष्ठ जिसमें राशि अंकित हो), एफ0डी0, राशि से संबंधित अन्य साक्ष्य |
| **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति का साक्ष्य** | जाति प्रमाण पत्र |
| **अन्य वांछित कागजात/अनुलग्नक** | फोटो, आधार, वोटर आई0डी0, पैन, आवास प्रमाण पत्र |



- **चयन–** वित्तीय वर्ष 2024–25 की योजना एवं तत्क्रम में निर्गत किये जाने वाले प्रस्तावित कार्यान्वयन अनुदेश के आलोक में लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- **प्राथमिकताएँ–** लाभुकों का चयन **"पहले आओ, पहले पाओ"** के आधार पर किया जायेगा।
- **लक्ष्य/रिक्तियाँ–**

| क्र0 सं0 | कोटि | लक्ष्य (इकाई में) | उन्नत नस्ल के 2 मादा सूकर + 1 नर सूकर की इकाई लागत (Insurance लागत सहित) (रूपये में) | आवेदन के समय आवेदक के पास वांछित राशि (रूपये में) | अनुदान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | इकाई लागत का % | अधिकतम अनुदान (रूपयें में) |
| 1 | अनुसूचित जाति | 1590 | रूपये 21,060/– (इक्कीस हजार साठ रूपये मात्र) | 2106/- | 90 | 18954/- |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 920 | | | 90 | 18954/- |

- वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल लक्ष्य 2510 {उन्नत नस्ल के 2 मादा सूकर + 1 नर सूकर की एक ईकाई के क्रय (Insurance लागत सहित)} है जिसमें अनु0 जाति तथा अनु0 जनजाति हेतु क्रमशः 1590 एवं 920 का जिलावार लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- विभागीय स्तर से निर्धारित लक्ष्य अन्नतिम (Tentative) है।
- विशेष जानकारी संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

निदेशक, पशुपालन, बिहार।

PR No.- 013312 (Animal)D. 2024-25